@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

बुधवार, 24 दिसम्बर 2025

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 50 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## एमपी के 25 शहरों में तापमान 10 सेल्सियस से कम: यूपी में शिमला से ज्यादा सर्दी, पारा 4.5 सेल्सियस पहुंचा

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पड़ाहों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में तेज सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में सोमवार रात 25 शहरों का तापमान 10 सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री पहुंच गया। उत्तर प्रदेश में 26 जिले शिमला से ज्यादा ठंडे रहे। बाराबंकी में सोमवार रात पारा 4.5°C दर्ज हुआ। इटावा, शाहजहांपुर, कानपुर और बुलंदशहर में 7 डिग्री से कम तापमान रहा। 48 घंटे में सर्दी से 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 9 शहरों में 8वीं तक के स्कूल आज बंद किए गए हैं। उत्तराखंड के नैनीताल में कल 6°C और हिमाचल के शिमला में 11°C पारा रिकॉर्ड हुआ। जम्मू के पहाड़ी इलाकों में दो दिनों से बर्फबारी का दौर जारी है। इसके कारण रात के तापमान में गिरावट आई है। गुलमर्ग का तापमान -2.0°C रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही। इसके कारण GI एयरपोर्ट पर 270 फ्लाइट देरी से ऑपरेट हो रही हैं। 10 फ्लाइट कैंसिल की गईं, जिसमें 6 आने वाली और 4 जाने वाली फ्लाइट शामिल हैं।




**राज्यों में अगले 3 दिन के मौसम का हाल...**

24 दिसंबर: 8 राज्यों में कोहरा, 2 पहाड़ी राज्यों में तेज सर्दी

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में सुबह और रात के समय घना से बहुत घना कोहरा रहने की आशंका। विजिबिलिटी काफी कम हो सकती है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कोल्ड वेव और तेज सर्दी जारी रहने की संभावना, बर्फबारी-बारिश के आसार।।

## उन्नाव रेप केस: पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को हाईकोर्ट से मिली जमानत

● उम्रकैद की सजा पर भी रोक

एजेंसी



उन्नाव । दिल्ली हाईकोर्ट ने 2017 के उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा पर रोक लगाते हुए उसे जमानत दे दी है। हालांकि, पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में सजायाफ्ता होने के कारण कुलदीप सेंगर जेल से बाहर नहीं आ पाएगा। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने मंगलवार को अपने फैसले में कुलदीप सेंगर की सजा को उसकी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील लंबित रहने के दौरान निलंबित किया है। पेंडिंग अपील में ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है जिसमें उन्हें 17 साल की लड़की के रेप के लिए दोषी ठहराया गया था। ट्रायल कोर्ट ने उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी और 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कई शर्तें लगाई हैं। जमानत के लिए कुलदीप सेंगर को 15 लाख रुपए का मुचलका भी देना होगा। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जब तक निचली अदालत के दोषी ठहराने के खिलाफ दाखिल अपील पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक जमानत बरकरार रहेगी।

## बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

### विश्व हिंदू परिषद का 6 शहरों में प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली** । बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (VHP) देशभर में प्रदर्शन कर किया । सुबह VHP के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया। दिल्ली के अलावा VHP ने मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। बांग्लादेश में 18 दिसंबर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह एक 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं।




## कुरुक्षेत्र में अंगीठी की गैस से दम घुटने से सहारनपुर के पांच मजदूरों की मौत

● पुलिस ने होटल मालिक को बुला लिया है। साथ ही सभी पांचों मृतकों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंगीठी की गैस से दम घुटने से पांच प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। पांचों श्रमिक सोमवार रात कुरुक्षेत्र के एक होटल में पहुंचे थे और मंगलवार से यहां पेंट का काम शुरू करना था। सभी मृतक मजदूर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले थे। मंगलवार सुबह सभी मजदूर एक कमरे में मृत पाए गए। प्रारंभिक जांच में पुलिस का कहना है कि ठंड के कारण अंगीठी जलाकर सोए थे और गैस की चपेट में आने से सभी की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम को सहारनपुर से ठेकेदार नूर के साथ चार लोग पेंट करने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंचे थे। शाम को यहां पहुंचे मजदूर रात को खाना खाने के बाद होटल के एक कमरे में सो गए थे। बंद कमरे का दरवाजा जब सुबह देर तक नहीं खुला तो होटल में काम करने वाले कर्मचारियों ने उन्हें जगाने का प्रयास किया। उनके न उठने पर इसकी सूचना पुलिस और मैनेजर को दी गई। कमरे के अंदर अंगीठी जली हुई थी। प्राथमिक तौर पर इसी अंगीठी के धुएं में दम घुटने का अनुमान लगाया जा रहा है। होटल कर्मचारियों के मुताबिक, कमरे के अंदर कोयले की अंगीठी जली हुई थी। प्राथमिक तौर पर इसी अंगीठी के धुएं में दम घुटने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## ओडिशा में हथियारों के साथ 22 माओवादियों का आत्मसमर्पण

● 2 करोड़ 25 लाख का था इनाम

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** मलकानगिरी जिला पुलिस के समक्ष 22 माओवादियों ने हथियारों और विस्फोटक सामग्री के साथ आत्मसमर्पण किया। माओवादियों ने विभिन्न कैलिबर के 9 (नौ) आग्नेयास्त्र, 150 जीवित कारतूस, 9 मैगज़ीन, 20 किग्रा विस्फोटक, 13 आईईडी, जिलेटिन स्टिक, कोडेक्स वायर, माओवादी साहित्य तथा अन्य सामग्री सौंप दी। सभी ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई.बी. खुरानिया के समक्ष आत्मसमर्पण किया। जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डीजीपी वाई. बी. खुरानिया, डीआईजी कन्वर विशाल सिंह, मलकानगिरी जिलाधिकारी सोमेश उपाध्याय, एसपी बिनोद पाटिल एच सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। डीजीपी ने कहा कि हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को सरकारी नीति के अनुसार पुनर्वास और विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।

## भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुत को तलब किया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया है। उन्हें एक हफ्ते में दूसरी बार समन किया गया है। इससे पहले सुबह बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। यह एक 10 दिन में दूसरी बार था, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं।

## जन केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षा से ही संभव है विकसित भारत का निर्माण:राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

### 'नागरिक कल्याण और जन सहभागिता को केंद्र में रखकर ही सुरक्षित, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण संभव है'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा आर्थिक निवेश और विकास के प्रमुख चालकों में से एक है और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बिना 21वीं सदी की जटिल सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से नहीं निपटा जा सकता। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नागरिक कल्याण और जन सहभागिता को केंद्र में रखकर ही सुरक्षित, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण संभव है।

राष्ट्रपति मंगलवार को यहां आयोजित इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) शताब्दी एंडोमेंट व्याख्यान को 'जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षाः विकसित भारत के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी' विषय पर संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इंटेलिजेंस ब्यूरो ने देश की




आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, जनता की रक्षा करने और भारत की एकता व अखंडता को मजबूत बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने इसे देश के लिए गर्व का विषय बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह विषय वर्तमान समय के साथ-साथ भविष्य के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सरकार या सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। सतर्क और जागरूक नागरिक सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों को मजबूत समर्थन प्रदान कर सकते हैं। जब नागरिक समुदाय के रूप में संगठित होकर कार्य करते हैं, तो उनमें असाधारण समन्वय और प्रभाव उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्यों में से कई राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े हैं। छात्रों, शिक्षकों, मीडिया, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, नागरिक समाज संगठनों और अन्य सामाजिक समूहों की भूमिका इन कर्तव्यों के प्रचार-प्रसार में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जन सहभागिता राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाती है। देश में ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहां सतर्क नागरिकों द्वारा दी गई सूचनाओं से गंभीर सुरक्षा संकटों को टालने में मदद मिली। राष्ट्रीय सुरक्षा की आधुनिक अवधारणा में जनता को केंद्र में रखा जाना चाहिए। नागरिकों को केवल घटनाओं का दर्शक नहीं, बल्कि अपने आसपास और उससे आगे के क्षेत्रों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदार बनना चाहिए। 'जन भागीदारी' जन-केंद्रित सुरक्षा की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस और आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों को सेवा-भाव के साथ कार्य करना होगा। जनता का विश्वास अर्जित करना जन-केंद्रित राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की पूर्व शर्त है। विश्वास के बिना समुदाय की भागीदारी संभव नहीं है।

## जी.एस.टी. प्राप्ति में पिछले साल की तुलना में 2,467.30 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड वृद्धि: हरपाल सिंह चीमा

कौमी पत्रिका

चंडीगढ़, 23 दिसंबर। पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां घोषणा की कि प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एक बड़ी वित्तीय सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 तक प्रदेश ने जी.एस.टी. प्राप्ति में 16.03ल की वृद्धि दर्ज करते हुए 17,860.09 करोड़ रुपये प्राप्त किए, जबकि आबकारी राजस्व 7,401 करोड़ रुपये रहा। वित्त मंत्री ने इस सफलता का श्रेय विभाग की नवीनता एवं सतर्कता को देते हुए बताया कि आबकारी एवं कर विभाग ने न केवल पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं, बल्कि एकमुश्त निपटारा स्कीम-2025 एवं आधुनिक डाटा एनालिटिक्स के माध्यम से टैक्स चोरी को रोकने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने विभिन्न क्षेत्रों की कार्यप्रदर्शन की समीक्षा करते हुए बताया कि जी.एस.टी. प्राप्ति में पिछले साल की तुलना में 2,467.30 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सितंबर 2025 में जी.एस.टी. दरों में हुई बदलावों (जिनमें आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स 12ल से घटाकर 5% किया गया था) के बावजूद, विभाग की नीतियों के कारण टैक्स प्राप्ति स्थिर रही। इसके साथ ही वैट एवं सी.एस.टी. प्राप्ति 5,451.76 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल से 3.35% अधिक है। आबकारी विभाग के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि आबकारी नीति 2025-26 के तहत 11,020 करोड़ रुपये का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी राजस्व में रिकॉर्ड 16.36% की वृद्धि के साथ जहां राजस्व प्राप्ति 10,723 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी, वहीं इस साल नवंबर तक विभाग ने पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 8.64% की वृद्धि दर्ज की है। वित्त मंत्री ने बताया कि शराब की तस्करी एवं अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत इस साल 3,860 एफ.आई.आर. दर्ज की गईं तथा 3,795 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वित्त मंत्री ने आगे बताया कि एकमुश्त निपटारा स्कीम-2025 कर विभाग की एक बड़ी उपलब्धि रही है, जिसके तहत 18 दिसंबर 2025 तक 3,574 मामलों का निपटारा करके 52 करोड़ रुपये की वसूली की गई है तथा व्यापारियों को टैक्स में बड़ी राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि टैक्स इंटेलिजेंस यूनिट की मदद से 344.06 करोड़ रुपये का टैक्स एवं जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा, जी.एस.टी.आर-3बी रिटर्न न भरने वालों पर निगरानी रखकर 2,185.96 करोड़ रुपये जमा करवाए गए हैं। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने स्टेट इंटेलिजेंस एंड प्रीवेंटिव यूनिट्स (सिपू) की प्रशंसा करते हुए बताया कि अप्रैल एवं नवंबर 2025 के बीच 618.53 करोड़ रुपये के जुर्माने वसूले गए।

## केंद्रीय मंत्री नड्डा ने मप्र के धार में मेडिकल कॉलेज का किया भूमिपूजन

एजेंसी

**धार।** मध्य प्रदेश के धार जिले में 260 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मोड में बनने वाले मेडिकल



कॉलेज (चिकित्सा महाविद्यालय) का मंगलवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रिमोट का बटन दबाकर भूमि पूजन किया। इस मौके पर जिले को स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई विकास कार्यों की सौगात भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े प्रोजेक्ट से क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी। इससे लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने इसे भाजपा की जनकल्याणकारी सोच और विकास के संकल्प से जुड़ा कदम बताया। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि अगले महीने जनवरी-2026 में मध्य प्रदेश के कटनी और पन्ना जिले में दो मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर मध्य प्रदेश के धार में देश का पहले मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया गया है। यह सिर्फ एक बिल्डिंग ही नहीं होगी, बल्कि यहां से गांव-गांव में एमबीबीएस डॉक्टर पहुंचेंगे। प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज करीब 260 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इसके निर्माण से जिले के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के समग्र विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में पीपीपी मॉडल के मेडिकल कॉलेज के लिए एक रुपये में 25 एकड़ जमीन दी है। अब गंभीर बीमारियों का इलाज यहीं हो जाएगा। आदिवासी भाई-बहन यहीं डॉक्टर बनेंगे। नर्स, काम्पाउंडर, पैरामेडिकल स्टाफ तैयार होंगे।उन्होंने कहा कि विगत चार महीनों में धार को विशेष सौगातें मिलीं हैं। यहां देश का पहला पीएम मित्र पार्क स्थापित हुआ है।



### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने किया भगवान महाकाल का अभिषेक, अन्न क्षेत्र से ग्रहण की प्रसादी

**उज्जैन।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को मध्य प्रदेश के प्रवास पर हैं। वे सोमवार की रात ही उज्जैन पहुंच गए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ रात में भगवान महाकाल के दर्शन किए और शयन आरती में शामिल हुए। इसके बाद मंगलवार सुबह उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मिलकर नंदी हाल में 20 मिनट तक पूजन-अभिषेक किया और गर्भगृह में भी भगवान की पूजा-अर्चना की। गर्भगृह में दोनों ने भगवान महाकाल का अभिषेक किया।

## एसआईआर : एमपी में 42.74 लाख, छीसगढ़ में 27 लाख नाम कटे:केरल में 24 लाख नाम हटे

● पहले 7 राज्यों से 2.70 करोड़ नाम कटे थे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की SIR ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए।

इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है।

इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश- पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए थे।

इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख, बंगाल से 58 लाख और राजस्थान से 44 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं।

| राज्य | ड्राफ्ट | नाम कटे |
|---|---|---|
| प. बंगाल | 7.08 करोड़ | 58 लाख |
| तमिलनाडु | 5.43 करोड़ | 97 लाख |
| राजस्थान | 5.04 करोड़ | 44 लाख |
| गुजरात | 4.34 करोड़ | 73 लाख |
| गोवा | 10.84 लाख | 1.01 लाख |
| पुडुचेरी | 9.18 लाख | 1.03 लाख |
| लक्षद्वीप | 56,384 | 1,616 |

### लिस्ट राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी

ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ERO के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर CEO के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ERO नोटिस जारी करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा।

## अगर प्रियंका गांधी पीएम बनती हैं तो बांग्लादेश नहीं बन पाएगा भारत विरोधी अड्डा: इमरान मसूद

● इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी वाड्रा को पीएम बनाने की वकालत की।


एजेंसी

**नई दिल्ली** । बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी वाड्रा को पीएम बनाने की वकालत की। कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रियंका गांधी को पहले प्रधानमंत्री बनाइए और फिर देखिए इंदिरा गांधी की तरह वह कैसे जवाब देती हैं। हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर भारत में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा पर आरोप लगाया है कि वे गाजा के मुद्दे पर तो आवाज उठाती हैं, लेकिन बांग्लादेश में हिंदुओं की बदतर स्थिति पर चुप्पी साधे रहती हैं। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी का बचाव किया है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बांग्लादेश में पिछली बार जब हिंदुओं पर अत्याचार हुआ था, तो सबसे ज्यादा बोलने का काम प्रियंका गांधी वाड्रा ने ही किया था। प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री बनाइए, फिर देखिए वह इंदिरा गांधी की तरह कैसे जवाब देती हैं। इंदिरा गांधी ने जैसे पाकिस्तान से अलग कर बांग्लादेश को बनाया था, उसी तरह प्रियंका गांधी ऐसा इलाज करेंगी कि बांग्लादेश भारत विरोधी अड्डा नहीं बन पाएगा। जब उनसे पूछा गया कि अगर प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री बन जाएंगी तो राहुल गांधी क्या करेंगे, तो इमरान मसूद ने जवाब दिया राहुल जी भी वहीं करेंगे। वे भी तो वहीं हैं। राहुल और प्रियंका अलग-अलग नहीं हैं। एक चेहरे की दो आंखें हैं। ये इंदिरा गांधी के पोते-पोती हैं। ये आंखें हैं, इन्हें अलग-अलग नहीं देखा जाना चाहिए।



# मतदाता सूची में नाम तो निश्चिंत ना हों, अब चुनाव आयोग करेगा असली जांच

**-संतोषजनक तथ्य नहीं पेश कर पाने पर हटाए जा सकते हैं नाम**



**कोलकाता (एजेंसी)।** सिर्फ इसलिए कि आपका नाम मसौदा मतदाता सूची में आ गया है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप निश्चिंत हो जाएं। अभी भी हो सकता है कि आपका नाम अंतिम मतदाता सूची से बाहर हो जाए। चुनाव आयोग की असली जांच अब शुरू होगी, जिन भी लोगों ने गणना प्रपत्र भरा है, उनमें से करीब सभी के नाम मसौदा सूची में हैं। इनमें करीब एक करोड़ 66 लाख नामों पर चुनाव आयोग को शक है। उन लोगों के तथ्यों की बारीकी से जांच की जाएगी।

जरूरत पड़ी तो उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। संतोषजनक तथ्य नहीं पेश कर पाने पर उनके नाम हटाए जा सकते हैं। किन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा, यह तय करने के लिए आयोग की अपनी पद्धति है।

मसौदा सूची में शामिल 30 लाख से ज्यादा मतदाताओं को सुनवाई का सामना करना होगा। बाकी एक करोड़ से ज्यादा मतदाताओं में से कुछ को जरूरत पड़ने पर सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

30 लाख 59 हजार 273 मतदाता 2002 की सूची से अपना कोई लिंक नहीं दिखा पाए हैं यानी उनकी जानकारी 2002 से मैप नहीं हो पाई। इन सभी के नाम मसौदा सूची में हैं, हालांकि यह पक्का नहीं है कि वे वैध मतदाता हैं या नहीं इसलिए इन सभी को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

नो मैपिंग कैटेगरी के मतदाताओं के अलावा आयोग को एक करोड़ 36 लाख और मतदाताओं पर शक है। आयोग को उनके गणना प्रपत्रों में मिली जानकारी संदिग्ध लग रही है इसलिए, उन्हें वेरिफाई करने का फैसला किया गया है, हालांकि इन सभी को सुनवाई के लिए नहीं बुलाया जाएगा।

कुछ मामलों में मतदाताओं से उनके पिता या माता सिर्फ 15 साल बड़े हैं। कुछ मामलों में मतदाता अपने दादा या दादी से 40 साल भी छोटे नहीं हैं। कुछ मामलों में मतदाता और उसके माता-पिता के बीच उम्र का अंतर 50 साल से ज्यादा है।

कुछ जगहों पर छह से ज्यादा मतदाताओं के पिता का नाम एक ही है। संबंधित इलाके के बीएलओ उन सभी के घर जाकर इसकी जांच करेंगे। जिनकी जानकारी से संतुष्ट नहीं होंगे, उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। उन्हें बीएलओ घर-घर जाकर नोटिस देंगे। उन्हें यह भी बताया जाएगा कि उन्हें सुनवाई के लिए कब और कहां हाजिर होना है।

इसी तरह संबंधित मतदाता को जरूरी दस्तावेजों के साथ तय दिन तय जगह पर पहुंचना होगा। मतदाताओं को तीन लिस्ट में बांटा है-अपनी मैपिंग, संतान मैपिंग और नान-मैपिंग। जिनके नाम 2002 की मतदाता सूची में थे, वे अपनी मैपिंग लिस्ट में हैं। ऐसे 2 करोड़ 93 लाख 69 हजार 188 मतदाताओं की पहचान की गई है, जिनके नाम 2002 की सूची में नहीं हैं, लेकिन उनके माता-पिता या रिश्तेदारों के नाम हैं, वे प्रोजेनिटी मैपिंग लिस्ट में हैं। राज्य में ऐसे मतदाताओं की संख्या 3 करोड़ 84 लाख 55 हजार 939 है। इसके अलावा 30 लाख वोटर्स ऐसे भी हैं, जिनके नाम या उनके रिश्तेदारों के नाम 2002 की सूची में नहीं हैं। वे नान-मैपिंग वोटर्स हैं। वे सभी इस तीसरी सूची में शामिल हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री और पायलट में हुई हाथापाई, पायलट पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट द्वारा एक यात्री पर हमला करने के तीन दिन बाद, दिल्ली पुलिस को दोनों की शिकायतें मिलीं। पुलिस ने यात्री अंकित दीवान की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। अंकित दीवान ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर ऑफ-ड्यूटी पायलट ने उन पर हमला किया। अंकित दीवान ने घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीवान ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने कुछ स्टाफ सदस्यों के सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर लाइन तोड़ने पर चिंता जताई। इसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलट को सस्पेंड कर दिया है। पहले बयान जारी करते हुए एयरलाइन ने कहा कि घटना के समय पायलट ऑफ-ड्यूटी था और एक यात्री के तौर पर यात्रा कर रहा था। बयान में यह भी कहा गया है कि यह पूरी तरह से दो यात्रियों के बीच का निजी मामला था और इसका उसके प्रोफेशनल रोल या एयरलाइन से कोई लेना-देना नहीं था। एयरलाइन ने कहा कि वह अगले हफ्ते घटना के सभी पहलुओं की जांच के लिए एक आंतरिक जांच करेगी। सूत्रों ने पहले बताया था कि घटना के बाद ऑफ-ड्यूटी पायलट बाद में बेंगलुरु के लिए इंडिगो की फ्लाइट में सवार हो गया था। कैप्टन सेजवाल ने अंकित दीवान पर बहस में जाति-आधारित टिप्पणी करने और उनके परिवार की महिला सदस्यों, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है, को धमकी देने का आरोप लगाया है। सेजवाल के मुताबिक अंकित दीवान ने बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज शुरू कर दी। यह टकराव हाथापाई में बदल गया।

## चीनी वीजा घोटाला मामले में कार्ति चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की अदालत ने चीनी वीजा घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। यह मामला 2011 से जुड़ा है जब कार्ति के पिता पी. चिदंबरम गृह मंत्रालय के मंत्री थे। पंजाब के तालवंडी साबो पावर लिमिटेड नाम की कंपनी की वीडॅर के तहत 2011 में एक पावर प्रोजेक्ट चल रहा था, जिसमें चीनी कर्मचारी काम कर रहे थे। इन लोगों के लिये स्पेशल प्रोजेक्ट वीजा जारी किये गए थे। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि उन्होंने चीनी नागरिकों को भारत में काम करने के लिए वीजा दिलाने में अवैध तरीके से सहायता करने के एवज में रिश्वत ली और इससे जुड़े नियमों में अनियमितता कराई।

## लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर कोहरे के कारण टकराए कई वाहन, दो की मौत, 10 घायल

अमेठी (एजेंसी)। लखनऊ वाराणसी हाईवे पर मंगलम स्कूल के पास कोहरे के चलते हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 10 घायल हुए हैं। घने कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। यह हादसा लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग अमेठी रोड ओवरब्रिज पर चार ट्रक, एक कार व बस घने कोहरे की वजह से आपस में टकरा गई। तीन हाइड्रा, चार जेसीबी रेस्क्यू के लिए लगाई गई हैं। हादसे के बाद मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, एसडीएम, तहसीलदार पहुंच गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा रात ढाई बजे के करीब हुआ है। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस हाईवे को जल्द यातायात सुचारु करने की कोशिश कर रहा है।

## ओडिशा में 22 नक्सलियों ने सरेंडर किया

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के मलकानगिरी जिले में मंगलवार को 22 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया। इनमें एक संभागीय समिति सदस्य, छह एसीएम और 15 पार्टी सदस्य शामिल हैं। हर एक पर 5.5 लाख से लेकर 27.5 लाख तक का इनाम था। ओडिशा डीजीपी योगेश बहादुर खुराना ने बताया कि सभी नक्सलियों ने हथियारों के साथ सरेंडर किया है। मुझे उम्मीद है कि अन्य नक्सली भी सरेंडर करेंगे और मुख्यधारा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि 31 मार्च तक देश को नक्सल मुक्त करने का अभियान चल रहा है। इस कारण नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है।

## 50 भारतीय अब भी रूसी सेना में, 26 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में 202 भारतीयों ने रूसी सेना की तरफ से हिस्सा लिया, जिनमें से 119 को केंद्र सरकार के प्रयासों से वापस भारत लाया जा चुका है, वहीं 26 की मौत हो चुकी और सात लापता हैं। लगभग 50 भारतीय अब भी युद्ध क्षेत्र में फंसे हुए हैं। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सांसद साकेत गोखले और रणदीपसिंह सुरजेवाला के सवालों के जवाब में बताया कि इन नागरिकों की शीघ्र रिहाई के लिए रूस के साथ लगातार कूटनीतिक स्तर पर बातचीत जारी है। इस बीच गुजरात के युवक का वीडियो जारी हुआ, जिसमें बताया गया कि उसे ड्रग्स के मामले में झूठा फंसाकर रूसी सेना में शामिल कर लिया है।

## गुरुग्राम में एक फार्म हाउस पर हुई छापेमारी...कुल 18 गिरफ्तारियां, जिसमें 16 विदेशी नागरिक

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में नए साल के जश्न से पहले पुलिस पूरी मुस्तैदी में दिख रही है। भोंडसी स्थित एक फार्म हाउस पर हुई छापेमारी ने अवैध गतिविधियों के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। छापेमारी का विवरण एलिमेंट फार्म बी-2, बहलपा ग्रीन, भोंडसी (गुड़गांव)। छापेमारी में कुल 18 गिरफ्तारियां, जिनमें 16 विदेशी नागरिक (नाइजीरियाई) शामिल हैं। इनमें तीन युवतियां और एक महिला भी हैं। पुलिस ने 3 लाख 20 हजार रुपये कैश (जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल) बरामद किया। जबकि करीब 5 लाख रुपये की शराब (24 पेटी महंगी शराब और 16 पेटी बियर) पकड़ी। पुलिस ने आरोपियों पर कई गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। अवैध रूप से शराब परोसने और पीने के लिए, फार्म हाउस में जुआ खिलाने और खेलने के लिए केस दर्ज हुआ है। पकड़े गए विदेशी नागरिक अपने पासपोर्ट और वीजा के दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पुलिस संबंधित एंबेसी (दूतावास) को सूचित कर रही है और इन सभी विदेशी नागरिकों को डिपोर्ट (देश निकाला) करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## गंगा लिंक एक्सप्रेसवे को मिली रफ्तार, निर्माण के लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुपूरक बजट में नोएडा और आस-पास के क्षेत्रों के विकास को बड़ी सौगात दी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड गंगा लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है, जिसके लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास और बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 74 किलोमीटर लंबे नए लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण करेगी। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बुलंदशहर के स्याना से शुरू होकर यमुना सिटी में फिल्म सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। इस 74 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे का करीब 21 किलोमीटर हिस्सा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यमुना अथॉरिटी) क्षेत्र में आएगा। इसमें से लगभग 9 किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के रूप में बनाया जाएगा। इसके अलावा यमुना सिटी के सेक्टर क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय आवागमन को सुविधा मिलेगी।यमुना अथॉरिटी अपने क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अगले महीने से शुरू करेगी। इसके तहत 16 गांवों की करीब 740 एकड़ जमीन खरीदी जाएगी। जमीन अधिग्रहण के बाद एक्सप्रेसवे निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ेगा। अनुपूरक बजट में नोएडा के हेल्थ सेक्टर को भी प्राथमिकता दी गई है। चाइल्ड पीजीआई नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए भी बजट आवंटित किया गया है, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। गंगा लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, यमुना सिटी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे न केवल औद्योगिक और निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## मनरेगा के मूल उद्देश्य को कमजोर कर रहा केंद्र, किसान मजदूर संघर्ष समिति ने लगाए आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान मजदूर संघर्ष समिति (केएमएससी) के नेता सतनाम सिंह पन्नू ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को कमजोर किया जा रहा है और ग्रामीण एवं श्रमिक वर्ग के परिवारों के लिए आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मूल उद्देश्य से भटकाया जा रहा है। पन्नू ने कहा कि 2005 में शुरू होने के बाद से एमजीएनआरईजीए एक अधिकार-आधारित कार्यक्रम के रूप में कार्य करता रहा है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा किए गए हालिया परिवर्तनों ने इसकी संरचना को बदल दिया है। उन्होंने देश भर में जारी किए गए 26 करोड़ जॉब कार्डों के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला दिया, जिनमें से 12 करोड़ लाभार्थियों को लाभ मिला है। पंजाब में 20 लाख जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें से 11 लाख श्रमिकों को रोजगार मिला है।

पन्नू ने कहा कि देश भर में इस योजना के तहत लगभग 26 करोड़ जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 12 करोड़ लाभार्थियों को रोजगार मिला है। अकेले पंजाब में ही लगभग 20 लाख जॉब कार्ड जारी किए गए हैं और लगभग 11 लाख श्रमिकों को एमजीएनआरईजीए के तहत काम मिल रहा है। हालांकि, यह आरोप लगाया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने एमजीएनआरईजीए की संरचना में मौलिक रूप से बदलाव किया है और इसे एक नए रूप में पेश किया है, जिससे इसके मूल उद्देश्यों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने दावा किया कि ÷केंद्र सरकार ने ग्राम सभाओं और पंचायतों की शक्तियां छीन ली हैं, जो पहले गांवों में विकास कार्यों का निर्णय करती थीं।

## बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने में जुटी महबूबा

**-हिजाब से जोड़कर आपत्तिजनक बयान दिया**



**जम्मू (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न पर चिंता जताने के नाम पर पीडीपी अध्यक्ष और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने जिस तरह भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने और कानून-व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया हैं वहां आपत्तिजनक है। सबसे पहले सच्चाई यहां हैं कि भारत में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कोई खोखला नारा नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व है। किसी भी धर्म, जाति या समुदाय के खिलाफ अपराध होता है, तब उसके लिए कानूनी प्रक्रिया मौजूद है, एफआईआर से लेकर न्यायालय तक सबकुछ देश में मौजूद है। छिटपुट घटनाओं को लेकर पूरे देश को 'नैतिक दुविधा' में बताना, दरअसल भारत की संस्थाओं और लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

इसके उलट महबूबा का यह कहना कि भारत का नेतृत्व 'नैतिक दुविधा' में है, दरअसल राजनीतिक एजेंडे की बू देता है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के सिंदूर लगाने तक से डरने की खबरें आई हैं, इसके बाद अपेक्षा थी कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रह चुकीं महबूबा मुफ्ती कड़े शब्दों में बर्बरता की निंदा करेंगी और पीड़ितों के साथ खड़ी होंगी। लेकिन महबूबा ने राजनैतिक रोटियां सेंकते हुए भारत के भीतर हिजाब से जुड़ी बहस से जोड़ दिया। यह तुलना न सिर्फ असंगत है, बल्कि एक तरह से बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को तर्कों की आड़ में जायज ठहराने जैसा प्रतीत होती है। महबूबा को याद रखना चाहिए कि भारत में हिजाब या किसी भी धार्मिक प्रतीक को लेकर बहसें न्यायालयों और संवैधानिक दायरे में होती हैं। यहां कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई होती है, चाहे वे किसी भी धर्म से हों। इसके विपरीत, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक महिलाओं को उनकी पहचान के कारण डर में जीने पर मजबूर किया जा रहा है। दोनों स्थितियों को एक ही तराजू पर तौलना गलत है।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, बांग्लादेश से आ रही खबरें बहुत परेशान करने वाली हैं, जिसमें कहा गया है कि हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर बाहर निकलने से डरती हैं।'' महबूबा ने कहा कि अपने देश का नेतृत्व नैतिक दुविधा में है क्योंकि यहां ''अराजक तत्व मुस्लिम महिलाओं का हिजाब जबरदस्ती उतार रहे हैं। उन्होंने कहा, ''दुख की बात है कि भारतीय नेतृत्व को बांग्लादेशी अधिकारियों के सामने गंभीर मुद्दे को उठाने में एक नैतिक दुविधा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि देश में ही कुछ अराजक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरदस्ती उतारते देखे जा रहे हैं। कट्टरपंथियों से भरी इस दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और गरिमा के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा?

## राज्यसभा में और घटेगी विपक्ष की ताकत, 75 सीटों पर चुनाव, अधिकांश में एनडीए

नई दिल्ली (एजेंसी)। नए वर्ष में राज्यसभा की 75 सीटें रिक्त हो रही हैं। जिन पर चुनाव के बाद जहां सत्ता पक्ष की ताकत बढ़ेगी, वहीं विपक्ष की ताकत और घट जाएगी। वर्तमान में राज्यसभा में एनडीए की 129 सीटें हैं, जबकि विपक्षी दलों के 78 सांसद हैं। हाल ही में बिहार सहित अन्य राज्यों में एनडीए को मिली प्रचंड जीत के बाद हो रहे चुनाव में अधिकांश सीटों पर एनडीए की जीत लगभग तय है। इससे लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी एनडीए ताकतवर बनकर उभरेगी। अगले वर्ष बिहार, उत्तरप्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के साथ कई पूर्वोत्तर के राज्यों की सीटें भी खाली होने वाली हैं। इनमें से कई राज्यों में एनडीए का पलड़ा भारी है।

**इनका कार्यकाल खत्म-** अगले वर्ष 2026 में जिन दिग्गज नेताओं का कार्यकाल खत्म हो रहा है उनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, दिग्विजय सिंह, शरद पवार और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, बीएल वर्मा, रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन शामिल हैं।

## सरकार मनरेगा का नाम बदलकर नए प्रयोगों से गरीबों का हक कम कर रही: सचिन पायलट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मनरेगा का नाम बदलने का विरोध किया और कहा कि नया विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी ग्रामीण रोज़गार योजना को खत्म कर देगा। पायलट ने तर्क दिया कि नई योजना ग्रामीण रोजगार के अधिकार मनरेगा को कमजोर कर सकती है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मनरेगा जैसे स्थापित ढांचे के बजाय नए प्रयोगों से गरीबों का हक कम कर रही है।

कांग्रेस महासचिव पायलट ने केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण रोजगार कानून 'मनरेगा' का नाम बदले जाने को 'ऐतिहासिक गलती' और 'सबसे वंचित लोगों' की आजीविका के अवसरों पर एक सुनियोजित हमला करार दिया है। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी पर नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं-सोनिया गांधी और राहुल गांधी को झूठा फंसाकर लगातार 'राजनीतिक प्रतिशोध' लेने का भी आरोप लगाया।

पायलट ने कहा कि भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक गलती की है। आजादी के बाद इतिहास में पहली बार राष्ट्रपिता के नाम पर शुरू की गई किसी योजना या कार्यक्रम का नाम बदला गया है। भारत में ग्रामीण भारत की वित्तीय सुरक्षा के लिए मनरेगा नामक जो एकमात्र नेटवर्क था उसे सरकार ने पूरी तरह नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को राज्य सरकारों, हितधारकों और नागरिक संस्था से बिना किसी चर्चा के रद्द कर दिया गया है और संसद का इस्तेमाल 'बहुमत की ताकत' दिखाने और कानून को जबरदस्ती पारित कराने के लिए किया गया।

बीजेपी पर 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में फंसाकर 'राजनीतिक प्रतिशोध' लेने का आरोप लगाते हुए पायलट ने कहा कि कोर्ट ने कहा है कि वह ईडी द्वारा दायर मामले का संज्ञान नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट हो जाता है कि मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित था...हम निर्दोष साबित हुए हैं।

इसके अलावा कांग्रेस की कर्नाटक यूनिट में पावर स्ट्रगल की अटकलों को कम करते हुए पायलट ने कहा कि सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डी के शिवकुमार पूरी तालमेल से काम कर रहे हैं और पार्टी हाई कमान द्वारा लिया गया कोई भी फैसला सभी को मंजूर होगा। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए जब डिप्टी सीएम शिवकुमार उनके बगल में बैठे थे, तो पायलट ने अंदरूनी कलह की बातों को खारिज कर दिया। पायलट ने कहा कि जब राज्य कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया को अपना बड़ा भाई कहा है और सीएम कहते हैं कि वह शिवकुमार मेरे छोटे भाई हैं, तो बात वहीं खत्म हो जाती है।

## ममता का आरोप बोली- भाजपा बंगाल के डेढ़ करोड़ मतदाताओं को वोट से वंचित करना चाहती है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा डेढ़ करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने जैसा है। उन्होंने दावा किया कि बर्दवान में बाहर के राज्यों, खासकर बिहार से मोटरसाइकिलें लाई जा रही हैं और चुनाव के लिए बाहरी लोगों को लाने की कोशिश हो रही है। ममता ने कहा कि एसआईआर को लेकर सभी बीएलए को स्थानीय विधायक, पार्षद और ब्लॉक अध्यक्षों से सलाह करनी चाहिए।

बनर्जी ने कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बूथ स्तर के एजेंटों को सतर्क रहने और मतदाताओं की रक्षा करने का निर्देश दिया। ममता ने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें।

ममता बनर्जी ने एसआईआर को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए प्रशासनिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। ममता ने केंद्र से भेजे गए माइक्रो ऑब्जर्वरों की नियुक्ति पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को स्थानीय भाषा और हालात की समझ नहीं है, जिससे आम मतदाताओं को परेशानी हो रही है।मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। बनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह बिना बंगाल सरकार को जानकारी दिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर रही है और भाजपा के हित साध रही है। उन्होंने कहा कि केवल टीएमसी के कार्यकर्ता ही राज्य में भाजपा की पैठ रोक सकते हैं।

## 2025 में पीएम मोदी ने की 23 देशों की 11 विदेश यात्राएं, कोविड के बाद सर्वाधिक दौरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की अपनी चार दिवसीय महत्वपूर्ण विदेश यात्रा संपन्न कर स्वदेश लौटे हैं। इस यात्रा का सबसे प्रमुख पहलू ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करना रहा। यह दौरा न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दृष्टि से अहम था, बल्कि इसने चालू वर्ष 2025 को प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के लिहाज से एक ऐतिहासिक साल बना दिया है। उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष प्रधानमंत्री ने कुल 11 विदेश यात्राएं कीं, जिनके माध्यम से उन्होंने 23 देशों का दौरा किया और लगभग 42 दिन विदेशी धरती पर व्यतीत किए।

वर्ष 2015 के बाद यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री की वैश्विक सक्रियता इस स्तर पर देखी गई है। अगर पिछले रिकॉर्ड्स पर नजर डालें, तो 2015 में उन्होंने 13 यात्राओं के दौरान 28 देशों का दौरा किया था और 54 दिन विदेश में बिताए थे। उस वर्ष के बाद, 2025 उनके कार्यकाल का सबसे सक्रिय और व्यापक विदेश दौरों वाला वर्ष साबित हुआ है। इस साल की विदेश नीति में एक स्पष्ट रणनीतिक बदलाव भी देखने को मिला है। मई माह के बाद, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत, इन दौरों की आवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इन यात्राओं के पीछे ठोस आर्थिक और रणनीतिक कारण निहित रहे हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं, भारत के लिए इनके वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करना अनिवार्य हो गया था। प्रधानमंत्री के दौरों का एक बड़ा लक्ष्य इन संसाधनों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना रहा। इसके साथ ही, अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद, भारत को अपने निर्यात बाजार में विविधता लाने की तत्काल आवश्यकता थी। ओमान और अन्य अफ्रीकी व मध्य-पूर्वी देशों के साथ हुए समझौते इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं, ताकि भारतीय उत्पादों के लिए नए और सुरक्षित बाजार तैयार किए जा सकें।

प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में आई इस तेजी का एक अन्य कारण घरेलू राजनीतिक कैलेंडर भी रहा। वर्ष 2024 की तुलना में, जब लोकसभा चुनावों के साथ-साथ कई बड़े राज्यों में विधानसभा चुनाव थे, वर्ष 2025 में चुनावी व्यस्तताएं अपेक्षाकृत कम रहीं। केवल दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों में चुनाव होने के कारण प्रधानमंत्री को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए अधिक समय मिल सका। तुलनात्मक रूप से देखें तो उनके दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्राएं लगभग थम सी गई थीं। वर्ष 2020 में जहां कोई यात्रा नहीं हुई, वहीं 2021 और 2022 में भी वैश्विक प्रोटोकॉल के चलते सक्रियता सीमित रही। अब, सामान्य होते हालातों और बदलती वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के बीच, ये हालिया दौरे भारत को एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने की कोशिश के रूप में देखे जा रहे हैं।



# दिल्ली में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक के लिए 24 घंटे पिकेट चेकिंग, सैकड़ों की नो एंट्री

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। राजधानी में प्रदूषण की मात्रा बहुत अधिक होने के कारण ग्रेप-4 लागू हैं। सर्दियों में प्रदूषण में पीएम 10 में वाहनों का योगदान लगभग 19.7 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 25.1 प्रतिशत रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेप-4 लागू होते ही ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कदम उठाने शुरू दिए हैं। दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सभी छोटे-बड़े बॉर्डरों पर 24 पिकेट लगाकर चेकिंग शुरू कर दी है। मानकों को पूरा नहीं करने वाले या फिर प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। उन्हें वापस भेजा जा रहा है। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक डिवीजन) नीरज ठाकुर ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से पहले रोकने के लिए बॉर्डरों पर 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मानकों को पूरा नहीं करने वाले ट्रकों व वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के अलावा वापस भेजा जा रहा है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सहायता के लिए सभी 15 जिलों से जो 400 पुलिसकर्मी मिले हैं उन्हें बॉर्डरों पर तैनात किया गया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि उनकी रेंज में कुल 11 बॉर्डर हैं। उन्हें जिला पुलिस के 40 जवान मिले हैं। सभी को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ बॉर्डरों पर वाहनों की चेकिंग में लगाया गया है। यमुना पार कुल 46 बॉर्डर पड़ते हैं। शाहदरा जिले में 7 बॉर्डर हैं।

शाहदरा जिले ने 35 पुलिसकर्मी दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को दिए हैं। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि 37 प्रखर वैन भी तैनात की गई हैं। इस साल आईआईटी कानपुर द्वारा किए गए वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसों पर व्यापक अध्ययन के अनुसार सर्दियों में पीएम 10 में वाहनों का योगदान लगभग 19.7 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 25.1 प्रतिशत है और गर्मियों में पीएम 10 में लगभग 6.4 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 8.5 प्रतिशत है। इसके अलावा, वार्षिक उत्सर्जन के आधार पर, शहर में सीएच 4 उत्सर्जन में वाहनों का योगदान लगभग 18 प्रतिशत, एन2ओ उत्सर्जन में 92 प्रतिशत और सीओ 2 उत्सर्जन में 30 प्रतिशत है। अध्ययन के अनुसार, सर्दियों में पीएम 10 में निर्माण सामग्री का योगदान लगभग 3.1 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 1.5 प्रतिशत है। दिल्ली में पंजीकृत डीजल संचालित बीएच-4 और उससे नीचे के भारी माल वाहनों (एचजीवी) के चलने पर सख्त प्रतिबंध लागू है। (दिल्ली में आवश्यक वस्तुओं/आवश्यक सेवाओं को ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर) पीयूसीसी के बिना वाहनों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। एएनपीआर या अन्यथा के माध्यम से पहचाने गए सभी वाहन, जो पेट्रोल पंपों से पेट्रोल लेते समय वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना पाए जाते हैं, उनका चालान किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के बाहर पंजीकृत सभी मोटर वाहनों और बीएस-6 उत्सर्जन मानकों से नीचे के वाहनों को ग्रेप स्टेज-4 (गंभीर) के संचालन के दौरान दिल्ली में चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी, सिवाय सीएनजी या इलेक्ट्रिक पावर पर चलने वाले वाहन, सार्वजनिक परिवहन, आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों के। ग्रेप स्टेज 4 (गंभीर+) के दौरान, निर्माण सामग्री ले जाने वाले किसी भी वाहन, जिसमें रेत, समुच्चय, पत्थर, ईंटें, सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, मलबा या इसी तरह की सामग्री शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है, को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ग्रेप 4 के दौरान के दौरान निर्माण सामग्री ले जाने वाला कोई भी वाहन प्रचलित नियमों के अनुसार भारी जुर्माना/जब्त किया जाएगा। नई दिल्ली। दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सरकार की सख्ती बढ़ गई है। प्रशासन ने 24 घंटों में प्रदूषण फैलाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले 11,776 वाहनों के चालान काटे। शहर में सामूहिक अभियान चला। इसमें वाहनों की जांच, धूल नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और नियमों का सख्ती से पालन कराने की निगरानी हो रही है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि इसके कारण इस साल अभी वायु गुणवत्ता सूचकांक पिछले साल की तुलना में बेहतर है। उन्होंने बताया कि शहर में 24 घंटे में 12,164.88 मीट्रिक टन कचरा उठा। 2,068.81 किलोमीटर सड़कों को मशीनों से सफाई हुई। धूल को दबाने के लिए 1,830 छिड़काव हुआ, जबकि 5,528 किलोमीटर क्षेत्र में एंटी-स्मॉग गन का उपयोग हुआ। निर्माण स्थलों पर धूल उड़ने से रोकने के लिए 160 एंटी-स्मॉग गन तैनात हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले 24 घंटों में औसतन 30,000 मीट्रिक टन से अधिक पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान हुआ। वहीं, जनता से जुड़ी शिकायतों पर तेज कार्रवाई की गई। 311, ग्रीन दिल्ली ऐप, समीर और सोशल मीडिया से मिली 57 शिकायतों का समाधान किया गया। बिना तय मार्गों पर चल रहे 542 ट्रकों को रोका गया और शहर से बाहर लौटा दिया गया है।? राजधानी में स्थानीय कारकों के कारण अधिक प्रदूषण बढ़ रहा है। हवा की गति धीमी होने के कारण लगातार चौथे दिन भी हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई। वहीं, पूरे दिन स्मॉग की घनी चादर भी दिखाई दी। इससे लोगों को आंखों में जलन व सांस के मरीजों को परेशानी हुई। ऐसे में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 374 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में एक सूचकांक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी ओर, दिल्ली एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 410 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है।

## दिल्ली में हैवानियत: ईंट से सिर कुचलकर गोदाम में युवक की हत्या

दिल्ली। प्रेम नगर इलाके में बिल्डिंग मेटेरियल के गोदाम में रह रहे एक चालक की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। शिनाख्त 40 साल के मुकेश के रूप में हुई है। साथ ही गोदाम में रहने वाले उसके दो साथी घटना के बाद से लापता हैं। शक है कि किसी बात को लेकर विवाद होने पर दोनों मुकेश की हत्या कर फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बिहार में रहने वाले उसके परिजनों को दे दी है।


### PUBLIC NOTICE
I, Parul Sehgal D/o, Rajesh Sehgal Ex wife of Nitish Charaya R/O Tower-15, Floor-9 Flat No-904, Exotica Dream Ville, Near Gaur City, Sector 16 C, Greater Noida West, Po: Roza Yakubpur, Dist: Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201009, declare that I got divorce from my Ex-husband vide Court Decree CNR NO.RJSG 210010092024, Dated 06.06.2025. Henceforth I have changed the name of my minor Daughter namely Mehr Charaya aged 08 Years and she shall hereafter be known as Mehr Sehgal.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, Shahnawaz S/o Sheruddin R/o D-33, Near Mansoori Chowk, Shaheed Nagar, Sahibabad, Chikamberpur, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201006 declare that name of mine, my wife and my minor son has been wrongly written as Shahnwaj, Nafeesa Begum and Shadaab in my minor son Shadab aged 17 years in his 10th Class Educational Documents. The actual name of mine, my wife and my minor son are Shahnawaz, Nafeesa Begam and Shadab.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, Danish Ansari S/o Rojuddin Ansari R/o House No-D-272, Gali No-06, Malik Nagar, Loni Dehat, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102 declare that name of mine and my mother has been wrongly written as Danish and Sazida in my 10th and 12th Class Educational Documents. The actual name of mine and my mother are Danish Ansari and Sazida Ansari.

### PUBLIC NOTICE
Information is given to general public at large that our client Mr. Arun Jain s/o Late Mr. Raj Kumar Jain is the owner of Freehold Residential Built-up Property No. IX/7450, area measuring 50 Sq. Yards, i.e. 41.80 Sq. Meters, situated of Village Seelampur, Illaqa Shahdara, Delhi-110031.,by virtue of Relinquishment Deed dated 10.11.2025 as Doc. No. 2025/18/I/9843, in Book No. I, Vol. No. 5969, on pages 35-44, dated 11.11.2025 (SRO-IV-B)., now our client is declaring that Sh. Arun Jain & Sh. Dinesh Jain as the only surviving members of Mrs. Krishna Jain and no other legal heirs of Mrs. Krishna Jain., that any other Person does not have any right over the said property, and same has been finance by Utkarsh Small Finance Bank Limited. Branch: PUSAROAD, NEW DELHI. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### NAME CHANGE
I, Sultan Mohammed S/o Sherdin R/o H.No.43, Hauz Khas Village, Delhi-110016 have changed my name to Sultan.

### NAME CHANGE
I, FAHEEM S/O NASEEM AHMAD Residing at H NO-A-21 D.D.A COLONY NEW JAFRABAD DELHI 110032 have changed my name to FAHEEM AHMAD for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, MOHD FURKAN S/O MOHD FAZAL Residing at H NO-D-87/6 F/F GALI NO 1 CHAUHAN BANGER SEELAMPUR DELHI 110053 have changed my name to MOHD FURQAN for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, PARVEEN W/O NASEEM AHMAD Residing at H NO-A-21 D.D.A COLONY NEW JAFRABAD DELHI 110032 have changed my name to SHAMA PARVEEN for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, Mamta Rani W/o Mukesh Kumar R/o 207/23-A, Prakash Mohalla Garhi, East of Kailash Delhi-110065 have changed my name to Mamta Garg.

### NAME CHANGE
I, Anushaazim D/o Azimuddin R/o 1819, Gali Chabuk Sawar Lal Kuan, Delhi-110006 have changed my name to Anusha Azeem.

### NAME CHANGE
I,Vikas S/O SITA RAM, R/O HOUSE NO C-130-A, STREET NO-08, MANDOLI ROAD JAGATPURI, Nand Nagri, PO: Nand Nagri, DIST: North East Delhi, Delhi-110093, have change the name of my minor son Reyansh aged 5 years and he shall hereafter be known as Mitansh Arya.

### PUBLIC NOTICE
I, Ranjana Rai, D/O Lt. Col.Sukul Pradhan (Retd), R/O H.No. N 24-FF, Malviya Nagar, South Delhi, New Delhi-110017, declare that I have changed my name form RANZANA PRADHAN to RANJANA RAI. It is hereby notified that both names are one and the same person.

### सार्वजनिक सूचना
श्रीमती रशीदा, पत्नी श्री कालवा, से आम जनता को सूचित किया जाता है कि पंक्तिबद्ध मकान संख्या 113, क्षेत्रफल 72 वर्ग गज, शहीद नगर, ब्लॉक-ए, गांव पसौंदा, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित मकान की मालिक हैं। बिक्री विलेख दिनांक 25.08.2025 को श्री अफजल खान, पुत्र स्वर्गीय हारून द्वारा निष्पादित किया गया था और संपत्ति श्रृंखला में मूल नोटरी जीपीए दिनांक 20.01.1995 को श्रीमती खालिकुन निशा, पत्नी मोहम्मद हारून द्वारा निष्पादित किया गया था, गुम हो गया है और दिनांक एलआर संख्या: 3450849/2025 के तहत पहले ही ऑनलाइन एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। दिनांक 23.12.2025 को इस संपत्ति का वित्तपोषण शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी का उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित / स्वामित्व हे या किसी प्रकार का कोई विवाद है, तो कृपया इस सूचना के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में मुझे सूचित करें।

**Rahul Raj, Advocate,**
SGRR Associates LLP
B-01, Plot no. 20, Koushambhi near HDFC Bank, U.P.
E-MAIL: sgrrassociatesllp@gmail.com
Ph: 0120-4968888, 8130309204

### NAME CHANGE
I GOPAL BHARTI S/O KISHAN LAL R/O 10466 GALI NO-3 BAGICHI ALLAUDDIN MOTIA KHAN PAHAR GANJ SWAMI RAM TIRTH NAGAR CENTRAL DELHI 110055 HAVE CHANGED MY NAME TO GOPAL NAYAK

### NAME CHANGE
I MOHAMMAD SAAJID S/O MOHAMMAD ISLAM R/O 2534 KATRA RAJJI SHRADHANAND MARG DELHI G.P.O NORTH DELHI 110006 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMAD SAJID

### NAME CHANGE
It is for general information that I, MD KHABIR S/o MD TASLIM R/o 29-A Old No. 29, Khasra No. 29, Sahipur Village, Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi-110088, declare that name of mine has been wrongly written as MOHD KHABIR in my minor daughter namely ANGEL MAHI aged 16 years, in her 10th class Educational Documents and Birth Certificate Registration No. 10159. The actual name of mine is MD KHABIR.

### NAME CHANGE
I hitherto known as PRAMOD KUMAR S/o HARPAL, R/o 5/128, Block-5, Trilokpuri, Trilok Puri, PO: Trilok Puri, Dist: East Delhi, Delhi-110091, have changed my name and shall hereafter be known as PRAMOD, for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, KARTIK S/O ASHOK KUMAR MITTAL R/O LAXMI VILLA,PLOT NO-719, NEAR SHIV MANDIR, SECTOR-9/11, HISAR, HARYANA-125001,HAVE CHANGED MY NAME TO KARTIK MITTAL FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
It is for general information that I TOUSIF RAZA S/O GULAM HUSSAIN R/O L-1st 2429, Gali No-15, Sangam Vihar, Deoli, Pushpa Bhawan South Delhi, Delhi-110062 declare that name of my mother has been wrongly written as ZUBEDA in my all educational documents. The actual name of my mother is PARVEEN which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, NAFEES MALIK S/O YAQOOB MALIK R/O H NO. V-552, GALI NO-18-A, VIJAY PARK MAUJPUR, NORTH EAST, DELHI-110053 HAVE CHANGED MY NAME NAFIS MALIK FOR ALL FUTURE PURPOSE AND FATHER NAME MOHAMMAD YAQOOB FOR ALL FUTURE PURPOSE

### NAME CHANGE
I, LAEEQUE AHMED S/O ISHTIYAQ AHMED R/O H NO. V-700/10, GALI NO-23, NEAR TAYYABA MASJID, VIJAY PARK MAUJPUR, NORTH EAST, DELHI-110053 HAVE CHANGED MY FATHER NAME HAJI ISHTIAQUE FOR ALL FUTURE PURPOSE

### NAME CHANGE
I, KALEEM S/O RIYASAT ALI R/O H NO. C-12/383, YAMUNA VIHAR, NORTH EAST, DELHI-110053 HAVE CHANGED MY NAME KALEEM TOMER FOR ALL FUTURE PURPOSE

### NAME CHANGE
I, Vikram S/o Balwan R/o House No-B-34, Behind ISIC Hospital, Nangal Dewat, Vasant Kunj, Delhi-110070 have changed my name to Vikram Parjapat for all future purposes.

### NAME CHANGE
I FARGH AHMAD KHAN S/O SHAFIQ AHMED KHAN R/O A/61/2 BLOCK -A OKHLA ABUL FAZAL ENCLAVE-1JAMIA NAGAR DELHI-110025 HAVE CHANGE MY NAME TO FROGH AHMED KHAN FOR ALL PURPOSE

### सार्वजनिक सूचना
यह सूचित किया जाता है कि श्री अमित कुमार, पुत्र श्री जगदीश, ग्राम निजामपुर, परगना सिकंदराबाद, तहसील सिकंदराबाद, जनपद बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में स्थित खसरा संख्या 706 का भाग, 100.33 वर्ग मीटर (अर्थात् 120 वर्ग गज) क्षेत्रफल वाले एक आवासीय मकान के स्वामी हैं। उक्त संपत्ति के मूल स्वामी श्री जगदीश, श्री जगवीर, श्री भूपेन्द्र एवं श्री देवेंद्र थे, जैसा कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। तत्पश्चात श्री जगदीश ने दिनांक 10.09.2024 को निष्पादित उपहार विलेख (Gift Deed) के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी अपने पुत्र श्री अमित कुमार के पक्ष में हस्तांतरित कर दी। परिणामस्वरूप, श्री अमित कुमार वर्तमान में उपर्युक्त संपत्ति के पूर्ण एवं निर्विवाद स्वामी हैं। यह संपत्ति किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, मुकदमे, भार, बंधक, देयता या दावे से मुक्त है। कृपया यह भी ध्यान दें कि वर्तमान में यह संपत्ति आरबीएल बैंक लिमिटेड, शाखा ओखला नई दिल्ली के द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.



### NAME CHANGE
I GOPAL BHARTI S/O KISHAN LAL R/O 10466 GALI NO-3 BAGICHI ALLAUDDIN MOTIA KHAN PAHAR GANJ SWAMI RAM TIRTH NAGAR CENTRAL DELHI 110055 HAVE CHANGED MY NAME TO GOPAL NAYAK

### NAME CHANGE
I MOHAMMAD SAAJID S/O MOHAMMAD ISLAM R/O 2534 KATRA RAJJI SHRADHANAND MARG DELHI G.P.O NORTH DELHI 110006 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMAD SAJID

### NAME CHANGE
It is for general information that I, MD KHABIR S/o MD TASLIM R/o 29-A Old No. 29, Khasra No. 29, Sahipur Village, Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi-110088, declare that name of mine has been wrongly written as MOHD KHABIR in my minor daughter namely ANGEL MAHI aged 16 years, in her 10th class Educational Documents and Birth Certificate Registration No. 10159. The actual name of mine is MD KHABIR.

### NAME CHANGE
I hitherto known as PRAMOD KUMAR S/o HARPAL, R/o 5/128, Block-5, Trilokpuri, Trilok Puri, PO: Trilok Puri, Dist: East Delhi, Delhi-110091, have changed my name and shall hereafter be known as PRAMOD, for all future purposes.



### सार्वजनिक सूचना
यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती रश्मि कुमारी, पत्नी श्री शिव भारत, फ्लैट प्रा. संख्या S-03, जो द्वितीय तल (पिछला RHS / दक्षिण-पूर्वी भाग, बिना छत अधिकार) पर स्थित है, लगभग 100 वर्ग गज क्षेत्रफल का, जो सम्पत्ति संख्या छ-8, खसरा संख्या 63 से निर्मित है, डी-ब्लॉक, लक्ष्मी नगर की आबादी, गांव शकरपुर खास, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092 में स्थित है, को श्रीमती अंजू बंसल से क्रय करने की इच्छुक हैं। उक्त सम्पत्ति के मूल स्वामी श्री भीम साई टुल्ली थे, जिन्होंने यह सम्पूर्ण सम्पत्ति श्री राम चन्दर से दिनांक 08.01.1962 की विक्रय विलेख (Sale Deed) के माध्यम से क्रय की थी। तत्पश्चात, उक्त सम्पत्ति दिनांक 12.08.2004 की पंजीकृत सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (GPA), एग्रीमेंट टू सेल एवं पंजीकृत वसीयत के माध्यम से श्री विजय कुमार को स्थानांतरित की गई। इसके पश्चात, श्री विजय कुमार ने उक्त सम्पत्ति को दिनांक 12.08.2004 की पंजीकृत GPA के माध्यम से श्रीमती अंजू बंसल को स्थानांतरित किया। अतः, श्रीमती अंजू बंसल उक्त सम्पत्ति की पूर्ण एवं विधिक स्वामिनी हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त सम्पत्ति का वित्तपोषण बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, कौशांबी शाखा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### NAME CHANGE
I, Yogesh Kumar Verma S/o Ram Sharan Verma R/o Firozpur Fatehpur, Rampur Husana, Fatehpur, Uttar Pradesh - 212657, have changed my minor daughter's name from Yashi Verma aged 14 years to Aadya Verma forever

### NAME CHANGE
I Kuldeep Chauhan S/o Krishan Pal Singh R/o Village Raghunathpur, PO Raghunathpur, Hapur, Uttar Pradesh-245101, have changed my name to Rohit Tomar

### NAME CHANGE
I Mukeshchand Gairola S/o Maya Ram Gairola R/o 33 Adarsh Vihar, Kargi Road, Dehradun, PO-Dehradun G.p, Uttarakhand - 248001, have changed my name to Mukesh Chander.

### NAME CHANGE
I Ashok Kumar Vats S/O Ram Niwas, ASTHAL COLONY, 96-97, NARELA ROAD VILL, Bawana, North West Delhi, Delhi-110039 have changed my name to Ashok Vats for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Usha W/O Devender Kapoor , R/o A-27, SARASWATI GARDEN, West Delhi, Dells-110015 have changed my name to Usha Kapoor for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Sunita W/o Giriraj Prasad Rawat R/o B-561, JANTA FLAT ROHINI, AVANTIKA SEC-1, Avantika, North West Delhi, Delhi-110085 have changed my name to Sunita khandelwal for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Harshit S/o Giriraj Prasad Rawat R/o B-561, JANTA FLAT ROHINI, AVANTIKA SEC-1, Avantika, North West Delhi, Delhi-110085 have changed my name to Harshit Khandelwal for all future purposes.

### NAME CHANGE
I,SANA IQBAL W/o Shri MOHD SHARIKH R/o House No.C-14 STREET NO-7 VIJAY MOHALLA MAUJPUR SEELAMPUR, Delhi-110053, declare that in my Passport my incorrect name is mentioned as SANA and my correct name is SANA IQBAL Now onwards my correct name is SANA IQBAL W/O MOHD SHARIKH for all future purpose.

### NAME CHANGE
I,ZAMIR AHEMED S/O RASHID AHMAD R/o House No.C-14 STREET NO-7 VIJAY MOHALLA MAUJPUR SEELAMPUR, Delhi-110053, declare that in my Passport my incorrect name is mentioned as ZAMEER AHMAD and my correct name is ZAMIR AHEMED Now onwards my correct name is ZAMIR AHEMED S/O RASHID AHMAD for all future purpose.

### NAME CHANGE
I,TANSEER AHMAD S/o Shri ZAMEER AHMAD R/o House No.E-435 STREET NO-4 SUBHASH VIHAR NORTH GHONDA NORTH EAST DELHI 110053 , declare that in my incorrect name is mentioned as JANSEER AHMAD and my correct name is TANSEER AHMAD Now onwards my correct name is TANSEER AHMAD S/O ZAMEER AHMAD for all future purpose.

### PUBLIC NOTICE
Information is given to general public at large that our client Mrs. Shahida Zaidi C/o Mohammad Mehdi is the owner of Freehold Residential Flat No. F-104/S-2, on Second Floor, Rear Side Portion, with common rights, covered area 625 Sq. Ft., i.e., 58.06 Sq. Meters and super area 850 Sq. Ft., Built on Plot No. F-104, out of Khasra No. 1076/5/2/609, Situated at Village Jhilmil Tahirpur, Illaqa Shahdara, Delhi, in the abadi of Dilshad Extension No. 1, now known as F-Block, Dilshad Colony, Delhi-95. by virtue of Sale Deed dated 15.03.2023 as duly regd. on SR-IVA, Shahdara, as Doc. No. 1855, in Book No. 1, Vol. No. 4517, Page No. 103-114, dated 15.03.2023, in the chain documents below mentioned documents not available i.e. Surviving Member Certificate of Late Mr. Pran Nath Bhat now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Mr. Faraz Hussain and same has been finance by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: Gurgaon, Haryana. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### NAME CHANGE
I Kamal S/O Jot Ram Khatana R/O RZ-20B/4, Gali No-01, Main Sagarpur New delhi 110046 changed my name to Kamal Khatana

### NAME CHANGE
I Jot Ram S/O Shiv Lal R/O RZ-20B/4, Gali No-01, Main Sagarpur New delhi 110046 changed my name to Jot Ram Khatana

### NAME CHANGE
I, Suleman Ansari S/o Mohd Yusuf R/o B-45, Near Jama Masjid, New Seelampur, Delhi-110053, I have changed my name to Mohd Suleman for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Naveen S/O Rajpal R/o Village Ramgarh ki Dhani sec 67 Darbaripur 162 gurgaon 122101 have changed my name to Naveen Tanwar for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Giriraj Prasad S/o Radhey Shyam, R/o B-561, JANTA FLAT ROHINI, AVANTIKA SEC-1, Avantika, North West Delhi, Delhi-110085 have changed my name to Giriraj Prasad Rawat for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Devender S/O Sant Lal, R/o Bhatgaon Dogran (197), PO:Bhatgaon, DIST: Sonipat, Haryana, 131022 have changed my name to Devender Kumar for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Farokh Hasan S/O Latif Khan, TH-3 SANT RAVI DASS SHKUR PUR, SHAKUR BASTI, DIST: North West Delhi, Delhi-110034 have changed my name to Mohammad Farooq for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Davinder Kapoor S/o Madan Lal Kapoor R/o A-27, SARASWATI GARDEN, West Delhi, Dells-110015 have changed my name to Devender Kapoor for all future purposes.

**NOTICE FOR PUBLICATION**
DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL- DELHI
Apartment No. 318 IIIrd Floor, Hotel Samrat, Kautilya Marg, Chanakyapuri, New Delhi-110021.

Appeal No. 320/2018
In S.A No.133/2018
(DRT- III, Chandigarh)

Dharmender Saini & Anr. ....Appellant/s
Vs
Corporation Bank & Ors. ...Respondent/s

**Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Sh. Rajiv Saini S/o Sh. VP Saini R/o Flat No. 42/9 Primierose Vatika City, Sohana Road Gurugram, Haryana | Respondent No. 2 |
| 2. | Ms. Anshu Saini Wife of Sh. Rajiv Saini S/o Sh. VP Saini R/o Flat No. 42/9 Primierose Vatika City, Sohana Road Gurugram, Haryana | Respondent No. 3 |

Whereas the notice that an appeal from the order passed by the Presiding Officer of D.R.T. in the above case has been presented by the appellant on **13.07.2018** and is registered in the Tribunal. The matter was listed before this Tribunal on **02.12.2025.**
Whereas it has been shown to the satisfaction of the Tribunal that it is not possible to serve you in the ordinary way, Therefore, this notice is given by advertisement directing you to make appearance in this Tribunal on **29.01.2026.**
Whereas take notice that in default of your appearance on the day mentioned above, the case will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the Seal of the Tribunal, this 11th day of December, 2025.

BY ORDER OF THE TRIBUNAL
Section Officer
DRAT Delhi

### PUBLIC NOTICE
Information is given to general public at large that our client Mr. Rustam S/o Mr. Mehmood is the owner of Freehold Residential Vacant Plot, area measuring 138 sq. yds. i.e., 115.36 Sq. Mtrs., Out of khasra No. 504, Situated at Village Jalpura, Pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. by virtue of Sale Deed dated 21.07.2025 Vide Doc. No. 38422, Vol. No. 32068, Book No. 1, Page No. 147-166, SRO- Dadri., in the chain documents below mentioned documents not available i.e. Original Sale Deed dated 29.01.2014 executed by Mr. Hazi Atiqur Rehman in favour of Mr. Shahzad Akhtar Ansari Vide Doc. No. 2021, Vol. No. 6471, Book No. 1, Page No. 1-20, SRO- Dadri., now our client is declaring that that any other person does not have any right over the said property, and same property Sold too be Mohd. Salauddin & Mrs. Bilkish Khatun and same has been financed by SMFG India Home Finance Company Limited Branch: Moti Nagar New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### NAME CHANGE
I, ASHOK MITTAL S/O MANOHAR LAL MITTAL R/O LAXMI VILLA, PLOT NO-719, NEAR SHIV MANDIR, SECTOR-9/11, HISAR, HARYANA-125001 HAVE CHANGED MY NAME TO ASHOK KUMAR MITTAL FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I hitherto Known as TWINKLE alias TEENA D/o BABU RAM W/o RAKESH VERMA R/o 646, Hastsal Village, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi - 110059 have changed my name and shall hereafter be known as TEENA.

### NAME CHANGE
I hitherto known as SHAUKIN alias SHOKEEN SAIFI S/O ALI HASAN R/O M-100/A, Gali No. 5, Abdul Fazal Enclave, Shane Ilahi Masjid, Jamia Nagar, Okhla, New Friends Colony, South Delhi, Delhi - 110025 have changed my name and shall hereafter be known as SHOKEEN SAIFI.

### सार्वजनिक सूचना
श्रीमती लक्ष्मी मल्होत्रा, पहली मंजिल (दाहिने तरफ का हिस्सा) की छत के अधिकारों के बिना पूरी मालिक हैं। यह प्रॉपर्टी नंबर 278-C पर बनी है, जिसका एरिया 50 वर्ग गज और 4 वर्ग गज = 54 वर्ग गज है, और प्रॉपर्टी नंबर 278 और 287-C, गली नंबर 4, जिसका एरिया 108 वर्ग गज है, जो खसरा नंबर 600/92 से संबंधित है और गोविंद पुरी, कालकाजी नई दिल्ली-110019 में स्थित है। पहले, श्रीमती गुरदेव कौर उक्त प्लॉट की मालिक थीं। उनका 22.05.2012 को बिना वसीयत किए निधन हो गया, और वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी वारिस छोड़ गईं, यानी श्रीमती सुरजीत कौर (बेटी), श्री बलविंदर सिंह (बेटा), श्रीमती मोहिंदर कौर (बेटी), श्रीमती गुरदीप कौर (बेटी) और श्री प्रीतम सिंह (बेटा)। जिस भी व्यक्ति या संस्था के पास ऊपर बताई गई 10.09.2004 की मूल बिक्री विलेख है, उनसे अनुरोध है कि वे इसे जल्द से जल्द लौटा दें। कृपया इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर एडवोकेट दीपक मलिक से +91 9540419009/95404190091 पर संपर्क करें।

**दीपक मलिक ( एडवोकेट )**-
पता ङ प्लॉट नंबर 604, दुकान नंबर 2, कटारिया कॉम्प्लेक्स, न्यू रेलवे रोड, दयानंद कॉलोनी, गुड़गांव।
Email: advocatedeepak~®®~@gmail.com

### NAME CHANGE
I, MOHAMMAD SHAMIM AHMAD S/O MOHAMMAD WASEEM R/O HOUSE NO-874, STREET NO-30/5, NEAR KASHMIRI BUILDING, JAFRABAD, DELHI-110053. have changed my name to MOHD SHAMIM for all future purposes.

### NAME CHANGE
I AYESHA KHAN W/O MUHEET KHAN R/O H NO-203/A J AND K DILSHAD GARDEN JHILMIL SHAHDARA DELHI-110095 have changed my name to AYESHA CHAUDHARY for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, RAMASAMY Father of No. 16120482Y Rank-HAV Name-ELLAPPAN R residing at 3.523, BHARATHIPURAM, EMMDI-NAYAKANAPALLI, CHENNAPALLI, DIST-KRISHNAGIRI, TAMIL NADU-635117, have changed my name from RAMASAMY to RAMASWAMY K for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 04/06/1965 instead of my correct date of birth as 02/06/1964 Vide Affidavit dated 23/12/2025 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE
I, RAFAT PARWEEN D/O GULAM MUJTABA R/O HOUSE NO-2769, GALI NO-31/3, ALAM MANZIL, L-IST BLOCK, SANGAM VIHAR NEW DELHI, DELHI-110080. have changed my name to RAFAT PERWEEN for all future purposes

### NAME CHANGE
I, Mehrunisha D/o Zahid Hussain R/o House No.37. Gali No.1, A-Block. Chand Bagh Karawal Nagar, Gokal Puri. North East Delhi, Delhi-110094 declare that my correct and exact name is Mehrunnisha but short form written in pan card as Mehrun Nisha. That Mehrun Nisha & Mehrunnisha both are one and the same person.


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **सुश्री अनुप्रीत कौर, मालिक, मेसर्स काव्या इंटरनेशनल, प्लॉट नंबर 6, कटोरी मिल, मोहन नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 6028/2019 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना दरिया गंज, मध्य जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **सुश्री अनुप्रीत कौर** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सुश्री अनुप्रीत कौर** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 6028/2019 U/S 138 NI Act थाना दरिया गंज, मध्य जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **सुश्री अनुप्रीत कौर** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 02.02.2026** को या उससे पहले **सुबह 10.00 बजे** अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, सुश्री आरुषि परवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05 (एनआई एक्ट),**
**मध्य जिला, एनेक्स–I, कोर्ट नंबर 02,**
**प्रथम तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।**

**DP/17262/CD/2025**
**(अदालती मामला)**


### NAME CHANGE
I, Satto W/O Charan Singh R/O Kota, PO: Kota, DIST: Bulandshahr, Uttar Pradesh - 245408, have changed my name and shall hereafter be known as Santo Devi

### NAME CHANGE
I, Geenu Pawa (present name) alias/formerly known by name as Jeenu Rajpal amd presently identified by AADHAAR number xxxx xxxx 1234 D/O Manmohan Rajpal W/O Puneet Pawa identified by AADHAAR number xxxx xxxx 1234 R/O -12081,ATS Pristine Sector -150 Noida , Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh -201301 shall hereafter be known from Miss Jeenu Rajpal (old name) to Mrs Geenu Pawa (New name)

### NAME CHANGE
I hitherto known as MD SAPISUDDIN S/O AJEEJU R/O Plot No. 7, KH. 198, Rajeev Garden Loni, PO: Loni, District Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102, have changed my name and shall hereafter be known as BABLOO.

### NAME CHANGE
I, HONEY BHANU AVASTHI W/O BHANU SHANKER AVASTHI R/o HOUSE NO 88, I BLOCK , GROUND FLOOR SECTOR-50, SOUTH CITY-II GURGAON, HARYANA-122018 I HAVE CHANGED MY NAME TO HONEY AVASTHI FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, URJA MADAN D/O MANOJ KUMAR MADAAN R/o 1030, HUDA, NEAR DISTRICT COURT SECTOR-17, JAGADHRI YAMUNA NAGAR HARYANA-135003 I HAVE CHANGED MY NAME TO URJA MADAAN FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, REKHA MADAN W/O MANOJ KUMAR MADAAN R/o 1030, HUDA, NEAR DISTRICT COURT SECTOR-17, JAGADHRI YAMUNA NAGAR HARYANA-135003 I HAVE CHANGED MY NAME TO REKHA MADAAN FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, MANOJ KUMAR S/O JAGDISH LAL MADAAN R/o 1030, HUDA, NEAR DISTRICT COURT SECTOR-17, JAGADHRI YAMUNA NAGAR HARYANA-135003 I HAVE CHANGED MY NAME TO MANOJ KUMAR MADAAN FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I ANIL JAIN S/O SURENDRA PAL JAIN R/O G-4 STREET NO- 7 , SHIV RAM PARK NANGLOI DELHI-110041, I have changed my name to ANIL KUMAR JAIN Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE
I MEENA W/O ANIL KUMAR JAIN R/O, G-4 SHIV RAM PARK NANGLOI DELHI-110041, I have changed my name to MEENA JAIN Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE
I KANWALJEET KAUR W/O JASPAL SINGH DUA R/O , E-124, FIRST FLOOR, TAGORE GARDEN DELHI-110027, I have changed my name to KAWALJEET KAUR Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE
I PURUVEER SINGH DHANKHAR S/O VIDUR DHANKHAR R/O FLAT NO 292, PLOT NO -21 , SANT SUNDER DASS APARTMENT DWARKA SECTOR - 12 DELHI-110078, I have changed my name to PURUVEER SINGH Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE
I SANGITA RANI GOEL W/O PRAKASH CHAND R/O H.NO - 166/19 STREET NO -17, BLOCK E, SHASTRI PARK DELHI-110053, I have changed my name to SANGEETA Permanently for all Future purpose

### NAME CHANGE
I JYOTI GOEL W/O PRAVESH KUMAR R/O H.NO- 276/277 OLD SEEMA PURI DELHI-110095, I have changed my name to JYOTI Permanently for all Future purpose

### सार्वजनिक सूचना
मैं, फ़रज़ाना, पत्नी शाहनवाज़, निवासी फ्लैट नंबर 1-D, तृतीय तल, डीडीए फ्लैट्स, माता सुंदरी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-110002, आधार संख्या 4666 6224 8605 यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपने पुत्र शाह फहद को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरा अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का शाह फहद से कोई लेना-देना नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति शाह फहद के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करता है, तो वह स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा।

### NAME CHANGE
I, OMBIR SINGH is legally father of No. 15693545L Rank- HAV Name-KULDEEP KUMAR Presently resident of VPO-GOTKA, TEH-SARDHANA, DIST-MEERUT, (UTTAR PRADESH)-250344 have changed my name from OMBIR SINGH to OMVIR SINGH for all future purposes. Vide Affidavit Dated 23/12/2025 before Notary Public New Delhi.

### NAME CHANGE
I, ASTHA D/O PRATAP BABU, R/O PLOT NO-38, VIKAS KUNJ, RAJAPUR KHURD, NEAR PAL DAIRY, MOHAN GARDEN, UTTAM NAGAR, WEST DELHI, DELHI-110059, have changed my name from ASTHA D/O PRATAP BABU, to ASTHA PRATAP BABU D/O PRATAP BABU, for all future purposes.

### NAME CHANGE
I AADYA BHARDWAJ, D/o RAJ KUMAR SHARMA, R/o FLAT NO. 25 A, POCKET B , DILSHAD GARDEN, SHAHDARA, SHAHDARA, DELHI - 110095 , have changed my name to AADYA SHARMA for All future purposes.

### NAME CHANGE
I Lalita Rani W/0 Satpal Singh Add.H No DQ-1235/1, Panchawali Road Near Naaz Cinema Palwal Haryana 121102 Changed my name Lalita Kumari

### NAME CHANGE
I, Shakeela W/o Mohd Jameel R/o B-222, Gali No.13/7, Main Abdul Hameed Marg, Subhash Mohalla, Delhi-110053 have changed my name to Shaista Parveen.

### NAME CHANGE
I Imrana W/O Mohd Zakir R/O. H.No-2796, Gali No-23, Rajiv Gandhi Nagar, New Mustafabad Delhi 110094 have changed my name to Imrana Begam

### NAME CHANGE
I, Sahina Praveen/ Sahina Perveen W/o Alamgir Mallick R/o J-171 Gali No.5, Firdoz Masjid, J-Extn, Laxmi Nagar, Delhi-110092 have changed my name to Shahina Mallick.

### NAME CHANGE
I, Mumtaj Mallick W/o Azizul Rehman Mallick R/o H.No.Block J-10A, Sarafa Bazar, Laxmi Nagar, Delhi-110092 have changed my name to Mumtaz Begam.

### PUBLIC NOTICE
GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT BACK CHAIN OF "PLOT NO. 96, LAND AREA MEASURING 58 SQ.YDS. PART OF KHASRA NOS. 164/3-MIN, 174/4-MIN, 175-MIN, 176/3-MIN, SITUATED AT AKSHAT VIHAR, RAILWAY KARAMCHARI SEHKARI AWAS SAMITI LIMITED, HADBAST VILLAGE AKBARPUR BAHRAMPUR, PARGANA LONI, TEHSIL AND DISTT: GHAZIABAD, U.P" (SAID PROPERTY) I.E. ORIGINAL SHARE CERTIFICATE, ORIGINAL ALLOTMENT LETTER, ORIGINAL POSSESSION LETTER, ORIGINAL REGD. GPA DATED 13.03.2019, ORIGINAL WILL DATED 13.03.2019 ALL EXECUTED IN RESPECT OF THE SAID PROPERTY. HAVE BEEN LOST THE OWNER MR. RAJU, S/O MR. SURESH, R/O 63 BODH VIHAR, GHAZIABAD. AND SAID OWNER MR. RAJU PURCHASED THE SAID PROPERTY VIDE SALE DEED DATED 15.07.2022 EXECUTED BY MRS. MUNESH AS GPA OF MR. LOKENDRA SINGH. NOW MR. RAJU WANTS TO TAKE LOAN AGAINST THE SAID PROPERTY FROM TRU HOME FINANCE LIMITED. PLEASE SUBMIT THE SAID ABOVE SAID ORIGINAL DOCUMENTS IF FIND BY ANY PERSON. ALSO PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER WITH RELEVANT DOCUMENTS WITH UNDERSIGNED IF HAVING ANY OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY/DOCUMENTS WITHIN 10 DAYS OF THIS PUBLICATION. ITS USE BY ANYONE IS ILLEGAL.

**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, MANSAROVAR PARK,
SHAHDARA, DELHI-110032
MOBILE NO. 9999042521



**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## विधायकों के लिए होगा ट्रेनिंग प्रोग्राम

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में कार्य संचालन को लेकर विधायकों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के सुझाव पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने यह ऐलान किया। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान ज्यादातर सवाल स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के विभाग से संबंधित थे। सदन में आरती राव सवाल का जवाब दे रही थी तो कई वरिष्ठ विधायक अपनी सीटों से ही स्वास्थ्य सुविधाओं के मुद्दे पर टोका-टाकी कर रहे थे। इस पर आरती राव ने कहा कि वह जब विधानसभा में चुन कर आई तो कहा गया कि 40 विधायक नए हैं। विधानसभा में कार्य करने को लेकर उनका ट्रेनिंग प्रोग्राम किया जाए। आरती राव ने कहा कि वर्तमान हालातों में पुराने विधायकों के लिए भी ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जरूरत है। स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सदन में कहा कि पिछले एक साल से कर्मचारियों, पत्रकारों तथा अधिकारियों के लिए लगातार ट्रेनिंग प्रोग्राम चल रहे हैं। बजट सत्र से पहले विधायकों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विधायक भाग लेंगे।

## गुरुग्राम के भौंडसी में 10 नंबरी अपराधी के अवैध निर्माण पर चला बुल्डोजर

**गुरुग्राम।** भौंडसी थाना क्षेत्र में 10 नंबरी अपराधी के अवैध निर्माण पर नगर निगम का बुल्डोजर चला। दोपहर के समय भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ये अवैध निर्माण गिराये गये। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या सहित अन्य संगीन वारदातों में एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार थाना भौंडसी क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी नरेन्द्र उर्फ सोनू राठी पुत्र स्वर्गीय मांगे राम (39 वर्ष) एक हिस्ट्रीशीटर एवं संगठित अपराध में संलिप्त अपराधी के रूप में चिन्हित है। आरोपी का आपराधिक इतिहास वर्ष-2011 से लगातार सामने आता रहा है। आरोपी नरेंद्र की गांव अलीपुर निवासी अशोक राठी के साथ लंबे समय से आपराधिक रंजिश, गैंगवार, पैसों के लेन-देन एवं वर्चस्व को लेकर गंभीर विवाद चला आ रहा था। इसी रंजिश के चलते 16 नवंबर 2019 को गांव अलीपुर में अशोक राठी की उसके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसका केस थाना भौंडसी में दर्ज है। यह मामला वर्तमान में अदालत में विचाराधीन है।आरोपी नरेन्द्र उर्फ सोनू राठी ने अशोक राठी की हत्या के बाद अपने साथियों सलीम, रोहित उर्फ बॉबी आदि के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह का संचालन किया। आरोपी पर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त, रंगदारी/फिरौती, अपहरण एवं अपहरण का प्रयास, हत्या व हत्या का प्रयास, पुलिस पार्टी पर हमला, अवैध कब्जा एवं फिरौती जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ कुल 19 केस विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज हैं।

## मेडिकल स्टोर संचालकों की होगी पुलिस वेरिफिकेशन : एडीसी

**सिरसा।** सिरसा के एडीसी वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि जिले में कार्यरत सभी मेडिकल स्टोर संचालकों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। यदि कोई मेडिकल स्टोर संचालक अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एडीसी वीरेंद्र सहरावत सिरसा में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। एडीसी ने कहा कि जिले में कार्यरत ऐसे मेडिकल प्रैक्टिशनर पर कड़ी निगरानी रखी जाए जो नशा गतिविधियों में संलिप्त है, ऐसे लोगों की पहचान पुलिस व स्वास्थ्य विभाग दोनों ही करें और ऐसे लोगों के खिलाफ छापामारी भी की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि पुलिस की ओर से गांव स्तर पर निगरानी कमेटियां बनाई जा रही हैं। इन कमेटियों के साथ बेहतर तालमेल बनाया जाए। यदि ये कमेटियां कोई सूचना देती हैं, तो उस पर तत्काल कार्रवाही की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्राम व वार्ड स्तर पर कमेटियों को सक्रिय किया जाए ताकि नशे में संलिप्त लोगों की जानकारी सटीक रूप में पहुंचे। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों की पुलिस वेरिफिकेशन के साथ ही सरपंच से भी जानकारी हासिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें व सामाजिक संगठन नशे को खत्म करने के लिए बेहतर प्रयास करेंगे तो इसके जल्द सकारात्मक परिणाम आएंगे।

## डिजिटल व्यवस्थाओं ने किसानों का सीधा संपर्क सरकार से जोड़ा

**नारनौल।** जिला के गांव अमरपुर जोरासी में नजारा किसी उत्सव से कम नहीं था। एक तरफ रंग-बिरंगे स्टॉल्स पर सजे उन्नत बीज और खाद किसानों को आकर्षित कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर मिनी-ड्रिप सिंचाई प्रणाली पर किसान विशेष रुचि ले रहे थे। मौका था जिला स्तरीय बागवानी सेमिनार का, जहां स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ और खाद-बीज कंपनियों की प्रदर्शनी ने किसानों को तकनीक से रूबरू करवाया। इस प्रदर्शनी में विशेषज्ञों ने ड्रिप सिंचाई और नई कृषि तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया। साथ ही किसानों की शंकाओं को दूर किया। प्रदर्शनी में प्रगतिशील किसानों और समूहों ने पारंपरिक खेती के घेरे से बाहर निकलकर स्मार्ट फार्मिंग की ओर आगे बढ़ने की उत्सुकता दिखाई। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने हरियाणा सरकार की बागवानी समर्थक नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें खेती में नई तकनीक के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची उपनिदेशक उद्यान डा पिंकी यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना और हॉर्टिनेट पोर्टल जैसी डिजिटल व्यवस्थाओं ने किसानों का सीधा संपर्क सरकार से जोड़ दिया है। जिला उद्यान अधिकारी डा प्रेम कुमार और डा सांवरमल चौधरी ने पोर्टल आधारित रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समझाकर तकनीक को सरल बनाया। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण साझा किया।

# हरियाणा के हर जिले में बनेगा एक मॉडल अस्ताल : नायब सैनी

**● स्वास्थ्य मंत्री बोली,बाहर से दवाएं लिखने वाले डाक्टरों की होगी जांच**

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर जिला स्तर पर सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित एक अस्पताल विकसित किया जा रहा है। अब तक 10 अस्पताल जनता को समर्पित किए जा चुके हैं। इनमें सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, एमआरआई व लैबोरेट्री सहित सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अन्य 22 अस्पतालों पर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रश्न काल में विधायक मामन खान द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पहले की सरकार ने कभी प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं की और न ही सुविधाएं बढ़ाने की तरफ ध्यान दिया। उस समय नागरिकों को प्राइवेट सेक्टर पर छोड़ दिया गया और किस प्रकार से लोगों का शोषण होता था, यह सब जानते हैं। वर्ष



2014 से पहले प्रदेश में हर वर्ष केवल 4 स्पेशलिस्ट डॉक्टर ही मिलते थे, जबकि आज यह संख्या लगभग 200 तक पहुंच चुकी है। इतना ही नहीं, वर्ष 2014 में एमबीबीएस सीटों की संख्या केवल 700 होती थी, जबकि आज राज्य सरकार के प्रयासों से एमबीबीएस सीटों की संख्या लगभग 2500 से अधिक हो चुकी है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि नूंह में बहुत जल्द सीटी स्कैन व अल्ट्रा साउंड मशीन की व्यवस्था की जाएगी। जो डाक्टर मरीजों को बाहर से दवा लाने तथा टेस्ट करवाने के लिए लिखते हैं इसकी जांच करवाई जाएगी। नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास के सवाल के जवाब में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की अधूरी इमारतों का काम चरणबद्ध तरीके से 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के माध्यम से सफीदों में नर्सिंग कॉलेज के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। इसके लिए 43.44 करोड़ की योजना को सरकार ने मंजूरी दी है। बहुत जल्द यहां कॉलेज का निर्माण शुरू होगा। असंध के विधायक योगेंद्र राणा के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि असंध सौ बिस्तरों के अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जहां ट्रामा सेंटर की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। आरती राव ने कहा कि असंध के साठ किलोमीटर के दायरे में इस समय आठ ट्रामा सेंटर चल रहे हैं। करनाल-असंध मार्ग तथा 152-डी व दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे के मद्देनजर असंध में ट्रामा सेंटर शुरू किया जाएगा।

## किसानों की समस्याओं पर प्रशासन गंभीर: दहिया

एजेंसी
**पानीपत।** पानीपत उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया से भारतीय किसान यूनियन के स्थानीय प्रतिनिधियों के एक शिष्टमंडल ने जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में मुलाकात कर किसानों से जुड़ी लंबित समस्याओं को उनके समक्ष रखा और शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने शुगर मिल में रैंप बनवाने, सिवाह से पानीपत तक बिजली की तारों को हटवाने, बुडशाम के कच्चे रास्ते पर पोल को हटवाने संबंधित समस्या थी। यही नहीं किसान प्रतिनिधि मंडल ने इसराना क्षेत्र में बंद पड़े इफ्को केंद्र को पुनः शुरू करवाने सहित कई अन्य मांगें भी उपायुक्त के समक्ष रखीं। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। डॉ दहिया ने कहा कि किसान हमारे देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। गन्ना भुगतान जैसी लंबित समस्याएं गंभीर विषय हैं और इन्हें लेकर गंभीरता से विचार कर समाधान किया जाएगा। प्रशासन का यह दायित्व है कि किसानों को उनका हक समय पर मिले। उपायुक्त ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी और जो भी समाधान प्रशासनिक स्तर पर संभव होगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप ने बताया कि किसानों द्वारा रखी गई सभी समस्याओं पर विचार किया जा रहा है और प्रशासन समाधान की दिशा में कार्य कर रहा है।

## कूड़े में मिले नोटों के टुकड़े, जीआरपी ने केस दर्ज किया

एजेंसी
**सोनीपत।** सोनीपत रेलवे स्टेशन परिसर में मंडी की ओर कूड़े के ढेर में भारी संख्या में कटे-फटे नोटों के टुकड़े मिलने से अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों और स्थानीय लोगों ने जब जमीन पर बिखरे 5, 10 और 20 रुपये के नोटों के टुकड़े देखे तो उन्होंने तुरंत जीआरपी को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की जांच शुरू की। पुलिस ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म के आसपास और मंडी साइड रास्तों पर पड़े सभी नोटों के टुकड़ों को एकत्र किया। जांच के दौरान पुलिस को कोई ऐसा व्यक्ति या प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं मिला, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि नोट किसने और क्यों फेंके। इसके बाद सभी टुकड़ों को पॉलिथीन में भरकर पुलिस अपने साथ ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार सुबह के समय लोगों को पहले आशंका हुई कि शायद किसी यात्री का पर्स गिर गया है या किसी प्रकार की लूट की घटना हुई है। इसी संदेह के चलते जीआरपी को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर मौजूद यात्रियों, रेहड़ी-पटरी वालों और दुकानदारों से भी पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी नोट फेंकते हुए किसी व्यक्ति को देखने की पुष्टि नहीं की। जीआरपी थाना में तैनात सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि बरामद किए गए नोटों के टुकड़े 5, 10 और 20 रुपये के हैं। प्रारंभिक तौर पर नोटों की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें चूहों द्वारा कुतरा गया हो।

## सदन में कांग्रेस के सवालों और जनहित के मुद्दों से भागती नजर आई बीजेपी : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

एजेंसी
**चंडीगढ़।** पूरे विधानसभा सत्र के दौरान बीजेपी सरकार सदन में कांग्रेस के सवालों और जनहित के मुद्दों से भागती नजर आई। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। शीतकालीन सत्र के समाप्त होने पर हुड्डा की प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सरकार के रुख पर सख्त आपत्ति जताते हुए कहा कि पूरे सत्र के दौरान सरकार चर्चा और सवालों से भागती नजर आई। यह पहली बार हुआ है कि कांग्रेस का एक भी स्थगन प्रस्ताव, काम रोको प्रस्ताव या अल्पकालिक चर्चा का प्रस्ताव मंजूर नहीं किया गया। कांग्रेस ने किसान, बेरोजगार युवा, भर्ती घोटाले, एमएसपी, धान घोटाला, मनरेगा, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खिलाड़ियों की मौत, एसवाईएल,



चंडीगढ़ तथा हेट स्पीच समेत हरियाणा के हक से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने के लिए प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सरकार ने एक का भी जवाब नहीं दिया। सदन को गुमराह करते हुए विपक्ष को मूकदर्शक बनाने की बार बार कोशिश की गई और कांग्रेस ने इसलिए बार वाकआउट करना पड़ा। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी सरकार कांग्रेस के उठाए मुद्दों पर पूरी तरह खामोश रही। यहां तक कि हरियाणा सरकार चंडीगढ़ के स्टेटस को भी स्पष्ट नहीं कर पाई।

हुड्डा ने कहा कि अरावली को लेकर आए नए नियमों का सबसे ज्यादा नुकसान हरियाणा को होगा। प्रदेश की भाजपा सरकार को इसका विरोध करना चाहिए था, लेकिन अवैध खनन समेत अरावली के विनाश के मुद्दे पर भी सरकार खामोश रही।

एसवाईएल मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला हरियाणा के पक्ष में आ चुका है, लेकिन आज तक सरकार हरियाणा के हक का पानी नहीं ले पाई। इतना ही नहीं, इस मसले पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की प्रधानमंत्री से मुलाकात भी आज तक नहीं हो पाई।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार जनता के मुद्दों से भाग रही है और सदन में जवाबदेही से बच रही है।

## विधानसभा में चुनाव सुधार प्रस्ताव पर चर्चा से भागी कांग्रेस, निंदा प्रस्ताव पारित

एजेंसी
**चंडीगढ़।** वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान चलाने वाली कांग्रेस चुनाव सुधारों पर विधानसभा में चर्चा से भागती नजर आई। सदन में कांग्रेस व भाजपा के बीच तीखा हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। सत्तापक्ष जब प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अड़ा रहा तो कांग्रेस विधायक वाकआउट कर गए। थोड़ी देर बाद वापस लौटे भी, लेकिन चर्चा जारी रहते देख फिर से सदन छोड़कर चले गए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, विपुल गोयल, महिपाल ढांडा ने कांग्रेस को जमकर घेरा। मतदाता सूची बनाने से संबंधित चल रहे चुनाव सुधारों से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिए इंद्री के भाजपा विधायक राम कुमार कश्यप और असंध के भाजपा विधायक योगेंद्र सिंह राणा की ओर से जैसे ही प्रस्ताव रखा गया, कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, बीबी बत्रा, डा.



रघुबीर कादियान, गीता भुक्कल और आफताब अहमद ने नियमों की दुहाई देते हुए कहा कि यह संघीय सूची का मामला है और विधानसभा में इस पर चर्चा नहीं कराई जा सकती। कांग्रेस के तर्कों को खारिज करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोगों और मीडिया के बीच जाकर वोट चोरी के आरोप लगाए जा रहे हैं, जिस पर लोगों में भ्रम की स्थिति बन गई है। चुनाव मंत्री डा. अरविंद शर्मा, शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने भी विपक्ष के आरोपों की हवा निकालने के लिए कई दलीलें दी। दोनों तरफ से चल रही नारेबाजी के बीच संसदीय कार्य मंत्री महीपाल ढांडा और पूर्व मुख्यमंत्री तथा विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा में तीखी नोक-झोंक हुई। प्रस्ताव पर चर्चा में भाजपा सरकार के मंत्री पूरी तरह हमलावर रहे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि इनका इलाज जनता ही करेगी। कृष्ण बेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक पहले भी चर्चा से भाग गए थे और आज फिर भाग गए। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में बड़े-बड़े पोस्टर लगा रखे हैं, जिन पर वोट चोर गद्दी छोड़ लिखा है। इनके नेता को माफी मांगनी चाहिए। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नाम पर सिर्फ इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला मैदान में डटे रहे। उन्हें दो बार अपनी बात रखने का मौका मिला। चर्चा के बाद सदन में कांग्रेस के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित कर दिया गया।

## हरियाणा पुलिस में 25 हजार पद खाली

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस में इस समय करीब 25 हजार पद खाली हैं, जिन्हें प्रमोशन तथा सीधी भर्ती के माध्यम से भरा जाएगा। हरियाणा के संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा ने विधानसभा में यह जानकारी दी। ढांडा इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा पुलिस विभाग रिक्त पदों के मुद्दे पर लगाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। ढांडा ने सदन में पुलिस कर्मियों की संख्या पर रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि विभिन्न श्रेणियों में कुल 84 हजार 765 पुलिस कर्मियों के स्वीकृत पद हैं। इनमें 79063 वर्दी धारी तथा 5702 गैर वर्दी धारी हैं। इन पदों की एवज में कुल 25 हजार 631 पद रिक्त हैं, जिनमें 23 हजार 189 वर्दीधारी तथा 2442 गैर-वर्दीधारी पद रिक्त हैं। मंत्री ने बताया कि पुलिस विभाग में 11 हजार 546 पद ऐसे हैं, जिन्हें विभागीय प्रमोशन के आधार पर भारा जाएगा, जबकि 14085 पद ऐसे हैं, जिन्हें सीधी भर्ती से भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में 7310 पदों को भरने की अनुमति राज्य सरकार द्वारा दी जा चुकी है। इस समय हरियाणा लोक सेवा आयोग तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इसके अलावा 2908 पदों पर भर्ती प्रक्रिया का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है। विधायक अर्जुन चौटाला के पूरक सवाल के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक 11052 विशेष पुलिस अधिकारी तथा 10 हजार 196 होमगार्ड स्वयं सेवकों की तैनाती की गई है। प्रदेश में भर्ती तथा प्रमोशन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। हरियाणा पुलिस के अब अपने रूल्स होंगे।

## डॉ. विजय नागपाल रचित नाविक सतसई पुस्तक का हुआ लोकार्पण

एजेंसी
**गुरुग्राम।** सुरुचि साहित्य कला परिवार की ओर से सी.सी.ए. स्कूल सेक्टर चार में वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी की अध्यक्षता में सुप्रसिद्ध गजलकार डॉ. विजय नागपाल नाविक के सद्य प्रकाशित दोहा संकलन नाविक सतसई का लोकार्पण हुआ। स्टारेक्स विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अशोक दिवाकर एवं सुरुचि परिवार के अध्यक्ष डॉ. धनीराम अग्रवाल विशिष्ठ अतिथि रहे। महानगर संघ चालक मा. जगदीश ग्रोवर का सानिध्य रहा। वरिष्ठ बाल साहित्यकार घमंडी लाल अग्रवाल ने नाविक सतसई पर अपनी नीर-क्षीर समीक्षा प्रस्तुत की। वरिष्ठ कवयित्री वीणा अग्रवाल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सुरुचि परिवार के महासचिव मदन साहनी ने कार्यकम का प्रभावी संचालन कर कार्यक्रम को नई उचाइयां प्रदान कीं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. सारस्वत मोहन मनीषी ने अपने काव्यात्मक उद्बोधन में कहा कि प्रकटी नाविक सतसई लेकर रत्न सुरल। चिंतन मंथन मनन से है यशपूर्ण प्रयत्न। उन्होंने कहा कि डॉ. नागपाल ने भारत की सांस्कृतिक पहचान को व्याख्यायित करने के लिए



अद्भुत दोहे लिखे हैं। उनका यह पहला दोहा संकलन आश्वस्त करता है कि वे दोहा लेखन में और आगे जाएगें। उन्होंने कहा-पाकर नाविक सतसई, दोहा हुआ निहाल। आंसू का पीहर यही, खुशियों की ससुराल। वे आगे कहते हैं अद्भुत नाविक सतसई, लहर लहर चितचोर। संस्कृति सूरज उग रहा, ले रसवन्ती भोर।नाविक सतसई के कथ्य-शिल्प की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा गूंगी-बहरी लहर पर, नाविक है सवार। नफरत के बाजार में चला बांटने प्यार॥ मुख्य अतिथि विज्ञान व्रत ने कहा कि प्रायः दोहा लेखन में विषयों का वर्गीकरण नहीं होता। नाविक ने अपनी सतसई में उन सब के टाइटल देकर पाठकों को उनकी रुचि अनुसार दोहे पढ़ने की सुविधा प्रदान करने का नवाचार प्रस्तुत किया है। विशिष्ठ अतिथि डॉ. अशोक दिवाकर ने कहा कि डॉ. नागपाल एक अच्छे दोहाकार के रूप में उभर कर आए हैं। प्रस्तुत सतसई में नाविक ने संघ के पंच परिवर्तनों को साकार करने का प्रयास किया है। ये दोहे जीवन मूल्यों पर आधारित हैं।

## रोहतक के आवासीय क्षेत्र से बाहर होगा कैटल फीड प्लांट

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार रोहतक के आवासीय क्षेत्र में चल रहे कैटल फीड प्लांट को शहर से बाहर करेगी। हरियाणा के सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने विधानसभा में



विधायक भारत भूषण बतरा द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। बत्तरा ने उत्तम विहार कालोनी में चल रहे कैटल फीड प्लांट से फैल रहे प्रदूषण, लोगों को हो रही समस्या का मुद्दा आज सदन में उठाया। विधायक ने इसे बंद करने को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा।

सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने सदन में स्वीकार किया कि यह वास्तव में लोगों की बड़ी समस्या है। हैफेड द्वारा संचालित यह प्लांट 1976 में शुरू हुआ था। अब इस प्लांट के आसपास घनी आबादी हो गई है। प्लांट के कारण पैदा हो रहे घुन से लोग परेशान हैं। शर्मा ने बताया कि इस प्लांट को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नया प्लांट आईएमटी रोहतक में स्थापित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में करीब दो साल का समय लगेगा। विधायक बत्तरा ने कहा कि नया प्लांट चालू होने से पहले मौजूदा प्लांट को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। विधायक की इस मांग को खारिज करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हैफेड के दो प्लांट चल रहे हैं। इसकी मांग को देखते हुए तत्काल बंद नहीं किया जाएगा, अथवा नए प्लांट की स्थापना के बाद मौजूदा प्लांट को शिफ्ट कर दिया जाएगा।

## हरियाणा विधानसभा में आठ विधेयक सर्वसम्मति से पारित

एजेंसी
**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आठ महत्वपूर्ण विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए। इनमें हरियाणा विनियोग (संख्या 4) विधेयक 2025, हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चिता) संशोधन विधेयक 2025, हरियाणा आवास बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2025, हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025 और हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहितीकरण, अभिलेखन और समाधान) विधेयक 2025 सर्वसम्मति से पास हुए हैं।

इनके अलावा, हरियाणा दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक 2025, हरियाणा अनुसूचित सड़क और नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बंधन (संशोधन) विधेयक 2025 और हरियाणा जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2025 भी सर्वसम्मति से पास हुआ है। सराकर ने विधानसभा में हरियाणा निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 को संशोधित करने के लिए हरियाणा निजी विश्वविद्यालय, (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया गया। अब राज्य सरकार 26 निजी विश्वविद्यालयों में प्रशासक नियुक्त कर सकेगी और कोई भी विश्वविद्यालय अपनी मनमानी नहीं कर सकेगा। राज्य के युवाओं को उच्चतर शिक्षा में बेहतर अवसर प्रदान करने हेतु जिला गुरुग्राम में ''डिजाइन, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय'' स्थापित करने का प्रस्ताव भी इस कानून में निहित है।

हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चितता) अधिनियम 2024 को संशोधित करने के लिए हरियाणा तकनीकी शिक्षा अतिथि संकाय (सेवा की सुनिश्चितता) संशोधन विधेयक 2025 पारित किया गया। इस विधेयक के माध्यम से अब एक वर्ष की सेवा के दौरान 240 कार्य दिवसों की गणना कैलेंडर वर्ष की बजाय किसी भी एक वर्ष की अवधि के आधार पर करने का प्रविधान किया गया है। हरियाणा आवासन बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2025 के अंतर्गत आवास बोर्ड को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में विलय कर दिया गया है। हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहितीकरण, अभिलेखन और समाधान) विधेयक 2025 में आबादी देह के विकास का प्रविधान किया गया है, जिससे यथासंभव गांव की विरासत का संरक्षण किया जा सकेगा, गांवों में नागरिक सुविधाओं एवं पर्यावरण का प्रविधान व उन्नयन होगा, ताकि नियोजित शहरी विकास के साथ एकीकृत किया जा सके।

हरियाणा दुकान तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक 2025 के अंतर्गत बड़े प्रतिष्ठनों में श्रमिकों की बेहतर सुरक्षा और छोटे प्रतिष्ठनों के लिए सरल अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। उद्योगों में दैनिक कार्य घंटे नौ से बढ़ाकर 10 घंटे किए जाने का प्रस्ताव है, जबकि साप्ताहिक कुल सीमा 48 घंटे बनी रहेगी। त्रैमासिक ओवरटाइम की अधिकतम सीमा 50 घंटे से बढ़ाकर 156 घंटे करने का प्रस्ताव है।

हरियाणा अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बंधन (संशोधन) विधेयक 2025 के अंतर्गत 'ईज आफ डूइंग बिजनेस'' सुधारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में नियामक ढांचे का सरलीकरण एवं प्रक्रियात्मक विलंब को कम करना है।

## गुरुग्रामः जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सर्वोच्च प्राथमिकताः सपना यादव

एजेंसी
**गुरुग्राम।** लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाया गया। इसकी अध्यक्षता सीटीएम सपना यादव ने की। शिविर के दौरान फैमिली आईडी, राशन कार्ड, पुलिस विभाग तथा बिजली विभाग से जुड़ी अनेक शिकायतें प्राप्त हुई। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे नागरिकों को तुरंत राहत मिली।शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। फैमिली आईडी में नए सदस्यों को जोडने, विवरण में संशोधन, राशन कार्ड से नाम जोडने-हटाने, बिजली आपूर्ति से संबंधित बिलों में सुधार तथा पुलिस से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियात्मक शिकायतों पर अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई की। जिन मामलों में तकनीकी कारणों अथवा नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने की आवश्यकता थी, उन शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए शीघ्र कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए। सीटीएम सपना यादव ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ सुना जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जानकारी दी कि आमजन की सुविधा के लिए प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय, पारदर्शी व्यवस्था और समय पर राहत प्रदान करना है। यह जनहितकारी पहल आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# विदेश भेजे जाने वाले धन में सालाना आधार पर 1.81 प्रतिशत की गिरावट

## यात्रा और शिक्षा खर्च घटे, लेकिन विदेशी निवेश में तेज उछाल

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की उदारीकृत धनप्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत अक्टूबर 2025 में विदेश भेजे जाने वाले धन में सालाना आधार पर 1.81 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार यह धनप्रेषण एक साल पहले के 2.40 अरब डॉलर की तुलना में घटकर 2.35 अरब डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और विदेश में शिक्षा पर खर्च कम होने से कुल धनप्रेषण में कमी आई, हालांकि विदेश में निवेश बढ़ने से गिरावट कुछ हद तक थमी है। एलआरएस के तहत कुल धनप्रेषण में अंतरराष्ट्रीय यात्रा की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत होती है। अक्टूबर 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर खर्च सालाना आधार पर 7.02 प्रतिशत घटकर 1.35 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1.45 अरब डॉलर था। इसी तरह, विदेश में शिक्षा पर खर्च में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह खर्च 26.19 प्रतिशत घटकर 16.33 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 22.118 करोड़ डॉलर था। जहां उपभोग से जुड़े खर्च घटे, वहीं विदेश में निवेश के मोर्चे पर मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिली। इक्विटी और डेट में निवेश सालाना आधार पर 83 प्रतिशत बढ़कर 27.309 करोड़ डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 14.934 करोड़ डॉलर था। इसके अलावा विदेश में अचल संपत्ति की खरीद से जुड़ा धनप्रेषण 78.8 प्रतिशत बढ़कर 4.464 करोड़ डॉलर पहुंच गया। जमा (डिपॉजिट) के लिए भेजे गए धन में भी 20.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि वर्ष 2004 में शुरू की गई एलआरएस योजना के तहत कोई भी भारतीय, अवयस्क सहित, एक वित्त वर्ष में 2.50 लाख डॉलर तक विदेश भेज सकता है। शुरुआत में इसकी सीमा 25,000 डॉलर थी, जिसे समय-समय पर आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार बढ़ाया गया।

# मीशो के शेयर में चार फीसदी की गिरावट

**- कंपनी का मार्केट कैप घटकर लगभग 86,652 करोड़ रह गया**

नई दिल्ली । ई-कॉमर्स कंपनी मीशो के शेयर में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई पर करीब 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 22 दिसंबर को यह शेयर 202.05 रुपये पर लोअर सर्किट में बंद हुआ था। यह लगातार तीसरा कारोबारी दिन है जब शेयर गिरावट में रहा। इस गिरावट के बाद कंपनी का मार्केट कैप घटकर लगभग 86,652 करोड़ रुपये रह गया।

12 से 18 दिसंबर के बीच मीशो के शेयर में जबरदस्त तेजी देखी गई थी और शेयर लगभग 42.5 फीसदी बढ़ा था। शेयर ने बीएसई पर 254.65 रुपये का हाई लेवल भी छू लिया था। मौजूदा गिरावट को लिस्टिंग के बाद हुई तेजी के बाद निवेशकों की प्रॉफिट बुकिंग से जोड़ा जा रहा है। मीशो के शेयर 10 दिसंबर 2025 को लिस्ट हुए थे। आईपीओ प्राइस




111 रुपये था, और अब शेयर लगभग 82 फीसदी ऊपर है। कंपनी के आईपीओ का सब्सक्रिप्शन 81.76 गुना हुआ था। प्रमोटर्स की हिस्सेदारी वर्तमान में 16.76 फीसदी है।

# दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री हुई 18 लाख यूनिट, जीएसटी कटौती का असर

**नई दिल्ली ।**

नवंबर महीने में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर करीब 18 लाख यूनिट तक पहुंच गई। बिक्री के आंकडे में आए इस उछाल को जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर के रुप में देखा जा रहा है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती और कंपनियों द्वारा डीलरों को दिए गए आकर्षक ऑफर्स के चलते त्योहारी सीजन के बाद भी शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही, जिससे डीलरों ने इन्वेंट्री दोबारा भरने पर जोर दिया। आईसीआरए का मानना है कि इन सकारात्मक कारकों का असर आगे भी देखने को मिल सकता है। रेटिंग एजेंसी ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2026 में दोपहिया वाहनों की वॉल्यूम ग्रोथ 6 से 9 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

इसमें जीएसटी कटौती, शहरी क्षेत्रों में खपत बढ़ने और सामान्य मानसून के चलते ग्रामीण मांग में सुधार से मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि, थोक बिक्री के उलट नवंबर में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। सालाना आधार पर रिटेल बिक्री 9.1 प्रतिशत घटी है। इसकी मुख्य वजह यह बताई गई है कि अक्टूबर में दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिससे नवंबर में स्वाभाविक गिरावट देखने को मिली।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शादी के मौजूदा सीजन और जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर से डीलरों को ग्राहकों से लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में नवंबर में सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई और इनकी बिक्री 1,17,335 यूनिट रही। वित्त वर्ष 2026 के पहले आठ महीनों में कुल दोपहिया बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 6-7 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के आंकड़ों के अनुसार, खुदरा बिक्री में सुधार के चलते इन्वेंट्री का स्तर भी बेहतर हुआ है। सितंबर के अंत में जहां इन्वेंट्री करीब 60 दिनों की थी, वहीं नवंबर 2025 तक यह घटकर 44-46 दिनों पर आ गई।

# भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 10 अरब डॉलर से अधिक होगा



**मुंबई।**

भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 2025 में 10 अरब डॉलर से अधिक होगा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2025 में रियल एस्टेट में कुल 77 लेनदेन देखने को मिले हैं और इस दौरान कुल 10.4 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। यह लगातार दूसरा साल है, जब रियल एस्टेट में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि यह आंकड़ा बीते साल के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक है और 2024 में सेक्टर में कुल संस्थागत निवेश 8.9 अरब डॉलर रहा था।

2025 में निवेश के अलावा कुल 11.43 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता देखने को मिली है और यह निवेश अगले 3-7 वर्षों के दौरान देश के रियल एस्टेट सेक्टर में आएगा। रियल एस्टेट सेक्टर की जानकार ने कहा, ÷2014 के बाद पहली बार, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 52 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। साथ ही, 2025 में मुख्य परिसंपत्ति अधिग्रहण में दोगुनी वृद्धि यह दिखाती है कि निवेशक न केवल भारत की ग्रोथ स्टोरी पर दांव लगा रहे हैं, बल्कि हमारी स्थिर, आय-सृजन करने वाली संपत्तियों के माध्यम से सक्रिय रूप से दीर्घकालिक संपत्ति का निर्माण कर रहे हैं। भारतीय आरईआईटी और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविस्ट्स) इस परिवर्तन के प्रमुख घटक के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 2.5 बिलियन डॉलर का निवेश किया है जो कि मुख्य परिसंपत्ति अधिग्रहण का 56 प्रतिशत है। भारतीय निजी इक्विटी कंपनियों ने भी इसमें अतिरिक्त योगदान दिया है, जो कुल घरेलू पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत है। हालांकि, कुल गतिविधि के प्रतिशत के रूप में विदेशी संस्थागत निवेश में गिरावट आई है, लेकिन कुल विदेशी पूंजी निवेश में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारतीय रियल एस्टेट के बुनियादी सिद्धांतों में निरंतर विश्वास को दर्शाता है।

# आरबीआई ने अक्टूबर में रुपए को गिरने से बचाने 11.9 अरब डॉलर बेचे

**- डॉलर की खरीद 2.2 अरब डॉलर से बढ़कर 17.7 अरब डॉलर हुई**

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अक्टूबर 2025 में रुपये की स्थिरता बनाए रखने के लिए स्पॉट मार्केट में 11.9 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की। सितंबर में यह राशि 7.9 अरब डॉलर थी। इस दौरान डॉलर की खरीद 2.2 अरब डॉलर से बढ़कर 17.7 अरब डॉलर हो गई, जबकि बिक्री 192 फीसदी बढ़कर 29.6 अरब डॉलर हो गई। इसका मुख्य उद्देश्य रुपये को गिरने से रोकना था। आरबीआई ने भविष्य की कीमतों पर नियंत्रण के लिए फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट्स का भी उपयोग किया। अक्टूबर में शुद्ध फॉरवर्ड बिक्री 63.6 अरब डॉलर तक बढ़ी, जो सितंबर में 59.4 अरब डॉलर थी। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर तत्काल दबाव कम हुआ और निवेशकों को यह भरोसा मिला कि जरूरत पड़ने पर डॉलर उपलब्ध होंगे। एक्सचेंज-ट्रेडेड करेंसी फ्यूचर्स (ईटीसीएफ) बाजार में आरबीआई ने शुद्ध पोजीशन न्यूट्रल रखी।




अक्टूबर में खरीदी और बिक्री दोनों 2.3 अरब डॉलर रही, जबकि ट्रेडिंग वॉल्यूम 73.5 फीसदी बढ़ा। शुद्ध फ्यूचर्स बिक्री अक्टूबर में घटकर 1.4 अरब डॉलर रह गई। आंकड़ों से पता चलता है कि आरबीआई ने रुपए को लगभग 88-89 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे गिरने से रोकने पर ध्यान केंद्रित किया। अक्टूबर में प्रभावी हस्तक्षेप मूल्य 88.25 रुपए प्रति डॉलर रहा, जो सितंबर के 88.35 रुपए से थोड़ा कम था।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 13 पैसे की बढ़त पर बंद हुआ। सुबह शुरुआती कारोबार में रुपये में कमजोरी देखी गई। घरेलू शेयर बाजारों में नरमी और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी के चलते रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे गिरकर 89.73 पर आ गया। इससे पहले सोमवार को रुपया 89.68 पर बंद हुआ था। हालांकि, डॉलर में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर कुछ समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती स्तर 89.67 पर खुला था, लेकिन बाद में गिरकर 89.73 पर आ गया। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 फीसदी की गिरावट के साथ 98.08 पर रहा, जिससे रुपये को स्थिरता मिली।



## सोना-चांदी के बाद अब तांबा बनेगा निवेशकों की नई पसंद

**- एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और ग्रीन एनर्जी बढ़ा रहे तांबे की मांग**

**नई दिल्ली ।** साल 2025 में सोना और चांदी ने निवेशकों को हैरान करने वाला रिटर्न दिया, लेकिन अब तांबा निवेशकों की नजर में नया किंग बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में तांबे की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। बाजार विशेषज्ञों के मुतो बिक एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी), ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिफिकेशन की बढ़ती जरूरत तांबे की मांग को तेजी से बढ़ा रही है। वैश्विक तांबा बाजार में 2025 में लगभग 1.24 लाख टन और 2026 में 1.50 लाख टन की कमी रहने का अनुमान है। भारत में तांबे का एकमात्र प्रमुख उत्पादक हिंदुस्तान कॉपर है, जिससे सप्लाई सीमित बनी हुई है। उनका कहना है कि बिजली के इस्तेमाल में वृद्धि, इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग और ग्रिड वायरिंग में तांबे की अहम भूमिका इसे रणनीतिक धातु बनाती है। इस साल अब तक तांबे की कीमतों में लगभग 35 फीसदी की तेजी आई है, जो 2009 के बाद सबसे बड़ी बढ़त मानी जा रही है। वर्तमान में तांबे की कीमत लगभग 12,000 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक पहुँच चुकी है। निवेशक इसे सिर्फ सट्टा नहीं मान रहे, बल्कि वास्तविक मांग पर आधारित निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। बताया जा रहा है` कि 2026 में वैश्विक तांबे की मांग 27 मिलियन टन तक पहुंच सकती है, जिसमें अकेले चीन की मांग में 3.7 फीसदी की वृद्धि शामिल है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई डेटा सेंटर्स, इले क्ट्रिक वाहनों और ग्रीन एनर्जी की तेजी से बढ़ती जरूरत तांबे की कीमतों को नए रिकॉर्ड तक ले जा सकती है।

## अमेरिका में बनी कारों को घरेलू बाजार में बेचेगी टोयोटा

**नई दिल्ली ।**

जापानीज कंपनी टोयोटा साल 2026 से अमेरिका में बनी कुछ कारों को घरेलू बाजार में बेचेगी। टोयोटा के मुताबिक, अमेरिका में बने कैमरी सेडान, हाईलैंडर एसयूवी और टुंड्रा पिक-अप ट्रक को जापान में बिक्री के लिए पेश किया जाएगा। ये वाहन अमेरिका के केंटकी, इंडियाना और टेक्सास स्थित प्लांट्स में तैयार किए जाते हैं। कंपनी का कहना है कि इससे वह जापानी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकेगी और साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग भी बढ़ेगा। दरअसल, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में जापान से अमेरिका आने वाली कारों और ऑटो पार्ट्स पर भारी टैरिफ लगाए गए थे। इससे जापानी ऑटो कंपनियों पर काफी दबाव बढ़ गया था। टोयोटा का यह फैसला उसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है, जहां कंपनी अमेरिका के प्रति 'गुडविल' दिखाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, एक्सपर्ट्स मानते हैं कि यह रास्ता आसान नहीं होगा। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के ऑटो एनालिस्ट तात्सुओ योशिदा के अनुसार, कैमरी और हाईलैंडर जैसी गाड़ियां जापानी सड़कों और पार्किंग स्पेस के हिसाब से काफी बड़ी हैं। इसके अलावा, लेफ्ट-हैंड ड्राइव भी जापानी ग्राहकों के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है। अगर भविष्य में राइट-हैंड ड्राइव वर्जन पेश किए जाते हैं, तो मांग बढ़ने की संभावना बन सकती है। बता दें कि टोयोटा कंपनी के इस कदम को सिर्फ बिजनेस रणनीति नहीं, बल्कि अमेरिका-जापान के बीच ट्रेड रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

# शेयर बाजार में मिला-जुला कारोबार हुआ

**सेंसेक्स 42.64 अंक गिरा, निफ्टी 4.75 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार सपाट बंद हुआ। एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी होने से दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक टूटकर 85,524.84 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 4.75 अंक ऊपर आकर 26,177.15 पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान केवल एफएमसीजी, मेटल और उर्जा शेयरों में ही तेजी रही। निफ्टी मेटल और उर्जा शेयरों में बढ़त रही। वहीं निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी ऑटो में भी हल्की तेजी रही जबकि निफ्टी आईटी , निफ्टी पीएसयू बैंक 0, निफ्टी फार्मा और निफ्टी रियल्टी में गिरावट रही।

सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, एचयूएल, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम के शेयरों में तेजी रही। वहीं भारती एयरटेल, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

आज साप्ताहिक एक्सपायरी पर निफ्टी ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। बाजार सपाट बंद हुआ पर व्यापक स्तर पर बाजार में तेजी थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,292 शेयरों में तेज जबकि 1,892 शेयरों में गिरावट रही। 181 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ।

इससे पहले आज सुबह भारतीय बाजारों की शुरुआत सपाट स्तर पर रही। ,सुबह शुरुआत के बाद निफ्टी 50 7.5 अंक की मामूली गिरावट के साथ 26,164.20 के स्तर पर कारोबार




करता दिखा। वहीं सेंसेक्स 50.96 अंक फिसलकर 85,516.52 पर आ गया। बाजार में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। आज एशियन पेंट्स, एटरनल और भारती एयरटेल के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं एशियाई बाजारों में भी तेजी देखने को मिली। जापान का निक्कई 225 लगभग स्थिर रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.73 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी एसएएक्स 200 0.42 फीसदी ऊपर कारोबार करता दिखा। अमेरिकी बाजारों में भी हॉलिडे शॉर्टेड वीक में सकारात्मक रुख रहा। एसएंडपी 500 0.64 फीसदी, नेस्डेक कम्पो जिट 0.52 फीसदी और डाओ जोंस 0.47 फीसदी बढ़े।

## आरआईटीईएस को दक्षिण अफ्रीका में 315 करोड़ का लोकोमोटिव ठेका

**- भारत की रेल तकनीक का अंतरराष्ट्रीय विस्तार, डेढ़ साल में प्रोजेक्ट पूरा**

**नई दिल्ली ।** रेल अवसंरचना, परामर्श एवं इंजीनियरिंग कंपनी (आरआईटीईएस लिमिटेड) ने दक्षिण अफ्रीका की नडालामा कैपिटल लिमिटेड से डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आपूर्ति और संचालन का ठेका हासिल किया है। ठेके की कुल लागत 315.7 करोड़ रुपये (35.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। कंपनी ने बीएसई को बताया कि यह प्रोजेक्ट डेढ़ वर्ष में पूरा किया जाएगा। आरआईटीईएस लिमिटेड, जो रेल मंत्रालय के अधीन नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है, इस ठेके के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। इस परियोजना से भारत-दक्षिण अफ्रीका के द्विपक्षीय रेल सहयोग को भी बल मिलेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह ठेका भारतीय रेल प्रौद्योगिकी की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है।

# सिप्ला ने भारत में लॉन्च की पहली इनहेल्ड इंसुलिन 'अफ्रेजा'

**- डायबिटीज पीड़ित वयस्कों के लिए इंजेक्शन का नया विकल्प, सांस के जरिए ली जाने वाली इंसुलिन**

**नई दिल्ली ।**

दवा कंपनी सिप्ला ने भारत में डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों के लिए इनहेल्ड इंसुलिन 'अफ्रेजा' को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके साथ ही अफ्रेजा भारत में व्यावसायिक रूप से उपलब्ध होने वाली पहली ऐसी इंसुलिन बन गई है, जिसे इंजेक्शन की बजाय सांस के जरिए लिया जाता है। कंपनी के अनुसार उसे पिछले साल के अंत में इस दवा के विशेष वितरण और विपणन के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से नियामकीय मंजूरी मिली थी। अफ्रेजा एक तेजी से असर करने वाली इंसुलिन है, जिसे मुंह से सांस के जरिए लिया जाता है। इसका निर्माण अमेरिका की मैनकाइंड कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है। यह दवा एक बार इस्तेमाल किए जाने वाले कार्ट्रिज में उपलब्ध होती है, जिसे एक छोटे, हाथ में पकड़े जाने वाले इनहेलर उपकरण के माध्यम से लिया जाता है। कंपनी के मुताबिक, इंसुलिन लेने के बाद यह तेजी से घुल जाती है और लगभग 12 मिनट के भीतर ब्लड ग्लूकोज को कम करना शुरू कर देती है। इस उपचार की शुरुआत आमतौर पर दिन के प्रमुख भोजन के साथ की जाती है और मरीज की क्लीनिकल जरूरतों के अनुसार इसकी खुराक को समायोजित किया जा सकता है। सिप्ला ने बताया कि यह इनहेल्ड फॉर्मूलेशन टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों के लिए इंजेक्टेबल प्रैंडियल इंसुलिन का एक वैकल्पिक विकल्प है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि इंजेक्शन से जुड़ी चिंता, इलाज की जटिलता और व्यवहार संबंधी कारणों के चलते कई मरीज इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में देरी करते हैं या बीच में छोड़ देते हैं।

## नवंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि घटकर 1.8 प्रतिशत पर

**- पिछले साल नवंबर महीने में 5.8 प्रतिशत थी**

**नई दिल्ली ।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि नवंबर 2025 में घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 5.8 प्रतिशत थी। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली के उत्पादन में कमजोरी इसके मुख्य कारण रहे। अक्टूबर में इन उद्योगों का उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा था। अप्रैल-नवंबर 2025-26 में आठ प्रमुख उद्योगों का कुल उत्पादन 2.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में वृद्धि 4.4 प्रतिशत थी। इससे पता चलता है कि इस वर्ष उद्योगों की वृद्धि पिछली अवधि की तुलना में धीमी रही। नवंबर में कोयला और इस्पात उत्पादन में नरमी आई। वहीं उर्वरक और सीमेंट उत्पादन ने बेहतर प्रदर्शन किया, क्रमशः 5.6 प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। मासिक आधार पर आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर से नवंबर के बीच अधिकांश क्षेत्रों में सुधार हुआ। एक अर्थशास्त्री के अनुसार त्योहारों के बाद नवंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुधरी, लेकिन यह अभी भी सुस्त है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक नवंबर में 3.5-4.5 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है।

## उत्सर्जन धोखाधड़ी मामले में मर्सिडीज-बेंज 14.96 करोड़ डॉलर भुगतान करेगी

**मैडिसन ।** मर्सिडीज-बेंज यूएसए और उसकी मूल कंपनी डेमलर एजी ने उत्सर्जन धोखाधड़ी के आरोपों के निपटान के लिए 14.96 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। अटॉर्नी जनरल के एक गठबंधन ने यह घोषणा की। 008 से 2016 के बीच, जर्मनी की कंपनी ने 211,000 से अधिक डीज़ल कारों और वैनों में ऐसा सॉफ़्टवेयर लगाया, जो परीक्षण के समय उत्सर्जन नियंत्रण को बेहतर दिखाता था, लेकिन सामान्य संचालन में यह नियंत्रण कम कर देता था। मझौते के तहत मर्सिडीज को रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना होगा और किसी भी प्रकार की भ्रामक बिक्री या विपणन से बचना होगा। 2020 में कंपनी ने अमेरिकी सरकार और कैलिफ़ोर्निया राज्य को पहले ही 1.5 अरब डॉलर का भुगतान किया था। इसी तरह वोल्क्सवेगन को पहले उत्सर्जन धोखाधड़ी के मामलों में 2.8 अरब डॉलर का भुगतान करना पड़ा था।

# 'जी राम जी: ग्रामीण भारत में विश्वास और उम्मीद'



डॉ. प्रियंका सौरभ

वर्तमान सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है-विकास को केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा जाए। इसके लिए योजना का कायमी प्रभाव और पारदर्शी क्रियान्वयन आवश्यक है। इसके तहत ग्रामीण रोजगार, खाद्यान्न वितरण, महिला सशक्तिकरण और न्यूनतम आय सुरक्षा जैसी नीतियाँ लागू की गई हैं। इन नीतियों के परिणामस्वरूप ग्रामीण और वंचित वर्ग में भरोसा और उम्मीद दोनों बढ़ी हैं।

भारत की राजनीति में विश्वास केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जन-धारणाओं और नीतिगत परिणामों का प्रतिफल है। 'विकसित भारत-जी राम जी' बिल और उससे जुड़ी योजनाएँ इस विश्वास की कसौटी पर खड़ी हैं। जब केंद्र सरकार ने यह बिल संसद में प्रस्तुत किया, तो उसके पीछे सतत विकास, सामाजिक न्याय और ग्रामीण कल्याण के विचार थे। यह बिल केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि 125 करोड़ लोगों तक पहुँचने वाली योजनाओं का प्रतीक है।

वर्तमान सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है-विकास को केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा जाए। इसके लिए योजना का कायमी प्रभाव और पारदर्शी क्रियान्वयन आवश्यक है। इसके तहत ग्रामीण रोजगार, खाद्यान्न वितरण, महिला सशक्तिकरण और न्यूनतम आय सुरक्षा जैसी नीतियाँ लागू की गई हैं। इन नीतियों के परिणामस्वरूप ग्रामीण और वंचित वर्ग में भरोसा और उम्मीद दोनों बढ़ी हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था हमेशा असुरक्षित रही है। कृषि पर आधारित जीवन शैली, सीमित औद्योगिक विकास और मौसमी रोजगार की अस्थिरता ने ग्रामीणों को अस्थायी रोजगार और पलायन की ओर मजबूर किया। इस संदर्भ में, केंद्र सरकार की ग्रामीण रोजगार योजना एक जागरूक प्रयास है।

यह योजना न केवल रोजगार उपलब्ध कराती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निर्माण और उत्पादन गतिविधियों को भी बढ़ावा देती है। महिलाओं की भागीदारी, युवा शक्ति का नियोजन और स्थानीय संसाधनों का उपयोग, योजना को स्थायी और प्रभावी बनाता है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि ग्रामीण आर्थिक सुरक्षा महसूस करें और पलायन कम हो।

महिलाओं का भाग्य सुधारना केवल सामाजिक न्याय का सवाल नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और सामुदायिक स्थिरता का भी संकेत है। 'जी राम जी' योजना के तहत महिलाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर दिए गए हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव देखा जा सकता है-महिलाओं ने अपने परिवार की आय में योगदान बढ़ाया, स्थानीय उत्पादकता में हिस्सेदारी ली, और अपने समाज में निर्णय लेने की क्षमता विकसित की।



महिला सशक्तिकरण का यह आयाम योजना की दीर्घकालिक सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जब महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है, तो परिवार के स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के मानक भी सुधरते हैं। इस तरह, योजना केवल आर्थिक सुधार तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की नींव भी तैयार करती है।

भारत में खाद्य सुरक्षा हमेशा सामाजिक राजनीति का केंद्र रही है। गरीब और वंचित वर्ग को आवश्यक खाद्यान्न और न्यूनतम आय सुरक्षा प्रदान करना केवल दान या राहत नहीं, बल्कि न्याय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। जी राम जी बिल ने इस दिशा में कदम बढ़ाए।

125 करोड़ लाभार्थियों तक पहुँचने वाली योजना का प्रत्यक्ष परिणाम यह है कि भोजन और आय का भरोसा पैदा हुआ है। गरीब वर्ग अब केवल दिन-प्रतिदिन के संघर्ष में नहीं फँसा है, बल्कि भविष्य की योजनाओं में भागीदारी और उम्मीद महसूस करता है। यह भरोसा सरकार और जनता के बीच संबंध की मजबूती का परिचायक है।

सभी नीतियों में आलोचना होना स्वाभाविक है। विपक्ष ने सवाल उठाया है कि-क्या यह योजना दीर्घकालिक आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए पर्याप्त है? क्या यह केवल अस्थायी राहत है? क्या इसके क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित है?

इन सवालों का महत्व है। विकास केवल तुरंत परिणामों से मापा नहीं जा सकता। इसे स्थायित्व, निगरानी और समयबद्ध सुधार के साथ देखा जाना चाहिए। आलोचना यह भी याद दिलाती है कि राजनीतिक विश्वास स्थायी तभी बनता है जब योजना के परिणाम लगातार दिखाई दें और जनता के अनुभव से मेल खाते हों।

राजनीतिक विश्वास केवल चुनावी रैलियों या भाषणों से नहीं बनता। यह तब मजबूत होता है जब जनता नतीजे देखे, अनुभव करे और महसूस करे। 'जी राम जी' योजना इस दृष्टि से अनूठी है-यह दिखाती है कि यदि सरकार व्यवस्था, नीति और क्रियान्वयन को संतुलित रखे, तो जनता का भरोसा बढ़ सकता है।

साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार सतत निगरानी और सुधार करती रहे। योजना की प्रभावशीलता तभी बनी रहती है जब स्थानीय प्रशासन, पंचायत और लाभार्थियों के बीच संवाद और जवाबदेही हो। यह लोकतांत्रिक शासन की सबसे बड़ी ताकत है।

भरोसे और नीतियों की कसौटी पर 'जी राम जी' बिल ने एक नई मिसाल कायम की है। भविष्य में इसके और भी सफल होने के लिए कुछ कदम आवश्यक हैं।

स्थायित्व और विस्तार: योजना को केवल वर्तमान लाभार्थियों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि नई तकनीक और कौशल विकास के साथ इसे बढ़ाया जाए।

पारदर्शिता: सरकारी योजनाओं में लाभार्थियों तक जानकारी, निगरानी और रिपोर्टिंग पारदर्शी हो।

स्थानीय उद्योग और उत्पादन: रोजगार केवल सरकारी कार्यों तक सीमित न हो, बल्कि स्थानीय उद्योग और स्वरोजगार को प्रोत्साहित किया जाए।

महिला और युवा सशक्तिकरण: महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाए ताकि समुदाय आधारित विकास सुनिश्चित हो।

अर्थव्यवस्था और विकास का संतुलन: योजनाओं से केवल रोजगार या राहत न हो, बल्कि स्थायी आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले।

'जी राम जी' बिल और उससे जुड़ी योजनाएँ यह स्पष्ट करती हैं कि भरोसा और परिणाम राजनीति में दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। केवल घोषणाओं या भाषणों से जनता का विश्वास नहीं बनता। इसे क्रियान्वयन, पारदर्शिता और परिणाम के साथ जोड़ना आवश्यक है।

इस पहल ने दिखाया कि यदि सरकार योजनाओं को समयबद्ध, प्रभावी और सतत तरीके से लागू करे, तो विश्वास केवल टिकता ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र और समाज की मजबूती का प्रतीक बन जाता है।

संक्षेप में, भरोसा केवल राजनीति का जरिया नहीं, बल्कि विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक स्थायी स्तंभ बन सकता है। 'जी राम जी' बिल इस कसौटी पर खड़ा होता दिख रहा है, और यदि इसे सुधार और सतत निगरानी के साथ आगे बढ़ाया जाए, तो यह भारत के ग्रामीण विकास और लोकतांत्रिक विश्वास का आदर्श मॉडल बन सकता है।

## संपादकीय

### जानलेवा आबोहवा

देश-दुनिया में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भारी चिंता है, लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही संकट नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है। दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर आने वाली दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बना रहना, निश्चय ही खतरे की घंटी है। दिल्ली सरकार द्वारा उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम-होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, तोड़फोड़ व निर्माण पर रोक के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। इसी बीच, चीन के दूतावास ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश की है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें दिल्ली में एक्यूआई 447 व बीजिंग में 67 दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत व चीन दोनों ही तीव्र शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन चीन ने योजनाबद्ध ढंग से उस परिदृश्य को दूर किया है, जिसमें चीन के तमाम शहर सर्दियों में स्मॉग से ढके रहते थे। हालांकि, साम्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया। निस्संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### धर्म की शरण

हर संसारी प्राणी अपनी सुरक्षा के लिए शरण की खोज करता है। प्राणी उपयुक्त शरण मिलने पर उसे स्वीकार भी कर लेता है। बहिर्दर्शी व्यक्ति अपने पारिवारिक जनों को शरण मानता है। परिवार के लोग किसी सक्षम सदस्य को शरण मानते हैं। किंतु वे तुम्हें त्राण और शरण देने में समर्थ नहीं हैं और तुम उनको त्राण या शरण देने में समर्थ नहीं हो। यह आगम-वाणी मनुष्य को अपनी सही स्थिति का बोध देती है। वह जब चारों ओर से अत्राण और अशरण होकर असहाय हो जाता है, उस समय उसकी अंतमरुखी चेतना में चार प्रकार की शरण आविर्भूत होती है- अर्हत, सिद्ध, साधु और धर्म। ये चार तत्व ऐसे हैं, जो व्यक्ति को शात शरण दे सकते हैं। इन चारों शरणों में तीन तत्व किसी अपेक्षा से परे भी हो सकते हैं किंतु चौथा तत्व धर्म अपना निजी ही है। इसकी शरण में जाने के लिए कोई अपेक्षा नहीं केवल अपनी वृत्तियों को मोड़ने की जरूरत है।

धर्म क्या है? जो सबको समता और शांति का पाठ पढ़ाए, वह धर्म है। जिस धर्म के सहारे सुख-सुविधा के साधन जुटाए जाते हैं, प्रतिष्ठा की कृत्रिम भूख को शांत किया जाता है, प्रदर्शन और आडंबर को प्रोत्साहन दिया जाता है, उस धर्म की शरण स्वीकार करने से शांति नहीं मिल सकती। ऐसा धर्म समता का सूत्र नहीं दे सकता।

धर्म की व्याख्या में अब तक हजारों ग्रंथ लिखे जा चुके हैं, पर उनसे धर्म का सही रूप परिभाषित नहीं हो सका। क्योंकि अधिक व्याख्याकारों ने अपनी धारणा के परिवेश में उसे व्याख्यायित किया है। मेरे अभिमत से धर्म का अर्थ है स्वभाव। स्वभाव को उपलब्ध करने के लिए उसमें रमण करने की जरूरत है। जो व्यक्ति अपने स्वभाव में रमण कर लेता है, वह धर्म की शरण पा लेता है। उसे अपनी शरण उपलब्ध हो जाती है।

धर्म या स्वभाव- रमण का एक सूत्र है- पदार्थ प्रतिबद्धता का अभाव। कोई व्यक्ति अभाव या अतिभाव के कारण पदार्थ से प्रतिबद्ध नहीं होता है, यह वास्तव में धर्म नहीं है। अभाव में जो व्यक्ति संग्रह नहीं करता, वह त्यागी नहीं होता। इसी प्रकार अतिभाव में पदार्थ का विसर्जन करने वाला भी त्यागी नहीं हो सकता।

# उपभोक्ता जागरूकता से समृद्ध समाज की ओर - जागरूक होंगे, तभी मिलेगा इंसाफ



योगेश कुमार गोयल




उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को ह्यराष्ट्रीय उपभोक्ता दिवसह्न मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं।


राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्व अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें।

उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ने उपभोक्ताओं को छह प्रमुख अधिकार प्रदान किए हैं, जिनमें सुरक्षा का अधिकार के तहत खतरनाक वस्तुओं और सेवाओं से बचाव का अधिकार, सूचना का अधिकार के तहत वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता और कीमत की सही जानकारी का अधिकार, विकल्प का अधिकार के तहत प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर वस्तुओं और सेवाओं का चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार के तहत उपभोक्ता की शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिया जाना का अधिकार, निवारण का अधिकार के तहत उपभोक्ता की शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिया जाना का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं और शोषण के खिलाफ न्याय का अधिकार शामिल हैं। जहां तक उपभोक्ता की जिम्मेदारियां की बात है तो उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे खरीदारी से पहले उत्पाद की गुणवत्ता और वैधता की जांच करें, नकली और घटिया उत्पादों से बचने के लिए प्रमाणित ब्रांड्स को ही प्राथमिकता दें, अपनी शिकायतों को दर्ज कराने में सक्रिय रहें, जागरूकता फैलाने में योगदान दें।


अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। दरअसल विभिन्न छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

# भारतीय राजनीति में चयनात्मक संवेदनशीलता



डॉ राघवेंद्र शर्मा

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति और उस पर भारतीय विमर्श में व्याप्त चुनिंदा संवेदनशीलता एक गंभीर और विचारणीय विषय है। बांग्लादेश में दीपचंद की हालिया हत्या और भारतीय गलियारों मेंउसके बाद की राजनीतिक चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। यह भारतीय राजनीति का वह विद्रूप चेहरा है जो इन विसंगतियों और भेदभावपूर्ण दृष्टिकोणों का विश्लेषण करने की असीमित सामग्री मुहैया कराता है। हाल के दिनों में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की खबरें विचलित करने वाली रही हैं। दीपचंद की नृशंस हत्या इसी सिलसिले की एक और काली कड़ी है। लेकिन इस घटना से भी अधिक चौंकाने वाली बात है भारतीय राजनीतिक गलियारों में पसरा सन्नाटा। यह चुप्पी उस समय और भी गहरी लगने लगती है जब हम इसकी तुलना वैश्विक स्तर पर होने वाली अन्य घटनाओं से करते हैं। मैं व्यक्तिगत तौर पर अनुभव किया है कि मामला हमारे देश के भीतर का हो या फिर सीमा पार का, यदि वहां जुल्म का शिकार कोई हिंदू है तो तुष्टिकरण की शिकार भारतीय राजनीति में इसका चर्चा तक नहीं होता। लेकिन यदि किसी अल्पसंख्यक पर, खासकर मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति के साथ सात समुंदर पार भी कोई घटना घटित हो जाए तो भारत में हाय तौबा मच जाती है। हमें याद करना होगा, जब इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष होता है, तो भारत की सड़कों से लेकर संसद तक विरोध की लहर देखी जाती है। मानवाधिकारों के नाम पर रैलियां निकाली जाती हैं और विदेशी धरती पर हो रहे अन्याय के खिलाफ भारतीय नेता मुखर होकर बयान देते हैं। निस्संदेह, निदोर्षों की जान कहीं भी जाए, वह दुखद है। लेकिन प्रश्न तब उठता है जब पड़ोस के देश बांग्लादेश में, जहाँ की संस्कृति और इतिहास भारत से गहराई से जुड़े हुए हैं, वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर अधिकांश नेता मौन साध लेते हैं। क्या ढाका में मरने वाले दीपचंद का जीवन गाजा में मरने वाले किसी व्यक्ति से कम मूल्यवान है? बेशक नहीं, किंतु तुष्टीकरण की राजनीति और चयनात्मक संवेदनशीलता इस भेदभाव को उजागर तो करती ही है। स्पष्ट तौर पर लिखा जाए तो यह सत्य है कि भारतीय राजनीति में सेकुलरिज्म अर्थात पंथ निरपेक्षता की परिभाषा वोट बैंक के समीकरणों में उलझ कर रह गई है। जब किसी घटना में पीड़ित पक्ष बहुसंख्यक समुदाय (हिंदू) से होता है, तो कई राजनीतिक दल इसे दूसरे देश का आंतरिक मामला कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। इसके विपरीत, यदि पीड़ित पक्ष किसी विशिष्ट अल्पसंख्यक समुदाय से हो, तो उसे तुरंत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकारों के चश्मे से देखा जाने लगता है। भारतीय राजनीति में नुकसान और फायदे की सोच के चलते ऐसी प्रमुख विसंगतियाँ व्यापक पैमाने पर स्थापित हो गई हैं। इसे क्रियान्वयनों एवंप्रदर्शनों का दोहरा मापदंड भी कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए स्वीडन में कुरान जलाने की घटना पर गौर किया जाना उचित रहेगा। हजारों किलोमीटर दूर उस राष्ट्र में मुस्लिम समाज का पवित्र ग्रंथ कुरान जलाया जाता है, लेकिन भारत के कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन होते हैं। वहीं जब पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़ा जाता है, हिंदुओं की हत्या की जाती है, उनके घर जला दिए जाते हैं हिंदू महिलाओं बालिकाओं के बलात्कार होते हैं, तब अधिकांश भारतीय राजनेताओं और राजनीतिक दलों की तीखी एवं त्वरित प्रतिक्रिया नदारद बनी रहती है। ऐसे में आक्रामक बयानों का तो एक प्रकार से अकाल ही पड़ जाता है। फिलिस्तीन के समर्थन में ट्वीट करने वाले मानवाधिकार कार्यकर्ता और राजनेता बांग्लादेशी हिंदुओं के पलायन एवं हत्याओं पर चुप्पी साध लेते हैं। तो क्या यह मान लेना अनुचित है कि भारत में मानवीय संवेदनाओं का राजनीतिकरण हो गया है। किसी भी समाज के लिए यह खतरनाक संकेत है कि उसकी संवेदनाएं पीड़ित की पहचान देखकर जागती हों। यदि अन्याय हुआ है, तो वह अन्याय है–चाहे वह मुसलमान के साथ हो या हिंदू के साथ। जब राजनेता और बुद्धिजीवी केवल एक वर्ग के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं और दूसरे वर्ग की पीड़ा को नजरअंदाज करते हैं, तो वे समाज में अविश्वास की खाई को और चौड़ा करते हैं। किंतु बुद्धिजीवी लोगों को इस रहस्यमई चुप्पी के निहितार्थ स्पष्ट समझ में आते हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्मों पर भारतीय राजनेताओं की




यह सुविधाजनक चुप्पी न केवल वहां के अल्पसंख्यकों का मनोबल तोड़ती है, बल्कि कट्टरपंथी ताकतों को भी बढ़ावा देती है। उन्हें लगता है कि उनके कृत्यों का कोई अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विरोध नहीं होगा। लिखने का आशय यह है कि भारत हो अथवा कोई दूसरा देश, मानवाधिकार सार्वभौमिक होने चाहिए, चयनात्मक नहीं। यदि हम गाजा के लिए आवाज उठाते हैं, तो हमें ढाका के दीपचंद के लिए भी उतनी ही मजबूती से बोलना होगा। भारत के राजनेताओं को यह समझना होगा कि तुष्टीकरण की राजनीति अंततः न्याय के सिद्धांतों की हत्या करती है। जब तक मानवता को धर्म के चश्मे से देखा जाता रहेगा, तब तक दुनिया से अन्याय समाप्त नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिनाका गीतमाला का केंद्र रही श्रीलंका रेडियो सेवा के 100 वर्ष पूरे

**कोलंबो, एजेंसी।** हिंदी फिल्म संगीत को बिनाका गीतमाला जैसे अनूठे साप्ताहिक कार्यक्रम के जरिये लोकप्रिय बनाने वाली श्रीलंका की रेडियो सेवा ने इस हफ्ते अपने 100 वर्ष पूरे कर लिए। श्रीलंका की यह रेडियो सेवा पूरे भारत में कभी रेडियो सीलोन के नाम से लोकप्रिय थी। श्रीलंका की रेडियो सेवा आधिकारिक तौर पर 16 दिसंबर, 1925 को शुरू की गई थी। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, यह एशिया का पहला व्यावसायिक शॉर्ट-वेव स्टेशन था। हांगकांग में बदमाशों ने चाकू की नोक पर 6.4 अरब डॉलर लूटे हांगकांग , एजेंसी। हांगकांग में चाकू की नोक पर 6.4 अरब डॉलर की लूट मामले में चीन के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना शुंग वान क्षेत्र में मनी एक्सचेंज शॉप में हुई। उस समय दो कर्मचारियों से तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर रुपयों से भरे चार सूटकेस लूट लिए। कर्मचारी यह राशि बैंक में जमा कराने जा रहे थे। पुलिस को संदिग्धों का फरार वाहन मिल गया है। लूट में कुल चार लोग शामिल थे। हालांकि, केवल 43 वर्षीय एक शख्स ही पकड़ा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### नेपाल में विश्व ध्यान दिवस पर विशेष कक्षाएं, 50 हजार लोगों ने किया ध्यान



**काठमांडो, एजेंसी।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर रविवार को नेपाल में विशेष कक्षाएं आयोजित की गईं। आर्ट ऑफ लिविंग की नेपाल इकाई की तरफ से देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों ने ध्यान अभ्यास किया। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित विश्व ध्यान दिवस हर वर्ष 21 दिसंबर को विश्वभर में मनाया जाता है। इस बार दूसरा विश्व ध्यान दिवस था। आर्ट ऑफ लिविंग नेपाल के अनुसार, देश के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों, शैक्षिक संस्थानों, सरकारी व निजी कार्यालयों, पुलिस, नेपाली सेना की इकाइयों तथा सामुदायिक केंद्रों में ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सात दिवसीय विशेष ध्यान अभ्यास पूरा किया। आयोजकों के अनुसार, सभी सत्र प्रशिक्षित शिक्षकों व स्वयंसेवकों के सहयोग से संचालित किए गए। मुख्य कार्यक्रम काठमांडो के शंखमूल स्थित आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सुधा शर्मा ने बदलती जीवनशैली, तनाव, चिंता व अवसाद के कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि होने की बात कही। उन्होंने इन समस्याओं की रोकथाम और प्रबंधन में ध्यान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### पाकिस्तान को मिला तुर्किये की चापलूसी का इनाम, नौसेना में शामिल हुआ युद्धपोत पीएनएस खैबर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी नौसेना को तुर्किये की चापलूसी का इनाम मिला है। तुर्किये में बनाया गया दूसरा एमआईएलजीईएम श्रेणी का जहाज रविवार को इस्लामाबाद को मिल गया है। यह जहाज दोनों देशों के बीच तकनीक हस्तांतरण समझौते क तहत बनाया गया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने एक बयान में कहा, इस्तांबुल नेवल शिपयार्ड में आयोजित एक समारोह में पीएनएस खैबर को कमीशन किया गया। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईब एर्दोआन और पाकिस्तान की नौसेना के प्रमुख एडमिरल नवीद अशरइस समारोह में मौजूद थे। बयान में दावा किया गया कि पीएन एमआईएलजीएम जहाज आधुनिक तकनीक वाले सतह युद्धपोत हैं। ये जहाज नवीनतम कमान एवं नियंत्रण प्रणाली से लैस हैं, जिन्हें आधुनिक हथियारों और सेंसर्स के साथ जोड़ा गया है।

# मुनीर बोले- भारत से जंग में अल्लाह की मदद मिली:नहीं तो हालात बिगड़ जाते

## मई में भारत ने 11 पाकिस्तानी एयरबेस तबाह किए थे



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया?, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए। मुनीर ने यह बयान 10 दिसंबर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कॉन्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए।

भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोलीबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे।

**मुनीर बोले- इस्लामी देशों में पाकिस्तान का खास दर्जा-** अपने भाषण में मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। मुनीर ने कहा कि दुनिया में 57 इस्लामी देश हैं, लेकिन अल्लाह ने पाकिस्तान को हरमैन शरीफैन यानी मक्का और मदीना की हिफाजत का सम्मान दिया है।

**कहा- अफगानिस्तान टीटीपी और पाकिस्तान में से एक को चुने-** मुनीर ने पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा हालात पर भी बात की और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा कि वह पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) में से किसी एक को चुने। मुनीर का आरोप है कि पाकिस्तान में घुसपैठ करने वाले ञ्जञ्जक्क के आतंकियों में करीब 70% अफगान हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाक नागरिकों के खून के लिए अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। मुनीर ने यह भी कहा कि किसी इस्लामी देश में जिहाद का ऐलान करने का अधिकार सिर्फ उस देश को होता है। बिना सरकार की इजाजत कोई फतवा जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की ज्यादातर आंतरिक समस्याओं के लिए अफगानिस्तान से आए हुए लोग जिम्मेदार हैं।

**आसिम मुनीर पहले भी कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं-** आसिम मुनीर पहले भी कई बार कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं।

इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा था- आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ीं। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई।

**4 दिसंबर को सीडीएफ नियुक्त हुए पाकिस्तान सरकार ने 4 दिसंबर को** आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया था। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एकसाथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था।

पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत मुनीर को सीडीएफ बनाया गया। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल गई यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन गए हैं। दरअसल 29 नवंबर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवंबर 2025 को खत्म हो गया।

## इंडोनेशिया में बस एक्सीडेंट में 15 लोगों की मौत, 34 लोग सवार थे



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के जावा आइलैंड पर आधी रात के बाद एक पैसेंजर बस हादसे का शिकार हो गई, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बस में कुल 34 लोग सवार थे। ड्राइवर टोल रोड पर बस से कंट्रोल खो बैठा, जिसके बाद बस एक कंक्रीट की दीवार से टकराई, फिर पलटकर सड़क किनारे गिर गई।

रेस्क्यू एजेंसी के प्रमुख बुडियोनों ने बताया कि यह इंटर स्टेट बस राजधानी जकार्ता से देश के ऐतिहासिक शहर योग्या जा रही थी। हादसा होते ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

**10 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा-** पुलिस ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस राजधानी जकार्ता से प्राचीन शाही शहर योग्यकार्ता जा रही थी। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुडियोनो ने कहा, 'तेज टक्कर से कई यात्री बाहर गिर गए और बस की बॉडी में फंस गए।'

पुलिस और बचाव दल दुर्घटना के लगभग 40 मिनट बाद पहुंचे और घटनास्थल पर मारे गए छह यात्रियों के शव बरामद किए। बुडियोनो ने बताया कि अन्य 10 लोगों की अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान मौत हो गई।

**घायलों में से कई की हालत गंभीर-** हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है और 13 अन्य लोग भी गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दिखाया गया कि पीली बस अपने किनारे पर पलटी हुई थी और नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के कर्मियों, पुलिस और राहगीरों से घिरी हुई थी, जबकि एम्बुलेंस पीड़ितों और मृतकों को ले जा रही थी।

## दक्षिण अफ्रीका में शराबखाने के पास मास शूटिंग, 10 की मौत, 10 घायल



**जोहान्सबर्ग , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हमले का मकसद फिलहाल स्पष्ट नहीं है। गौतेंग प्रांत की पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर ब्रेंडा मुरीडिली ने बताया कि कुछ पीड़ितों को सड़कों पर अचानक गोली मारी गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। यह गोलीबारी बेकर्सडाल के एक शराबखाने के पास हुई। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश जारी है।

यह इस महीने दक्षिण अफ्रीका में दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। इससे पहले 6 दिसंबर को राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में हुई फायरिंग में 12 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक तीन साल का बच्चा भी शामिल था। पुलिस के मुताबिक, उस हॉस्टल में अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। 6.3 करोड़ की आबादी वाले दक्षिण अफ्रीका में अपराध की दर बेहद अधिक है और यह दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां हत्या की दर सबसे ज्यादा है।

## भूकंप से हिला तिब्बत, 3.5 मापी गई तीव्रता

**ल्हासा , एजेंसी।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को तिब्बत में 3.5 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए बताया कि भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर भारतीय समयानुसार रात 8:29 बजे आया। 'भूकंप की तीव्रताः 3.5, दिनांकः 21/12/2025, भारतीय समयानुसार रात 8:29:27 बजे, अक्षांशः 28.51 उत्तर, देशांतरः 87.57 पूर्व, गहराईः 10 किमी, स्थानः तिब्बत। इससे पहले 5 दिसंबर को तिब्बत में 3.0 तीव्रता का भूकंप आया था। बता दें कि उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। इसका कारण यह है कि उथले भूकंपों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों को सतह तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ती है, जिसके परिणामस्वरूप जमीन में अधिक कंपन होता है और इमारतों को अधिक नुकसान और अधिक जानमाल का नुकसान होने की संभावना रहती है। तिब्बती पठार विवर्तनिक प्लेटों के टकराव के कारण अपनी भूकंपीय गतिविधि के लिए जाना जाता है।

**नाइजीरिया में अगवा किए गए 130 स्कूली बच्चे और स्टाफ सुरक्षित रिहा : अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया में पिछले महीने अगवा किए गए 130 स्कूली बच्चों और स्कूल स्टाफ को सुरक्षित रिहा कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को इसकी पुष्टि की। 21 नवंबर को हथियारबंद लोगों ने नाइजर राज्य के सेंट मैरी कैथोलिक स्कूल पर हमला कर कम से कम 303 बच्चों और 12 शिक्षकों का अपहरण कर लिया था। घटना के कुछ घंटों बाद 50 बच्चे भागने में सफल रहे थे, जबकि इस महीने की शुरुआत में 100 बच्चों को रिहा किया गया था। पुलिस के अनुसार, अब बाकी बचे सभी 130 पीड़ितों को भी छोड़ दिया गया है। इनमें स्कूल का स्टाफ भी शामिल है। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि बच्चों को सोमवार को राज्य की राजधानी मिना लाया जाएगा, जहां वे क्रिसमस से पहले अपने परिवारों से मिल सकेंगे। सरकार ने कहा कि यह रिहाई सेना और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई के बाद संभव हुई। हालांकि, अब भी कुछ बच्चों और शिक्षकों की स्थिति को लेकर पूरी जानकारी साझा नहीं की गई है।

**फिलीपींस ने चीनी आयात पर ब्रेक बढ़ाया, 2026 तक रहेगा प्रतिबंध : मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस सरकार ने चीनी आयात पर लगे प्रतिबंध को दिसंबर 2026 तक बढ़ाने का फैसला किया है। देश के कृषि विभाग ने कहा कि घरेलू चीनी उत्पादन में सुधार और बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए आयात पर रोक को और लंबी अवधि के लिए जारी रखना जरूरी है। कृषि मंत्री फ्रांसिस्को तिउ लॉरेल ने कहा,चीनी उत्पादन और मांग के मौजूदा आकलन के आधार पर, पहले सुझाई गई अवधि से ज्यादा लंबे आयात प्रतिबंध की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि देश में कच्ची चीनी का घरेलू उत्पादन मजबूत हुआ है, इसलिए सरकार की प्राथमिकता स्थानीय चीनी को बढ़ावा देना और बाजार को स्थिर बनाए रखना है। बतौर शुगर बोर्ड के अध्यक्ष, तिउ लॉरेल ने कहा कि शुगर रेगुलेटरी एडमिनिस्ट्रेशन अब रिफाइनरियों की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखेगा, ताकि स्टैंडर्ड और प्रीमियम रिफाइंड शुगर के भंडार की सटीक जानकारी बनी रहे। इस बीच, फिलीपींस सांख्यिकी प्राधिकरण ने 9 दिसंबर को जारी आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर महीने में देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत हुआ है। उत्पादन मूल्य सूचकांक में सालाना आधार पर 1.7त्न की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं उत्पादन मात्रा सूचकांक भी बढ़कर 1.4 प्रतिशत हो गया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा योगदान कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादों के निर्माण से आया, जिसमें 16.8त्न की तेज वृद्धि दर्ज हुई।

# इस्राइली सेना ने गाजा युद्धविराम का उल्लंघन करने वाले आतंकवादियों पर बरसाई गोलियां

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि रविवार सुबह उत्तरी गाजा पट्टी में तैनात यरुशलम ब्रिगेड की लड़ाकू टीम के जवानों ने येलो लाइन के पास जमा हुए कुछ संदिग्धों की पहचान की और उन्हें तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलाईं। गोलियां चलाने के बाद, तीन आतंकवादी येलो लाइन पार कर गए और बलों की ओर इस तरह बढ़े, जिससे उन्हें तत्काल खतरा पैदा हो गया। इसके अलावा उत्तरी गाजा पट्टी में दो अन्य घटनाओं में, इस्राइली बलों ने येलो लाइन पार करने वाले दो आतंकवादियों की पहचान की और इस तरह बढ़े जिससे उन्हें खतरा पैदा हो गया। तीनों घटनाओं में बलों के निर्देश पर इस्राइली वायु सेना ने खतरे को खत्म करने के लिए आतंकवादियों पर हमला किया। आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि आतंकवादी मारे गए या घायल हुए। येलो लाइन उन क्षेत्रों को चिह्नित करती है जहांइस्राइली बल गाजा युद्धविराम समझौते के तहत कार्रवाई जारी रखे हुए हैंः इज़राइल इस रेखा के पूर्व, उत्तर और दक्षिण में सभी क्षेत्रों को नियंत्रित करता है और हमास और अन्य आतंकवादियों को इसे पार करने की मनाही है। नेपाल हवाई अड्डे पर दो भारतीयों को नशीले पदार्थों के साथ पकड़ा नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मादक पदार्थों की तस्करी के सिलसिले में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक रणजीत सिंह (33) को हवाई अड्डे के आगमन क्षेत्र में 4.284 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सिंह बैंकॉक से थाई एयरवेज की फ्लाइट से नशीले पदार्थ लेकर आया था, तभी हवाई अड्डे की सुरक्षा और सीमा शुल्क कार्यालयों के पुलिस के एक संयुक्त दल ने सुरक्षा जांच के दौरान उसे रोककर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि एक अन्य भारतीय नागरिक पुनीत शर्मा (33) को भी हवाई अड्डे के पार्किंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जब वह प्रतिबंधित सामान लेने के लिए वहां पहुंचा था। दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो को सौंप दिया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया के बीच पर हमला करने वाले बाप-बेटे ने सीक्रेट जगह ट्रेनिंग ली थी



**डरबन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर 14 दिसंबर को हुए आतंकी हमले के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। कोर्ट में पेश किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, इस हमले के आरोपी बाप-बेटे ने एक गांव के सीक्रेट इलाके में बंदूक चलाने की ट्रेनिंग ली थी।

दस्तावेज में बताया गया है कि 50 साल के साजिद अकरम और उनके 24 साल के बेटे नवीद अकरम का एक वीडियो मिला है। इस वीडियो में दोनों राइफल और शॉटगन पकड़े हुए नजर आते हैं और ऐसे तरीके से चलते दिखते हैं जैसे किसी खास तरह की ट्रेनिंग ले रहे हों। कोर्ट के मुताबिक, दोनों वीडियो में गोली चलाते और रणनीति के साथ आगे बढ़ते दिखते हैं।

बॉन्डी बीच पर उस समय हमला हुआ था जब वहां यहूदी परिवार हनुक्का का त्योहार मना रहे थे। तभी अचानक गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने मौके पर ही साजिद अकरम को मार गिराया था। उनके बेटे नवीद को गिरफ्तार कर लिया गया और अब उस पर आतंकवाद का मामला, 15 लोगों की हत्या और 40 लोगों की हत्या की कोशिश के आरोप लगे हैं। कोर्ट के कागजों में यह भी कहा गया है कि गोली चलाने से ठीक पहले पिता और बेटे ने भीड़ की ओर चार देसी बम फेंके थे, लेकिन किस्मत से वे फटे नहीं। इनमें तीन पाइप बम और एक टेनिस बॉल में रखा बम बताया गया है। जांच में सामने आया है कि ये सभी बम फट सकते थे। इसके अलावा, जिस गाड़ी से वे हमले के लिए आए थे उसकी डिक्की में एक और संदिग्ध बम रखा हुआ था। जांच एजेंसियों को कुछ वीडियो भी मिले हैं, जिन्हें दोनों ने खुद रिकॉर्ड किया था। इन वीडियो में वे धार्मिक कट्टर सोच से जुड़ी बातें करते दिखते हैं। एक वीडियो में वे इस्लामिक स्टेट के झंडे की तस्वीर के सामने खड़े होकर बयान देते हैं और अपने हमले को सही ठहराने की कोशिश करते नजर आते हैं। कोर्ट का कहना है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि पिता और बेटे ने इस आतंकी हमले की कई महीनों तक बहुत सोच-समझकर योजना बनाई थी। उन्होंने पहले ट्रेनिंग ली, हथियार और बम जुटाए और फिर मौका देखकर इस हमले को अंजाम दिया।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प की फोटो फिर अपलोड:इसमें मेलानिया ट्रम्प की भी तस्वीर

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका की राजनीति में एपस्टीन फाइल्स के जारी होने के बाद हंगामा मचा हुआ है। देश की नामी गिरामी हस्तियों के नाम इसमें सामने आए हैं। बिल क्लिंटन के बाद डोनाल्ड ट्रंप का नाम भी इसमें नजर आया था। हालांकि, ट्रंप से जुड़ी एक तस्वीर को हटा दिया गया था लेकिन भारी विरोध के बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने एक बार फिर से इन तस्वीरों को बहाल कर दिया है और इसके साथ ही तस्वीर हटाने की वजह भी बताई है। न्यूयॉर्क के सरकारी वकीलों ने पहले इस तस्वीर पर आपत्ति जताई थी, क्योंकि इससे पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा हो सकता था। इसलिए एहतियात के तौर पर इस तस्वीर समेत कुल 16 फाइलों को कल वेबसाइट से हटा दिया गया था। जांच के बाद ऐसा कोई खतरा नहीं मिला, इसलिए फोटो को बिना किसी बदलाव के दोबारा जारी कर दिया गया। न्याय विभाग की तरफ से कहा गया कि न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट ने पीड़ितों की पहचान की सुरक्षा को देखते हुए इस तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया गया था। हालांकि, सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया के बाद इसे दोबारा अपलोड कर दिया गया। जारी की गई तस्वीर में एपस्टीन के किसी पीड़ित को साथ नहीं दिखाया गया है। एक तस्वीर में ट्रंप के साथ कुछ महिलाएं खड़ी दिखाई दे रही हैं। वहीं दूसरी ओर एक और तस्वीर में ट्रंप अपनी पत्नी मेलेनिया और जेफ्री एपस्टीन और उसकी गर्लफ्रेंड दिखाई दे रही है।



**न्याय विभाग ने क्या कहा-** इस तस्वीर को जारी करने के साथ न्याय विभाग ने कहा, 'न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट ने पीड़ितों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की एक तस्वीर को संभावित आगे की कार्रवाई के लिए चिह्नित किया था। इसी समीक्षा के बाद विभाग ने उस तस्वीर को हटा दिया था, लेकिन फिर बाद में यह पाया गया कि इसमें एपस्टीन की कोई पीड़िता नहीं है, इसके बाद इसे जारी किया गया।

**विपक्ष बोला- सरकार ट्रम्प को बचाने की कोशिश कर रही** तस्वीर हटाने के बाद डेमोक्रेट नेताओं ने आरोप लगाए कि सरकार ट्रम्प को बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने साफ कहा कि इसका ट्रम्प से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के अधिकारों से जुड़े समूहों ने फोटो हटाने को कहा था, ताकि सही जांच हो सके। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा है कि वह पूरी पारदर्शिता रखता है और सिर्फ वही जानकारी हटाता है जो कानून के मुताबिक जरूरी हो। डिपार्टमेंट को पीड़ितों, नाबालिगों और संवेदनशील जानकारी की पहचान छिपानी होती है। छ्ह्छ्ह ने यह भी साफ किया कि किसी बड़े या राजनीतिक व्यक्ति को बचाने के लिए कोई जानकारी नहीं हटाई जाएगी। डीओजे के पास कुछ ऐसे लोगों ने अपील दर्ज की है, जो खुद को पीड़ित बताते हैं और कुछ जानकारी हटाने की मांग करते हैं। ऐसे मामलों में कंटेंट को अस्थायी तौर पर हटाकर जांच की जाती है और जरूरत पड़ने पर सही बदलाव के साथ फिर जारी किया जाता है।

**वकील बोलीं- पीड़ितों की पहचान सही तरीके से नहीं छिपाई गई-** पीड़ितों की वकील ग्लोरिया ऑलरेड ने कहा कि कुछ दस्तावेजों में पीड़ितों के नाम और तस्वीरें ठीक से नहीं छिपाई गईं, जो गलत है। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ितों को फिर से दुख पहुंचा है। एक पीड़िता ने यह भी कहा कि उसका नाम सार्वजनिक कर दिया गया, जबकि उसे अपनी ही फाइल देखने की इजाजत नहीं दी गई थी। उसने इसे अन्याय बताया। इस पूरे मामले को लेकर ट्रम्प प्रशासन की आलोचना हो रही है।



# वेडिंग हेयर स्टाइल

**आप** अपनी वेडिंग में अलग दिखना चाहती हैं तो ट्रेंडी हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इन दिनों इंटर नैशनल हेयर स्टाइल की धूम है। ब्राइड भी इन्हें खूब आजमा रही हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट संगीता चौहान कहती हैं, 'अधिकतर दुल्हन हेयर स्टाइल में जूड़ा बनवाना पसंद करती हैं और अट्रैक्टिव बनाने के लिए इस पर फूल लगवा लेती हैं। लेकिन इस वेडिंग सीजन में ट्रेंडी हेयर स्टाइल फैशन में हैं। यह इंटरनैशनल हेयर स्टाइल है। अगर आप ग्लैमरस लुक चाहती हैं, तो इन हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।'

दुल्हन का हेयर स्टाइल उसकी ड्रेस और फेस कट को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। अगर दुल्हन सिर पर दुपट्टा रखती है तो जूड़ा बनवा सकती है। आजकल मार्केट में रेडीमेड डिजाइनर जूड़े खूब आ रहे हैं। आप अपनी पसंद का जूड़ा खरीद सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट भारती तनेजा कहती हैं, 'अगर सगाई या रिंग सेरेमनी में हेयर स्टाइल की बात है, तो उसमें स्ट्रेटिंग या खुले बाल रख सकती हैं, लेकिन शादी के मौके पर दुल्हन का हेयर स्टाइल कुछ डिफरेंट होना चाहिए। यही वजह है कि इन दिनों इंटरनैशनल हेयर स्टाइल ट्रेंड में हैं। दुलहन का हेयर स्टाइल उसके फेस कट के अनुसार होना चाहिए।' अगर फेस गोल या स्क्वायर है, तो आप फ्रंट के बालों को कर्ल करवा सकती हैं और बाकी बालों का ऊंचा-सा जूड़ा फबेगा। आजकल फ्रेंच नॉट जूड़ा फैशन में है। ब्यूटी एक्सपर्ट संगीता कहती हैं, 'पियर फेस वाली लड़कियों को ऊंचा जूड़ा व चोटी नहीं करनी चाहिए। आप अपने बालों में सेमी कलर्स या फ्रंट आपन जूड़ा बनवा सकती हैं। एबलॉग फेस वाली लड़कियों पर ऊंचा जूड़ा सूट नहीं करता। ऐसे में बालों का लेयर बनवा लें या आर्टिफिशल कर्ली बाल लगवा लें। अगर आप ग्लैमरस लुक चाहती हैं, तो ड्रेस से मैच करता हुआ सैटन बालों में लगवाएं। अगर दुलहन का फेस हार्ट शेप में है, तो फेस पर टॉप नॉट के साथ सेंटर पर फ्लिक खूब फबेगा।

संगीता कहती हैं कि उनके पार्लर में अब तक जितनी भी ब्राइड की बुकिंग हुई है, वे सभी इंटरनैशनल हेयर स्टाइल बनवा रही हैं। इन हेयर स्टाइल में आर्टिफिशल बाल यूज किए जाते हैं। यह कई वैरायटी व डिजाइन में हैं। इन्हें ब्राइड के बालों पर सेट करने के बाद उस पर हेयर एक्सेसरीज लगा दें। एक्सेसरीज में स्टोन, फ्लॉवर, स्टिक्स, कॉम्बोज खास हैं। एक्सेसरीज दुलहन की ड्रेस से मैच करती होनी चाहिए, ताकि हेयर स्टाइल ड्रेस से मैच करें।

अगर दुल्हन को मांग टीका लगाया है, तो उसके लिए अलग हेयर स्टाइल हैं। इन हेयर स्टाइल की खूबी है कि यह आपस में मिक्स नहीं होते और दोनों की खूबसूरती बरकरार रहती है। अगर दुल्हन की ड्रेस में स्टोन, क्रिस्टल व सितारा वर्क है, तो हेयर स्टाइल में इनका यूज कर सकती हैं। ब्राइड के हेयर स्टाइल को बनवाने में कम से कम 2 घंटे लगते हैं। जब हेयर स्टाइल बन जाएं, तो उस पर हेयर स्प्रे कर जरूर करें। इससे यह 10 से 12 घंटे तक यूं ही बनी रहेगी।

# दही बटाटा पूरी



**सामग्री :** 2/3 कप मिक्सड स्प्राउट्स (अंकुरित दालें), एक कप इमली-खजूर की चटनी, 3 कप ताजा दही, 2/3 कप उबले हुए आलू के टुकड़े, 6 पूरी (पानीपूरी वाली), बारीक सेव, 2-2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, कटी हुई हरी धनिया, नमक स्वादानुसार।

**विधि :** पानी पूरी वाले पूरी में आलू के टुकड़े, अंकुरित दालें और चटनी डालें। फिर इसके ऊपर थोड़ा-सा लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, नमक और हरी धनिया छिड़क दें। दही डालकर सर्व करें।

# यूं बरतें कुकिंग गैस

**विज्ञान** ने आज महिलाओं के गृह कार्यों को बहुत आसान बना दिया है परन्तु इतनी सुविधाएं होते हुए भी महिलाओं पर कार्य बोझ कम नहीं हो पाया है। उन सुविधाओं का पूरा लाभ लेना और उनको साज-संभाल कर रखना भी अपने आप में एक काम है।

कुकिंग गैस का प्रयोग जितना आसान है, उतनी ही इसे देखभाल की भी आवश्यकता है। गैस को किफायत से कैसे प्रयोग किया जाए और देखभाल कैसे की जाए, इस बारे में महिलाओं को पूरी जानकारी रखनी चाहिए।

- गैस के चूल्हे को सिलैंडर से थोड़ा दूरी पर रखना चाहिए। हो सके तो चूल्हा सिलैंडर से ऊंचा रखें।
- जब गैस का प्रयोग न करें तो उसके रैगुलेटर को अवश्य बंद कर दें।
- रसोईघर में खिड़की अवश्य रखें जिससे खाना बनते समय धुआ एकत्रित न हो सके।
- गैस ऑन करने से पहले यह तय कर लें कि क्या बनाना है, उसी हिसाब से बर्तन पहले निकाल कर रख लें। बर्तन गैस पर चढ़ा कर फिर गैस जलाएं।
- गैस पर भोजन बनाते समय प्रेशर कुकर का प्रयोग करें और दालें आदि भिगोकर रखें जिससे कम समय लगेगा व गैस की बचत होगी। खुले बर्तनों का प्रयोग कम से कम करें। यदि करना भी हो तो बर्तन को ढंक कर भोजन पकाएं।
- गैस मध्यम गति पर चला कर भोजन पकाएं।
- बर्तनों के आकार के अनुरूप बर्नर का चयन करें। छोटे बर्तन छोटे बर्नर वाली तरफ, बड़े बर्तन बड़े बर्नर वाली तरफ रखें जिससे गैस नष्ट नहीं होगी।
- फ्रिज से आटा, दाल, सब्जी बनाने से 10-15 मिनट पहले बाहर निकालें। गैस कम प्रयोग होगी।
- गैस की सफाई का खास ख्याल रखें। बर्नर पर पानी कम से कम डालें। जो छिद्र बंद हों, उन्हें पिन से खील दें।
- गैस पाइप की समय-समय पर जांच करवाएं। कभी भी लोकल, सस्ती पाइप न खरीदें। कोशिश करें आई. एस. आई. मार्क की पाइप ही गैस वालों से खरीदें।
- कभी भी गैस से किसी प्रकार की दुर्गंध आए तो गैस बंद कर एजैंसी वालों को फोन करें।
- बच्चों से गैस दूर रखें। छोटे बच्चों को खाना बनाते समय दूर रखें और 12 साल से छोटे बच्चों को गैस जलाने या बंद करने को न कहें।



# कैसे बनाएं बच्चों को आत्मनिर्भर



**सिम्मी** अपने माँ-बाप की लाड़ली बिटिया थी। बचपन में उसकी हर फरमाइश पूरी होती व माँ-बाप उसके आगे-पिछे घूमते कि उनकी बेटी को किसी तरह का कष्ट न हो। धीरे-धीरे सिम्मी बड़ी होती रही माँ-बाप व्यस्त रहने लगे। सिम्मी अपना काम भी मम्मी पापा से करवाती। स्वयं कुछ न करती। सिम्मी को काम करने की आदत जो न थी। माँ-बाप भी अब उससे दु:खी रहने लगे कि अपना कार्य को स्वयं करे।

हमें भी कल ऐसा ही दु:ख उठाने पर मजबूर होना पड़े। तो क्यों न शुरू से ही अपने बच्चों को उनका स्वयं का काम उन्हें खुद ही करने व हर तरह का रचनात्मक कार्य करने की प्रेरणा दें। ब्रश, पेस्ट, टॉवेल बच्चे की पहुँच के पास हो यानी बच्चा स्वयं ब्रश कर अपना सामान वापस वहीं रखे। ऐसा आपको सिखाना पड़ेगा। इससे बच्चा कुछ मांगेगा ही नहीं। जरूरत का सामाम मांगने से पहले ही उसे दें व समझाएं। स्कूली, यूनीफार्म, शूज खिलौने वगैरह सब एक जगह रखें। बच्चे को स्वयं खाना खाने की आदत डालें। अक्सर माताएं बहुत बड़े बच्चे को भी अपने हाथ से खिलाती पिलाती हैं। यह गलत हैं। स्वयं कार्य करने की प्रेरणा दें। छोटा-मोटा सामान नजदीकी दुकान से बच्चों से मंगाती रहें। एक तो उन्हें बचपन में ही शॉपिंग करनी आ जाएगी, दूसरे डर व संकोच भी खत्म होगा। वैसे बचपन में छोटे बच्चों को काम करने का कुछ ज्यादा ही शौक होता है, लेकिन उनके अभिभावक कार्य करने से रोकते हैं। अगर वे करते हैं तो करने दें चाहे गलत ही क्यों न हो। गलत करने के पश्चात ही बच्चा सीखता है। उसे कार्य करने की प्रेरणा दें व शाबाशी अवश्य दें।

बच्चों को शुरू से ही शिष्टाचार सिखाएं व रोज ही अच्छी बातों का ज्ञान दें व बार-बार दोहराएं भी। तभी बच्चे के दिमाग में बात बैठती है। अक्सर घर का कोई मेम्बर बच्चों का स्कूल का काम स्वयं कर देता है। ऐसा बिल्कुल न करें। स्वयं अपने पास बिठाकर बच्चों का गृहकार्य कराएं। दूसरों की वस्तु का प्रयोग करने से स्वयं तो बचें ही, बच्चों को भी रोकें। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना व बचत करना भी सिखाएं व बचत का मतलब भी समझाएं। आगे के लिए उसकी बहुत अच्छी आदत बन जाएगी। रात को टॉयलेट वगैरह करवा कर बच्चों के हाथ मुंह धोकर सुलाने की आदत डालें व ऐसा उन्हें स्वयं करने दें। इससे नींद भी अच्छी आएगी।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 1936



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

**काकुरो - 1935 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)- मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका- ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी- वह कैसे?

प्रेमिका- मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

□ □ □

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से- प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका- कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी- मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

□ □ □


प्रेमी (प्रेमिका से)- अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका- मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी- क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1936




**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1935**



## सूडोकु -1936


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1935 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 1936



**बाएँ से दाएँ**

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

**शब्द पहेली - 1935 का हल**



## नरेला औद्योगिक क्षेत्र में जूता फैक्ट्री में लगी आग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के नरेला औद्योगिक क्षेत्र के जे-3079 में रविवार देर रात एक जूता फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के प्रवक्ता एके मलिक ने बताया कि दमकल कंट्रोल रूम को रात करीब 10:58 बजे सूचना मिली कि नरेला औद्योगिक क्षेत्र में हरिश्चंद्र रोड के पास स्थित एक जूता फैक्ट्री में आग लग गई है। सूचना मिलने के बाद शुरुआती तौर पर पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। वहीं जूता व प्लास्टिक ज्यादा होने के कारण आग तेजी से फैली। आग की गंभीरता को देखते हुए कुछ ही मिनटों में अतिरिक्त संसाधनों की मांग की गई। रात 11:05 बजे आग को मेक-4 (बड़ा) घोषित किया गया। जिसके बाद दमकल की 12 और गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग फैक्ट्री के अंदर लगी मशीनों, जूते के डिब्बों और तैयार जूतों में फैल गई थी। फैक्ट्री की इमारत बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और दो मंजिलों की थी। जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 150 वर्ग गज था।

## जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार ने थावे मंदिर में सोने का हार और मुकुट किया भेंट, माता का हुआ भव्य श्रृंगार

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज के प्रसिद्ध थावे मंदिर में हुई करोड़ों की चोरी के बाद अब तक चोरों का सुराग नहीं लग सका है। इस बीच, जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पांडेय ने पहल करते हुए माता भवानी को सोने का हार (नेकलेस) और मुकुट भेंट किया। चोरी की घटना के पांच दिन बाद हुई इस भेंट के बाद मंदिर में माता का भव्य श्रृंगार किया गया। भव्य श्रृंगार के बाद दर्शन के लिए पट खोले गए। मां के नए श्रृंगार को देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद मांगा। भेंट किए गए सोने के हार और मुकुट में माता का श्रृंगार देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बता दें कि 17 दिसंबर को मंदिर में गर्भगृह से माता के सोने के मुकुट, सोने की छतरी और सोने का हार चोरी कर लिया गया था। पुलिस के हाथ लगे सीसीटीवी फुटेज में दो चोरों की तस्वीर सामने आने के बाद भी गोपालगंज पुलिस अब तक चोरों का सुराग पाने में विफल रही है। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए एक लाख का इनाम भी रखा है, लेकिन अब तक चोरों का कोई पता नहीं मिल सका है। इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीओपी प्रभारी धीरज कुमार को निलंबित कर दिया है जबकि बिहार स्पेशल ऑक्जिलियरी पुलिस (सैप) के चार जवानों को बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस ने जांच के क्रम में मंदिर के पुजारी सहित 35 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

## भगवान का नाम सुमिरन करने से मिटती आत्मा की भूखः संत मुमुक्षु रामजी महाराज

**भीलवाड़ा।** कलिकाल में इस जीवन का कोई भरोसा नहीं है। जब जागे तभी सवेरा है इसलिए अब तक नहीं जुड़े तो तुरन्त प्रभु भक्ति के मार्ग से जुड़ जाए। जीवन वहीं श्रेष्ठ है जो प्रभु के काम आए। शरीर का भोजन अन्न तो आत्मा का भोजन भजन है। आत्मा को पुष्ट करने के लिए भजन जरूरी है। आत्मा की भूख भगवान का नाम सुमिरन करने से मिटती है इसलिए प्रतिदिन भजन अवश्य करना चाहिए। ये बात शहर के रोडवेज बस स्टेण्ड के पास अग्रवाल उत्सव भवन में पोरवाल परिवार की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव दूसरे दिन व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए सोजत रामद्वारा के रामस्नेही संत श्री मुमुक्षु रामजी महाराज ने कही। दूसरे दिन नारद व्यास संवाद, श्री शुक्र परीक्षित जन्म, भीष्म उपदेश प्रसंग का वाचन हुआ। कथा में रामस्नेही संत डॉ. रामस्वरूप शास्त्री का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। संत श्री मुमुक्षु रामजी महाराज ने कहा कि उन्होंने कहा कि सेवा हमेशा परमार्थी बन कर करनी चाहिए। जिसके जीवन में परमार्थ आ गया उसका स्वार्थ स्वतः सिद्ध हो जाता है। स्वार्थभाव से कार्य करने वालों की स्थिति माया मिली न राम वाली हो जाती है। प्रबल वहीं होता है जो निर्बल को सहयोग करे। दान करने से कलयुग में जीव को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि हम जैसा अन्न खाते वैसा हमारा मन होता और जैसा पानी पीते वैसी हमारी वाणी हो जाती है। हमेशा अपनी संस्कृति के अनुरूप हमारा जीवन आचरण होना चाहिए।

## अशोक गहलोत ने भूपेंद्र यादव पर लगाया आरोप, अरावली को लेकर किया जनता को गुमराह

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने अरावली को लेकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पर आरोप लगाया है कि वह लोगों को गुमराह कर रहे हैं। एक वीडियो जारी कर अशोक गहलोत ने कहा कि भूपेंद्र यादव जनता को गुमराह कर रहे हैं कि अरावली की खदान से महज 0.19 प्रतिशत क्षेत्र ही प्रभावित होगा। इस पर कौन विश्वास करेगा? उन्होंने भूपेंद्र यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि आपने सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी को 21 साल बाद साल 2023 में खत्म कर दिया। यह कमेटी ताकतवर थी। पूरे देश के लोग इस पर भरोसा करते थे और यह सीधे सरकार को रिपोर्ट करती थी। अब आपने एक नई कमेटी बनाई है, जिसमें चुनाव भी आप ही करते हैं और रिपोर्ट भी आप ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि इसी वजह से आप और आपके मंत्रालय से विश्वास डगमगा गया, क्योंकि पहले ऐसी एक कमेटी थी जो किसी की नहीं सुनती थी।

# एसआईआर : मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में जारी होगी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग मंगलवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में डेढ़ महीने से ज्यादा चले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के वोटरों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी करेगा। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शुरुआती आकलन से पता चलता है कि एसआईआर से प्रदेश में लगभग 41.8 लाख वोटरों के नाम, यानी लगभग 7.2 प्रतिशत वोटरों के नाम हटाए जा सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, शुरुआती डेटा से पता चलता है कि 41.8 लाख नामों में से, 8.4 लाख वोटर मृत पाए गए, 8.4 लाख अनुपस्थित पाए गए, 22.5 लाख दूसरी जगहों पर चले गए थे और 2.5 लाख कई पतों पर रजिस्टर्ड थे।

भोपाल में, जहां 21.25 लाख रजिस्टर्ड वोटर हैं, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में लगभग 4.3 लाख नाम 20.23 प्रतिशत हटाए जा सकते हैं। जबकि इंदौर में, 28.67 लाख वोटरों में से 4.4 लाख नाम हटाए गए, ग्वालियर में 16.49 लाख वोटरों में से 2.5 लाख नाम हटाए जा सकते हैं और जबलपुर में 19.25 लाख में से 2.4 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि ये सभी संख्याएं सिर्फ एक आकलन हैं और हटाए गए वोटरों की सही संख्या मंगलवार को भारतीय चुनाव आयोग द्वारा अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद ही पता चलेगी। 65,000 से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारियों को 4 नवंबर से वोटरों के वेरिफिकेशन के लिए घर-घर जाकर दौरा करने का काम सौंपा गया था, जबकि 2023 में मध्य प्रदेश में 6.65 करोड़ से ज्यादा वोटर रजिस्टर्ड हुए थे। मध्य प्रदेश में कुल 230 विधानसभा सीटें और 29 लोकसभा क्षेत्र हैं, जो 55 जिलों में फैले हुए हैं, जिन्हें भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा, सागर, शहडोल और उज्जैन जैसे 10 डिवीजनों में बांटा गया है। 4 नवंबर से, जब राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण का काम शुरू हुआ, तब से 65,000 से ज्यादा बूथ-लेवल अधिकारियों ने शहरों, कस्बों और गांवों में घरों का दौरा करके वोटर डिटेल्स वेरिफाई किए। खास बात यह है कि पूरे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान, मध्य प्रदेश में मुख्य विपक्षी कांग्रेस चुनाव आयोग के कदमों का विरोध करती रही और राजनीतिक आरोप लगाकर उसकी आलोचना करती रही। राज्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल में मुख्य चुनाव अधिकारी से मिला और एसआईआर अभ्यास में अनियमितताओं का आरोप लगाया।

# जल बोर्ड के टैंकर रैपिडो बाइक सवार को कुचला, मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला के गीता कालोनी इलाके में रविवार दोपहर दिल्ली जल बोर्ड के टैंकर ने रैपिडो बाइक सवार को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त जुबैर अली (26) के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक टैंकर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्राइम टीम और एफएसएल ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शुरुआती जांच के दौरान पता चला है कि सड़क पर पानी पड़ा होने की वजह से जुबैर की बाइक फिसल गई और वह पीछे आ रहे टैंकर की चपेट में आ गया। हादसे के समय जुबैर ने हेलमेट भी लगाया हुआ था, लेकिन उससे भी जुबैर की जान नहीं बच सकी। पहिया चढ़ने की वजह से जुबैर का हेलमेट चकनाचूर हो गया और उसका सिर कुचल गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हादसे की वजहों को पता लगाने का प्रयास कर रही है। आरोपी टैंकर चालक की भी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक जुबैर का परिवार यूपी के बागपत में रहता है। इसके परिवार में पिता अजमत अली, मां व चार भाई हैं। कुछ दिनों पूर्व वह दिल्ली में काम की तलाश में आया था। यहां आने के बाद उसने रैपिडो बाइक चलाना शुरू कर दिया था। रविवार दोपहर करीब 3.15 बजे वह गीता कालोनी मास्टर प्लान रोड से होकर कड़कड़ीमोड़ की ओर जा रहा था।

# सीएम योगी ने प्रदेशवासियों से शीतलहर में जरूरतमंदों की मदद का किया आह्वान

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच प्रदेशवासियों से मानवीय सहयोग की अपील की है। सीएम योगी ने प्रदेशवासियों से कहा कि एक नागरिक होने के नाते सहयोगी, स्वच्छाग्रही और चौकीदारों की शीतलहर के बचाव के उपायों में उनकी मदद करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर 'योगी की पाती' में लिखा, 'उत्तर भारत में शीतलहर से बचाव के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य कर रही है। अधिकारियों को मानवीय और अति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया गया है। समस्त प्रदेश में, रैन बसेरों को पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जा रहा है। रैन बसेरों में रजाई, कंबल, पेयजल, अलाव और हीटर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दूसरे स्थानों से आए परीक्षार्थियों व रोगियों के परिजनों को भी यहां आसरा मिल रहा है। सरकार के लिए हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है।' उन्होंने लिखा, 'नगरीय निकायों और तहसीलों के माध्यम से जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र व कंबल



वितरित किए जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। कंपकंपाती ठंड में एक भी अभावग्रस्त व्यक्ति असहाय नहीं रहेगा। गोशालाओं में विशेष कंबल और अलाव का प्रबंध किया जा रहा है। इसके अलावा कोहरे में सुरक्षित यात्रा के लिए मार्गों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। '

प्रदेशवासियों से अनुरोध करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'एक नागरिक के नाते आप भी इस सत्प्रयास में भागीदार बन सकते हैं। अपने आसपास देखिए। घरों में कार्य करने वाले सहयोगी, स्वच्छाग्रही, चौकीदार या अन्य लोगों से एक बार अवश्य पूछें कि क्या उनके पास शीतलहर से बचाव का पर्याप्त प्रबंध है। उन्हें एक कप चाय के लिए पूछिए। असहायों को सरकार की ओर से संचालित रैन बसेरों तक पहुंचाइए। '

सीएम योगी ने कहा कि मानवीय मूल्यों और संवेदना की परख ऐसे समय में ही होती है। परोपकार हमारी परंपरा है। अंत्योदय से सर्वोदय के दृढ़ संकल्प के साथ हम विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर हैं।

# त्रिपुरा सरकार अंतिम छोर तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री माणिक साहा

**एजेंसी**

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार अंतिम छोर तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और एक नए व विकसित त्रिपुरा के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री राजधानी अगरतला के बाहरी इलाके आमतली स्थित रामकृष्ण मिशन, विवेकनगर में रामकृष्ण मिशन-रोटरी मोबाइल डेंटल क्लिनिक के उद्घाटन एवं हैंडओवर कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्वयं दंत चिकित्सक रहे मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए गठित उच्चस्तरीय टास्क फोर्स की कई बैठकें हो चुकी हैं और सौंपे गए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री (डोनर) ज्योतिरादित्य सिंधिया ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की विधानसभा चुनावों में व्यस्तता को देखते हुए उन्हें क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'जो भी जिम्मेदारी मुझे दी जाती है, उसे मैं पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ निभाता हूं। उत्तर-पूर्व के विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।' मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए साहा ने कहा कि खुलकर हंसना और मुस्कुराना तनाव और दबाव को कम करने में मदद करता है। उन्होंने कहा, 'कई चुनौतियों के बावजूद आठ महीनों के भीतर त्रिपुरा में डेंटल कॉलेज की स्थापना की गई। यह मोबाइल डेंटल क्लिनिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने के विजन के अनुरूप है। करीब 60 लाख रुपये की लागत से सुसज्जित इस क्लिनिक में दो डेंटल चेयर हैं, इसमें लगभग 10 कर्मचारियों की व्यवस्था है और यहां दांत एवं मुख संबंधी बीमारियों का इलाज किया जाएगा। ' मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि रामकृष्ण मिशन के अनुरोध पर उन्होंने इसके महासचिव स्वामी सुब्रह्मण्यानंद महाराज को पत्र लिखकर विवेकनगर केंद्र में अंग्रेजी के अलावा विदेशी भाषा पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा, 'हमें खुशी है कि रामकृष्ण मिशन की शासी निकाय ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। ईश्वर की कृपा से सभी अच्छे कार्य संभव होते हैं। ' विपक्ष पर निशाना साधते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का भी प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री साहा ने कहा कि विपक्ष रचनात्मक राजनीति करने के बजाय कमियां निकालने और गलत जानकारी फैलाने में लगा रहता है। उन्होंने कहा, 'वे हमें बदनाम करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हमारा ध्यान विकास और प्रगति पर केंद्रित है। डॉक्टर एक सम्मानित और पवित्र पेशे से जुड़े होते हैं, उनके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। ' मुख्यमंत्री ने जनजातीय (जनजाति) समुदाय के कल्याण पर सरकार के फोकस का भी जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से उनके विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जो वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में भी जारी हैं।

# उत्तर प्रदेश में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड का कहर, जनजीवन प्रभावित

**एजेंसरी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मंगलवार सुबह कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी बेहद कम हो गई और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई शहरों में वाहन हेडलाइट्स जलाकर धीमी गति से चलते नजर आए। राजधानी लखनऊ में घने कोहरे ने सड़कों पर विजिबिलिटी को शून्य के करीब पहुंचा दिया। ठंडी हवाओं ने ट्रैफिक को धीमा कर दिया। इसी तरह संभल शहर पर घने कोहरे की चादर बिछी रही, जबकि शीत लहर ने मौसम को और ठंडा बना दिया। इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ठंड से बचने के लिए लोग आग का सहारा ले रहे हैं। वाराणसी में सुबह 8 बजे के आसपास घना कोहरा छाया रहा, उन्होंने बताया कि वे ठंड से बचाव के लिए बेहद गर्म कपड़े पहन रहे हैं और



जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों ने कहा कि ठंड ने प्रचंड रूप ले लिया है। कोहरे के कारण बाइक चलाने में भी भारी परेशानी हो रही है। घरों से बाहर कम निकलना हो रहा है।

सुबह घने कोहरे ने पूरे अयोध्या शहर को भी ढक लिया, राम मंदिर परिसर के आसपास भी विजिबिलिटी बेहद कम रही। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतें आईं। हालांकि, श्रद्धालुओं ने सरकार की तरफ से की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ठंड के बीच श्रद्धालुओं को आने-जाने और दर्शन के लिए सुविधाएं दी जा रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर और आसपास के क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और शीत लहर कहर बरपा रही है। इसी दौरान, घने कोहरे ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। अमेठी जिले में भी लोग घने कोहरे से विजिबिलिटी कम होने के कारण परेशानी झेलते नजर आए। इसके अलावा, ठंड में लोग सड़क किनारे अलाव का सहारा लेते दिखे।

# विदेशी महिला के पर्स से चोरी हुए 1600 डॉलर कश्मीरी गेट पुलिस ने किए बरामद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने एक विदेशी महिला के पर्स से चोरी हुए 1600 अमेरिकी डॉलर कुछ ही घंटों में बरामद कर लिए। इस मामले में बस के हेल्पर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार 15 दिसंबर को ईरान की रहने वाली फरेश्तेह सयानजली उत्तराखंड से दिल्ली बस से आई थीं।

दोपहर करीब 1:45 बजे कश्मीरी गेट पर बस से उतरते समय वह अपना पर्स बस में भूल गईं। कुछ देर बाद बस ऑपरेटर ने फोन कर पर्स मिलने की जानकारी दी, लेकिन पर्स लौटाने पर उसमें रखे 1600 डॉलर गायब मिले। शिकायत मिलते ही कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बस के ड्राइवर, कंडक्टर और हेल्पर से पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर बस के हेल्पर मोनीश ने चोरी की बात कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर उसके घर से पूरे 1600 अमेरिकी डॉलर बरामद किए। पुलिस अधिकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान जहांगीरपुरी निवासी मोनीश (26) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपित पिछले एक साल से फ्लिक्स बस में हेल्पर के रूप में काम कर रहा था।

# मंदिर की मूर्ति खंडित होने पर तुरंत किया गया बदलाव : पश्चिम बंगाल पुलिस

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने जयनगर में देवी काली के मंदिर से जुड़ी एक घटना को लेकर फैल रही अफवाहों पर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस के अनुसार, कुछ लोग जानबूझकर इस घटना को लेकर भ्रामक और भड़काऊ जानकारी फैला रहे हैं, जबकि वास्तविक स्थिति उससे अलग है। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए बताया कि रविवार सुबह जयनगर के एक मंदिर में देवी काली की मूर्ति खंडित हो गई थी।

इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मंदिर समिति ने स्थानीय पुलिस की सक्रिय मदद से तुरंत नई मूर्ति स्थापित कर दी। पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए प्रशासन ने तत्परता से कदम उठाए। पश्चिम बंगाल पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और शरारत करने वालों की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर जानबूझकर भड़काऊ और गलत जानकारी फैलाकर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी निगरानी रखी जा रही है और जो भी लोग अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल पुलिस ने आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

पुलिस ने कहा कि किसी भी जानकारी को बिना पुष्टि के आगे साझा न करें और किसी भी संदिग्ध या भ्रामक पोस्ट की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि इलाके में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और कानून-व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। पुलिस ने कहा कि लोगों की आस्था और धार्मिक भावनाओं की रक्षा करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन इसके साथ ही समाज में सौहार्द और शांति बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है।

## सैमसंग के नकली प्रीमियम फोन बनाकर बेचने वाले गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जो सैमसंग के नकली प्रीमियम फोन बनाकर देशभर में बेच रहे थे। पुलिस ने इस संबंध में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मुख्य आरोपित हाकिम (36), मेहताब अहमद अंसारी (36), रवि अहुजा (36) और राहुल (33) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 512 नकली प्रीमियम महंगे फोन (एस-25 अल्ट्रा, फोल्ड व फिलिप), 124 मदरबोर्ड, 138 बैटरी और वियतनाम की मोहर लगे 459 आईएमईआई नंबर के स्टीकर बरामद किए हैं। आरोपित चीन से मोबाइल के नकली पार्ट्स मंगवाते थे। इसके बाद इन मोबाइल को 35 से 40 हजार या उससे ज्यादा कीमत में बेच दिया जाता था। पुलिस को इनके गैंग के बाकी सदस्यों की तलाश है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि आरोपित किन-किन लोगों को यह मोबाइल फोन बेच रहे थे। सभी से पूछताछ जारी है।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस का लक्ष्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को जड़ से खत्म करना: डीजीपी

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने कहा कि आतंकवाद और अन्य सभी प्रकार की आपराधिक गतिविधियां केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस की कड़ी निगरानी में रहेंगी। कठुआ में 2025-2026 के 14वें पुलिस शहीद स्मारक टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए डीजीपी ने कहा कि चाहे वह ड्रग्स हो, गैंगस्टर हों, माफिया हों, या किसी भी प्रकार का अपराध, विशेषकर आतंकवाद, सब कुछ पुलिस की बंदूक की नजर में रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का निरंतर लक्ष्य जम्मू और कश्मीर में सभी प्रकार की राष्ट्रविरोधी और समाजविरोधी गतिविधियों को जड़ से खत्म करना है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बल आतंकवादियों, उनके जमीनी कार्यकर्ताओं (ओजीडब्ल्यू), समर्थकों, ड्रग तस्करों और हवाला रैकेट में शामिल लोगों के खिलाफ आक्रामक अभियान चला रहे हैं। समन्वित अभियानों का उद्देश्य आतंकवाद के संपूर्ण तंत्र को ध्वस्त करना और उसके समर्थन तंत्र को नष्ट करना है। मादक पदार्थों के



तस्कर और हवाला रैकेट में शामिल लोग भी पुलिस और सुरक्षा बलों के निशाने पर हैं। ऐसा माना जाता है कि इन गैरकानूनी गतिविधियों से प्राप्त धन का उपयोग जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से होने वाली घुसपैठ, निकासी, मादक पदार्थों की तस्करी और ड्रोन गतिविधियों पर रोक लगाने का दायित्व सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर है। जम्मू-कश्मीर में 740 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा (एलओसी) है, जिस पर सेना तैनात है, और 240 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जिस पर बीएसएफ तैनात है। एलओसी घाटी के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों के साथ-साथ पुंछ, राजौरी और आंशिक रूप से जम्मू में फैली हुई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा जम्मू, कठुआ और सांबा जिलों में स्थित है। वहीं, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ सांबा में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान दोनों दलों के बीच प्रभावी परिचालनात्मक समन्वय को बढ़ावा देने के लिए था। बीएसएफ की तरफ से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि बीएसएफ के जवानों ने रविवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस (बॉर्डर पुलिस पोस्ट) के साथ समन्वय में तहसील रामगढ़, जिला सांबा के अंतर्गत आने वाले गांवों डुग चन्नी, गोकुल चक एवं बंबू चक के गहराई वाले क्षेत्रों में संयुक्त तलाशी अभियान संचालित किया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रभुत्व को सुदृढ़ करना, सीमा सुरक्षा को और मजबूत करना तथा दोनों बलों के बीच प्रभावी परिचालनात्मक समन्वय को बढ़ावा देना रहा।

# केरल में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर की हत्या पर विष्णु देव साय ने जताया शोक, 5 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा

**एजेंसी**

**रायपुर।** केरल के पलक्कड़ जिले में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर रामनारायण बघेल के साथ हुई बेहद अमानवीय और दुखद घटना को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी निर्दोष नागरिक के साथ इस तरह की हिंसा एक सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, 'केरल के पलक्कड़ में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर रामनारायण बघेल जी के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत अमानवीय घटना से मैं गहराई से व्यथित हूं। किसी भी निर्दोष नागरिक के साथ इस प्रकार की हिंसा सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है।' उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में आगे लिखा, 'मैंने इस मामले में पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। परिजनों को तत्काल केरल



भेजा गया है तथा रामनारायण का पार्थिव शरीर सम्मानपूर्वक उनके गृह ग्राम लाने की व्यवस्था की गई है। पार्थिव शरीर मंगलवार को हवाई जहाज से छत्तीसगढ़ लाया जाएगा। ' सीएम साय ने 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा कि मैं केरल सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। सीएम साय के बयान के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। बता दें कि रामनारायण बघेल की गलत पहचान पर शक करते हुए भीड़ ने उसकी जान पीट-पीट कर ले ली। केरल के पलक्कड़ जिले में बांग्लादेशी घुसपैठिया समझकर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई

# आज से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आयेंगे रोहित, विराट और ऋषभ सहित कई सितारे

बेंगलुरु (एजेंसी)। रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत सहित कई स्टार क्रिकेटर बुधवार से यहां शुरू होने वाले घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे। ये टूर्नामेंट एकदिवसीय प्रारुप में खेला जाएगा। ऐसे में इन सभी क्रिकेटरों का इससे अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। आजकल एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच कम होते हैं, ऐसे में इससे रोहित और विराट को विशेष लाभ होगा क्योंकि इन दोनो ने ही अन्य प्रारुपों से संन्यास ले लिया है। इस टूर्नामेंट से इन दोनो को ही अपनी लय बनाये रखने का अवसर मिलेगा। दोनों का ही लक्ष्य इसमें बेहतर प्रदर्शन कर न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल की शुरुआत के लिए होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी दावेदारी बरकरार रखना रहेगा।

विजय हजारे ट्रॉफी में रोहित, विराट और ऋषभ के अलावा शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा भी खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल में सभी खिलाड़ियों को फिट होने पर घरेलू क्रिकेट खेलने को कहा था। इसी कारण अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसमें खेलते दिख रहे हैं।

रोहित इसमें एक दशक जबकि विराट 15 साल बाद खेलते दिखेंगे। ये दोनो इसलिए भी इसमें खेल रहे हैं ताकि 2027 एकदिवसीय विश्वकप की दौड़ में बने रहें। इन दोनो को पता है कि स्टार खिलाड़ी होने के बाद भी टीम में कई नई प्रतिभाएं हैं, ऐसे में इनपर अपने को बेहतर साबित करने का दबाव रहेगा।

रोहित ने कहा है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। वहीं कोहली ने अभ्यास किया और कहा कि वह दिल्ली की ओर से दो से तीन मैच खेलेंगे।

दिल्ली एलीट ग्रुप डी में अपना पहला मैच बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ खेलेगा। यह मैच या तो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में या बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा। इसके बाद दिल्ली का सामना गुजरात से होगा। कोहली के मंगलवार रात बेंगलुरु पहुंचने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह स्टार बल्लेबाज इन दोनों मैच में खेलेगा।

विजय हजारे ट्रॉफी में प्रदर्शन का अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैचों के लिए उनके चयन पर कोई विशेष असर नहीं पड़ेगा पर कोहली और रोहित जानते हैं कि युवा खिलाड़ी जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद ईशान किशन की टीम में वापसी से साफ है कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन पर ध्यान दे रहा है। ऐसे में खराब प्रदर्शन नुकसान देह होगा।

रोहित और कोहली के अलावा कई अन्य स्टा खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। इसमें दिल्ली के कप्तान ऋषभ और शुभमन जैसे खिलाड़ी हैं। ऋषभ पिछले कुछ समय से सीमित ओवरों के प्रारुप में सफल नहीं रहे हैं। ऐसे में वह इस टूर्नामेंट में अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे। यही हाल शुभमन का भी है। वह भी टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं पर सीमित ओवरों की रन नहीं बना पा रहे हैं। इसी कारण ऋषभ की तरह व भी टी20 विश्वकप से वह बाहर है। अब ये दोनो ही बेहतर प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं के सामने आने को साबित करना चाहेंगे। करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस ऋषभ ने अगस्त 2024 के बाद से एकदिवसीय या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं खेला है।

वहीं शुभमन को भी उपकप्तान होने के बाद भी टी20 टीम से बाहर कर दिया गया है। ऐसे में उनका लक्ष्य भी अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। वह पंजाब की ओर से खेलते हुए हुए बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे। इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी।

वहीं भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। ऐसे में ये भी बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करने की दावेदारी पेश करेंगे।



## पीएम मोदी से मिले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा... पत्नी भी रही मौजूद



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास (7) से तस्वीरें सामने आई हैं, जहां उन्होंने भारतीय स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर की मेजबानी की। तस्वीरों में प्रधानमंत्री मोदी खिलाड़ी के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत करते दिख रहे हैं।

बात दें कि नीरज भारत के सबसे प्रतिष्ठित एथलीटों में से एक हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा के लिहाज से 2025 का साल उनके लिए मिला-जुला रहा। उनके सीज़न की एक बड़ी उपलब्धि दोहा डायमंड लीग में दिखाई दी। जहां उन्होंने 90 मीटर का बहुप्रतीक्षित आंकड़ा छू लिया। 90.23 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो एक व्यक्तिगत उपलब्धि थी, हालांकि यह स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर के बेहतर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जिससे नीरज को दूसरे स्थान पर रहना पड़ा है।

हार के बावजूद, नीरज ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पेरिस डायमंड लीग और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक दोनों में जीत हासिल की। डायमंड लीग सीजन के दौरान, वे दौड़ रैंकिंग में कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि, विश्व चैंपियनशिप 27 वर्षीय नीरज चोपड़ा के लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर साबित हुई।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर, नीरज को 2025 में भी जश्न मनाने के कारण मिले। उन्होंने बेंगलुरु में पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक की मेजबानी की, जिसमें दुनिया भर के एथलीटों ने भाग लिया। घरेलू मैदान पर प्रतिस्पर्धा करते हुए, उन्होंने 86.18 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ टूर्नामेंट जीता, जबकि जूलियस येगो और रमेश पथिरगे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## नोवाक जोकोविच ने चुना अनोखा ट्रेनिंग पार्टनर, ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की तैयारी तेज



माल्टा (एजेंसी)। एटीपी टूर के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की तैयारी के लिए अपने ऑफ-सीजन में एक नए और अप्रत्याशित ट्रेनिंग पार्टनर के साथ अभ्यास शुरू किया है। 36 वर्षीय सर्बियाई स्टार अपने करियर के अंतिम पड़ाव में होने के बावजूद लगातार शीर्ष पर बने रहने की कोशिश में हैं।

### जोकोविच ने चुना युवा फ्रेंच खिलाड़ी

जोकोविच ने 23 वर्षीय फ्रेंच खिलाड़ी आर्थर काजॉक्स के साथ ट्रेनिंग शुरू की है। काजॉक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, %तीन शानदार दिन, ट्रेनिंग, सीखने और ञ्जस्रद्धश्चद्गह्लद्घश्चद्द के साथ अनुभव साझा करने का अवसर मिला। बहुत आभारी हूं।% यह साझेदारी इस लिहाज से भी हैरान करने वाली है कि काजॉक्स अभी टूर पर अपेक्षाकृत नया खिलाड़ी हैं।

### आर्थर काजॉक्स का 2025 में प्रदर्शन

काजॉक्स ने 2025 में अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 58 हासिल की। उन्होंने किट्ज़बुहेल ञ्जक्षफाइनल में खेलते हुए उल्लेखनीय खिलाड़ियों को हराया और ग्रैंड स्लैम स्तर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन में दो जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन ने उन्हें जोकोविच के लिए एक आकर्षक ट्रेनिंग पार्टनर बना दिया।

# ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का कमाल, टी20आई गेंदबाजों की रैंकिंग में हासिल किया पहला स्थान

दुबई (एजेंसी)। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 सीरीज के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने करियर में पहली बार टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरी ओर, आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की वनडे सीरीज के समापन के बाद, दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड ने वनडे बल्लेबाज के रूप में नंबर 1 स्थान पुनः प्राप्त कर लिया है, जो हाल ही में स्मृति मंधाना ने उनसे छीना था।

ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड अगस्त से टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज थीं, लेकिन विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ दीप्ति के चार ओवरों में 1/20 के हालिया स्पेल ने भारतीय स्टार को शीर्ष पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने भारत की आठ विकेट की जीत से पांच रेटिंग अंक अर्जित किए और 28 वर्षीय खिलाड़ी अब टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी



ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी से एक अंक की मामूली बढ़त बनाए हुए हैं।

वनडे बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में मंधाना दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं, वहीं वोल्वार्ड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली गई दक्षिण अफ्रीका की तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार शतक लगाकर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वोल्वार्ड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ खेले गए अंतिम दो मैचों में शतक बनाए और प्रोटियाज ने श्रृंखला 3-0 से जीत ली। दक्षिण अफ्रीका की बेहद सुसंगत कप्तान ने अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल की और एक स्थान ऊपर चढ़कर मंधाना को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।

उनकी साथी खिलाड़ी अरुंधति रेड्डी (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 36वें स्थान पर) ने भी श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच के बाद टी20द्व गेंदबाजों की रैंकिंग में बढ़त हासिल की है, वहीं उनकी हमवतन जेमिमा रोड्रिग्स टी20आई बल्लेबाजों की नवीनतम सूची में सबसे आगे हैं, जो पांच स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। रोड्रिग्स ने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता और वह टी20 अंतराष्ट्रीय बल्लेबाजों की शीर्ष 10 सूची में शामिल हो गईं, जहां वह साथी भारतीय खिलाड़ी मंधाना (तीसरे स्थान पर) और शेफाली वर्मा (10वें स्थान पर) के साथ शामिल हो गईं।

## बीसीसीआई ने अंडर-19 एशियाकप में खराब प्रदर्शन पर कोच और कप्तान से जवाब मांगा

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप अंडर-19 के फाइनल में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन पर टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे और टीम के मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर से जवाब मांगा है। भारतीय टीम को फाइनल में करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे प्रशंसकों में निराशा का भाव है। इसके बाद से ही बीसीसीआई के सभी सदस्यों ने टीम के कमजोर प्रदर्शन की समीक्षा की मांग की थी। जिसे बीसीसीआई ने मान लिया है। फाइनल में भारतीय टीम को 191 रनों से हार मिली थी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनो ही विफल रहे थे। वहीं इससे पहले के सभी मैच भारतीय टीम जीती थी। ग्रुप स्तर पर हावी रहे भारतीय टीम ने तब पाक को भी हराया था पर फाइनल में वह नाकाम रही। ये समीक्षा इसलिए भी की गयी ताकि अगले साल 2026 में होने वाले अंडर-19 विश्व कप से पहले टीम को हो रही परेशानी को हल किया जाये। पाकिस्तान की टीम ने फाइनल में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही प्रभाव जमाया और भारतीय टीम को कोई अवसर नहीं दिया। भारतीय टीम के गेंदबाजों के सामने पाक ने 347 रन बनाये और इसके बाद भारतीय टीम को 26 ओवरों में ही समेट दिया।

## सुनील गावस्कर को मिली पर्सनैलिटी राइट्स की कानूनी सुरक्षा, बने पहले स्पोर्ट्सपर्सन



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इतिहास रचते हुए पर्सनैलिटी राइट्स और पब्लिसिटी राइट्स की न्यायिक सुरक्षा पाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है। दिल्ली हाई कोर्ट के इस अहम फैसले ने न केवल खेल जगत बल्कि डिजिटल कानून और सेलिब्रिटी अधिकारों के क्षेत्र में भी एक नई मिसाल कायम की है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मशहूर हस्तियों की पहचान का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर के नाम, तस्वीर और पहचान के कथित गलत इस्तेमाल को लेकर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर मौजूद सभी उल्लंघनकारी पोस्ट, वीडियो और संबंधित कंटेंट को 72 घंटे के भीतर हटाया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि संबंधित अकाउंट या यूजर ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी होगी कि वे स्वयं ऐसे कंटेंट को हटाएं।

# नये साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड से एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम अब नये साल में ही मैदान में उतरेगी। भारतीय टीम को नये साल की शुरुआत में अपनी ही धरती पर न्यूजीलैंड से तीन एकदिवसीय और 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी। इस दौरान भारतीय टीम को आठ अंतराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। टीम का पहला एकदिवसीय मैच 11 जनवरी को वडोदरा में जबकि दूसरा 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा वहीं तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच 18 दिसंबर को इंदौर में खेला जाएगा। ये मैच भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1:30 बजे से खेले जाएंगे।

एकदिवसीय सीरीज के बाद टी20 मैचों की सीरीज होगी। इससे भारतीय टीम को फरवरी में अपनी ही धरती पर खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिए अभ्यास का अवसर मिलेगा। विश्वकप से पहले इस सीरीज से भारतीय टीम को अभ्यास का अंतिम अवसर मिलेगा। सीरीज का पहला टी20 मैच 21 जनवरी को नागपुर में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर में होगा। तीसरा टी20 भारत 25 जनवरी को गुवाहाटी में खेलेगा वहीं चौथा मैच 28 को विशाखापत्तनम में जबकि सीरीज का पांचवां और आखिरी टी20 मैच 31 जनवरी 2026 को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। ये सभी मैच शाम 7:00 बजे से खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम विश्व कप में खिताब बरकरार रखने उतरेगी।





आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत और न्यूजीलैंड के बीच अभी तक 120 एकदिवसीय मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 62 जबकि न्यूजीलैंड ने 50 मैच जीते हैं। वहीं सात मैचों का परिणाम नहीं निकला है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 25 टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेले गये हैं। इसमें 14 में भारतीय टीम। वहीं 10 में न्यूजीलैंड जीती है जबकि एक मैच टाई रहा है टी20 विश्वकप और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम उतरेगी।

## किरण अंकुश जाधव ने राष्ट्रीय शूटिंग में 10 मीटर एयर राइफल का जीता स्वर्ण



भोपाल। नेवी के किरण अंकुश जाधव ने मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं के तहत 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल में संयमित और निरंतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जाधव ने 252.1 अंकों के साथ प्रतियोगिता समाप्त की और ओलंपियन अर्जुन बाबूता को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 251.4 अंकों के साथ रजत पदक जीता। मौजूदा 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। रेलवे के शहू तुषार माने 209.3 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे। उनके बाद हिमांशु ने 181.1, रमायणा तोमर ने 166.7, ओंकार विकास वाघमारे ने 145.4 और प्रदीप सिंह ने 123.3 अंकों के साथ फाइनल लाइन-अप पूरा किया। 10 मीटर एयर राइफल पुरुष जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुरतजा वानिया ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव शॉ ने 251.6 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि कर्नाटक के ओंकार विकास वाघमारे ने 230.1 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कर्नाटक के नारायण प्रणव 209 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, जिन्हें ओंकार के साथ शूट-ऑफ का सामना करना पड़ा। दिव्यांशु शैलेंद्र देवांगन 187.5 अंकों के साथ पांचवें और पार्थ माने 166.9 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे, जहां पार्थ भी शूट-ऑफ के बाद बाहर हुए। उमा महेश महिनेनी ने 145.3 और हिमांशु ने 123 अंकों के साथ फाइनलिस्ट सूची पूरी की। 10 मीटर एयर राइफल पुरुष यूथ फाइनल में ओंकार विकास वाघमारे ने अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए 250 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अंतिम शॉट्स में निर्णायक बढ़त बनाते हुए अपने ही राज्य के नारायण प्रणव को 0.3 अंकों से पीछे छोड़ा, जिन्हें रजत पदक मिला। तमिलनाडु के शक्तिवेल सेंथिवेल ने 229.5 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पार्थ माने 208.2 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि अभिनव शॉ ने 187.3 और प्रीतम कैंदे ने 166.4 अंकों के साथ क्रमशः पांचवां और छठा स्थान हासिल किया। अभिषेक सेखर ने 145.2 और रितेश रविंद्र घुले ने 123.1 अंकों के साथ अन्य फाइनलिस्ट के रूप में प्रतियोगिता समाप्त की। पदक वितरण समारोह का आयोजन विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# भारत एफआईएच विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसला, महिला टीम 10वें स्थान पर

लुसाने (स्विट्जरलैंड) (एजेंसी)। भारत 2025 की शुरुआत पांचवें स्थान पर करने के बाद साल के अंत तक जाते-जाते FIH विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसल गया है जबकि महिला टीम 10वें स्थान पर है। 2025 में इंटरनेशनल हॉकी ने टॉप लेवल के एक्शन का एक लगातार कैलेंडर पेश किया - FIH हॉकी प्रो लीग की लड़ाइयों से लेकर नेशंस कप और नेशंस कप 2 के रोमांच के साथ-साथ सभी महाद्वीपों में कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप तक - जिससे एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में बड़े बदलाव हुए।

पुरुषों और महिलाओं दोनों के खेल में, जानी-मानी टीमों ने अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उभरती हुई टीमों ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड्स (3809) जिसने साल की शुरुआत टॉप स्थान पर की थी, उसने पूरे साल अपनी पकड़ बनाए रखी, एक और शानदार सीजन के साथ जिसमें उन्होंने प्रो लीग और यूरोहॉकी चैंपियनशिप में चैंपियनशिप जीतकर अपनी कैबिनेट में और ट्रॉफियां जोड़ीं, जबकि अर्जेंटीना (3326), बेल्जियम (3109) और चीन (2977) ने शानदार कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और प्रो लीग अभियानों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर बने रहे, जहां से उन्होंने साल की शुरुआत की थी।

स्पेन (2777) टॉप-10 रैंकिंग में साल के सबसे बड़े फायदे में रहने वालों में से है, क्योंकि वे पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साल की शुरुआत आठवें स्थान पर की थी! स्पेन की यह बढ़त ऑस्ट्रेलिया (2758), जर्मनी (2734) और इंग्लैंड (2510) की कीमत पर हुई है, जो सभी एक-एक स्थान नीचे गिर गए हैं, और साल का अंत छठे, सातवें और आठवें स्थान पर किया है। न्यूजीलैंड (2319) जिसने 2025 में महिलाओं का एफआईएच हॉकी नेशंस कप और ओसनिया कप जीता था, वह भारत (2315) से ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गया है, जिसे 2025 में प्रो लीग से बाहर होना पड़ा था।

जापान (2186) और संयुक्त राज्य अमेरिका (2172) दो स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें और बारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि आयरलैंड (2030) और चिली (1999) तेरहवें और पंद्रहवें स्थान पर आ गए हैं, स्कॉटलैंड (2015) चौदहवें स्थान पर है। कोरिया (1864) सोलहवें स्थान पर बना हुआ है, उसके बाद फ्रांस (1742) है जिसकी एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में जीत ने उसे तीन स्थान ऊपर चढ़ने में मदद की। इटली (1737), उरुग्वे (1736) और दक्षिण अफ्रीका (1670) टॉप-20 में शामिल हैं, जबकि कनाडा (1668) और मलेशिया (1667) बस थोड़ा ही पीछे हैं!

पुरुषों की रैंकिंग में नीदरलैंड (3376) और बेल्जियम (3225) टॉप दो स्थानों पर बने हुए हैं, लेकिन साल की शुरुआत की तुलना में नीचे काफी बदलाव हुए हैं! जर्मनी (3116) एक सफल यूरोहॉकी अभियान के बाद एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गया है, उसके बाद अर्जेंटीना (3022) है जो साल की शुरुआत में आठवें स्थान पर रहने के बाद चौथे स्थान पर आ गया है! ऑस्ट्रेलिया (3007) और स्पेन (2995) पांचवें और छठे स्थान पर एक-एक स्थान ऊपर चढ़े हैं, उसके बाद इंग्लैंड (2864) और भारत (2845) है जिन्हें सबसे बड़ा नुकसान हुआ है, जो साल की शुरुआत में क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर थे।

फ्रांस (2371) नौवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि न्यूजीलैंड (2254) और आयरलैंड (2246) ने साल की शुरुआत से एक-दूसरे के साथ जगह बदली है। दक्षिण अफ्रीका (2127) और मलेशिया (2097) बारहवें और तेरहवें स्थान पर स्थिर हैं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में प्रमोशन के बाद, पाकिस्तान (2034) चौदहवें स्थान पर एक स्थान ऊपर चढ़ गया है, उसके बाद



वेल्स (1989) और कोरिया (1981) हैं। मिस्र (1956) जिसने एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में शानदार डेब्यू किया था, इस साल सबसे ज्यादा ऊपर चढ़ने वाली टीमों में से एक है, जो सत्रहवें स्थान पर है।

जापान (1982), कनाडा (1863) और स्कॉटलैंड (1843) टॉप-20 में शामिल हैं, जबकि ऑस्ट्रिया (1805), चिली (1727), चीन (1723), पोलैंड (1694) और संयुक्त राज्य अमेरिका (1690) अगले पांच स्थानों पर हैं। एफआईएच ने 1 जनवरी 2020 को जो रैंकिंग कैलकुलेशन मॉडल पेश किया, वह पिछले टूर्नामेंट-आधारित रैंकिंग सिस्टम से हटकर एक डायनामिक, मैच-आधारित तरीके पर आ गया है, जहां विरोधी टीम के खिलाफ हर ऑफिशियल, एफआईएच द्वारा मंजूर किए गए गेम्स में पॉइंट्स का आदान-प्रदान करती हैं। एक्सचेंज किए जाने वाले पॉइंट्स की संख्या मैच के नतीजे, टीमों की रिलेटिव रैंकिंग और मैच के महत्व पर निर्भर करती है।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम को विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय मैच के आयोजन की अनुमति नहीं मिली

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 दिसंबर को दिल्ली और आंध्र प्रदेश के बीच विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय मैच के आयोजन की अनुमति नहीं मिली है। पुलिस आयुक्त सीमंत कुमार सिंह ने कहा है कि आयोजकों ने मैच आयोजित करने की अनुमति मांगी थी पर उसे स्वीकार नहीं किया गया है। वहीं इससे पहले राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने स्टेडियम में क्रिकेट मैचों के आयोजन की अनुमति देने पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया था। समिति ने सोमवार को स्टेडियम का दौरा किया था और इसके बाद मैच की अनुमति नहीं दिये जाने की सलाह दी। पुलिस आयुक्त ने कहा, 'समिति ने कल स्टेडियम का दौरा किया था और उसकी सिफारिश पर मैच खेलने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया गया। इसलिए वहां कोई मैच नहीं होगा।



# 60 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति-बिजनेसमैन राज कुंद्रा इन दिनों कानूनी विवादों में है। दरअसल, उनका नाम 60 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी और ठगी केस से जुड़ा है। उन्होंने खुद पर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। अब शिल्पा शेट्टी ने भी इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनका नाम गलत तरीके से लिया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित कंपनी में उनकी भूमिका सीमित और गैर-ऑपरेशनल थी।

शिल्पा शेट्टी की टीम की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया है, इस मामले से मेरा नाम जोड़ने की बेबुनियाद कोशिश से मुझे बहुत दुख हुआ है। कंपनी के साथ मेरा जुड़ाव पूरी तरह से नॉन-एग्जीक्यूटिव था, जिसमें ऑपरेशंस, फाइनेंस, फैसले लेने या किसी भी साइनिंग अथॉरिटी में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। असल में, कई दूसरी जानी-मानी हस्तियों की तरह मैंने भी होम शॉपिंग चैनल के लिए कुछ प्रोडक्ट्स को प्रोफेशनल तौर पर एंडोर्स किया था, जिसके लिए मुझे मिलने वाला पेमेंट अभी भी बकाया है। जारी बयान में कहा गया है कि कंपनी के रोजाना के कामकाज, फाइनेंस या फैसले लेने में उनकी (शिल्पा शेट्टी) कोई भूमिका नहीं थी।

## कंपनी को करोड़ों का लोन देने की कही बात

शिल्पा शेट्टी ने आगे आरोप लगाया कि उनके परिवार ने कंपनी को एक बड़ी रकम लोन के तौर पर दी थी, जिसमें लगभग 20 करोड़ रुपये का लोन दिया गया था और वह रकम अभी भी चुकाई नहीं गई है। एक्ट्रेस ने हा, मैं यह रिकॉर्ड पर लाना चाहती हूं कि हमारे परिवार ने कंपनी को लगभग 20 करोड़ रुपये का लोन दिया है और वह रकम अभी भी बकाया है। मुझ पर आपराधिक जिम्मेदारी डालने की यह कोशिश, खासकर लगभग नौ साल की बिना किसी वजह की देरी के बाद, कानूनी तौर पर गलत है और कानून के तय सिद्धांतों के खिलाफ है।

बोलीं- न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा है

एक्ट्रेस ने आगे कहा, इन तथ्यों के बावजूद, मेरा नाम बेवजह कार्यवाही में घसीटा जा रहा है, जो परेशान करने वाला और गलत है। ऐसे बेबुनियाद आरोप न केवल तथ्यों को गलत तरीके से पेश करते हैं, बल्कि सार्वजनिक तौर पर एक महिला की गरिमा, ईमानदारी और प्रतिष्ठा को भी गलत तरीके से नुकसान पहुंचाते हैं। बयान में आगे कहा गया, बॉम्बे हाई कोर्ट में पहले ही एक याचिका दायर की जा चुकी है, मुझे न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और मैं अपने अधिकारों और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए उचित कानूनी उपाय करूंगी।



# निधि अग्रवाल ने आठ साल में कीं आठ फिल्में, अब प्रभास संग करेंगी रोमांस


सोशल मीडिया पर अभिनेत्री निधि अग्रवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ये वायरल वीडियो हैदराबाद में हुए प्रभास और निधि की फिल्म 'द राजा साब' के गाने के लॉन्च इवेंट के बाद का है। निधि इवेंट से निकलकर वापस जा रही थीं, तभी वहां मौजूद भीड़ उन पर इस तरह से टूट पड़ी कि एक्ट्रेस लोगों के बीच में फंस गईं। हालांकि, किसी भी तरह से सिक्योरिटी गार्ड्स ने निधि को उनकी कार तक पहुंचाया। इस वीडियो के सामने आने के बाद अब लोग भीड़ पर नाराजगी जता रहे हैं।

## टाइगर श्रॉफ की फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में रखा कदम

साल 2014 में मिस दीवा यूनिवर्स में हिस्सा लेने वाली निधि अग्रवाल ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2017 में की। निधि ने बॉलीवुड की फिल्म 'मुन्ना माइकल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म के लिए निधि का चयन 300 कैंडिडेट के ऑडिशन के बाद हुआ था।

## प्रभास के साथ द राजा साब में आएंगी नजर

निधि अग्रवाल अब फिल्म 'राजा साब' में नजर आएंगी। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म को बड़े स्तर पर बनाया गया है। इस फिल्म में निधि अपने से 14 साल बड़े अभिनेता प्रभास के साथ रोमांस फरमाती नजर




आएंगी। 'राजा साब' 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। पहले इस फिल्म को 5 दिसंबर को ही रिलीज होना था, लेकिन अब फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ है। निधि अग्रवाल को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

भीड़ में फंसने के बाद निधि अग्रवाल का वीडियो वायरल है। कई लोग इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और वहां मौजूद लोगों के रवैये पर सवाल उठा रहे हैं। तो वहीं सोशल मीडिया पर कई यूजर्स 'द राजा साब' के मेकर्स पर भी सवाल उठा रहे हैं और उनकी व्यवस्था की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस पूरे मामले पर निधि अग्रवाल, प्रभास या फिल्म के मेकर्स की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## 2018 में तेलुगु और 2021 में तमिल सिनेमा में किया डेब्यू

बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद निधि ने साल 2018 में नागा चैतन्य के साथ फिल्म 'सब्यसाची' से तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत की। जबकि साल 2021 में उन्होंने तमिल सिनेमा में अपनी शुरुआत फिल्म 'ईस्वरन' से की। हिंदी फिल्म से अपनी शुरुआत करने वाली निधि अग्रवाल ने अब तक अपने करियर में तीन तेलुगु और दो तमिल फिल्मों में काम किया है। हालांकि, उनके खाते में 'आई स्मार्ट शंकर' को छोड़कर अब तक कोई बड़ी हिट फिल्म नहीं आई है। इस साल वो पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीर मल्लु' में भी नजर आई थीं, लेकिन यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई।



# सात साल बाद फिर से साथ नजर आने वाले हैं कार्तिक और अनन्या



बॉलीवुड में जब कोई जोड़ी एक बार साथ काम कर चुकी होती है और फिर लंबे समय बाद स्क्रीन पर लौटती है, तो उनके बीच का रिश्ता और काम करने का अनुभव हमेशा चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा ही कुछ कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे के बीच देखने को मिल रहा है। दोनों फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में सात साल बाद फिर से साथ नजर आने वाले हैं। 2018 में दोनों ने पहली बार पति, पत्नी और वो में साथ काम किया था, और अब फिल्म की रिलीज से पहले दोनों की केमिस्ट्री को लेकर काफी बातें हो रही हैं।

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में कार्तिक ने अनन्या के साथ स्क्रीन शेयर करने के अनुभव को साझा किया। कार्तिक ने कहा, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अनन्या के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने फिल्म में शानदार काम किया है और हर सीन में अपने अभिनय का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वह असल में बहुत मेहनती हैं और उनके काम को देखकर सभी को प्रेरणा मिलती है। कार्तिक ने अनन्या के करियर को लेकर कहा, जब अनन्या इंडस्ट्री में आई थीं, तब भी बेहद आत्मविश्वासी थीं और अब एक बेहतरीन अदाकारा बन चुकी हैं। उन्होंने न केवल अभिनय का हुनर दिखाया, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी खुद को आगे बढ़ाया है। मैंने अनन्या को एक बेहतर इंसान के रूप में बढ़ते हुए देखा है, और यह अनुभव मेरे लिए हमेशा खास रहेगा। उन्होंने बताया कि अनन्या निर्देशक की सलाह को अच्छे से अपनाती हैं और हर सीन में एक नई ऊर्जा लाती हैं।

# इमरान हाशमी ने शुरू की आवारापन 2 की शूटिंग

इमरान हाशमी को हाल ही में फिल्म आवारापन 2 की शूटिंग करते हुए पेट में चोट आई थी। खबरों के मुताबिक एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान एक्टर के साथ हादसा हुआ। चोट लगने के बाद उनका इलाज किया गया। अब इमरान हाशमी ने दोबारा फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इमरान हाशमी को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।




उन्हें एक्शन मूवमेंट्स शूट करने की मनाही है। इमरान हाशमी पर फिल्माए जाने वाले एक्शन सीन चोट ठीक हो जाने के बाद फिल्माए जाएंगे। इससे पहले इमरान हाशमी उन सीन्स को शूट करेंगे जो आसान हैं। फिल्म आवारापन 2इमरान हाशमी की 2007 में आई फिल्म आवारापन का सीक्वल है। पिछली फिल्म में इमरान हाशमी के साथ श्रेया सरन थीं। इस फिल्म में दिशा पाटनी होंगी।

# माधुरी दीक्षित ने अपने करियर, फिल्ममेकिंग में आए बदलाव और फिल्मों के चयन को लेकर बात की



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित चार दशकों से भी ज्यादा समय से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने न सिर्फ कई सुपरहिट फिल्में दीं, बल्कि बदलते दौर के साथ खुद को भी लगातार ढालती रहीं। इस बीच, उन्होंने अपने करियर के सफर, फिल्ममेकिंग में आए बदलाव और आज के समय में फिल्मों के चयन को लेकर बात की। उस दौर को याद करते हुए उन्होंने कहा, तब फिल्म इंडस्ट्री आज जैसी व्यवस्थित नहीं थी। 80 और 90 के दशक में सिर्फ कुछ ही प्रोड्यूसर ऐसे थे, जो काम को बहुत प्रोफेशनल तरीके से करते थे। इनमें यश चोपड़ा, बी. आर. चोपड़ा, सुभाष घई और राजश्री प्रोडक्शन्स जैसे नाम शामिल थे। ज्यादातर फिल्में बिना ज्यादा प्लानिंग और सुविधाओं के बनती थीं। आज की तुलना में उस समय सब कुछ काफी अव्यवस्थित हुआ करता था।

माधुरी ने कहा, पहले फिल्मों में काम करते समय कलाकारों को बहुत ज्यादा तैयारी का मौका नहीं मिलता था। शूटिंग अक्सर अचानक शुरू हो जाती थी और कलाकारों को मौके पर ही सीन समझकर शूट करना पड़ता था। आज के समय में स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। अब कलाकारों को पहले से पूरी स्क्रिप्ट मिल जाती है, किरदार पर विस्तार से काम करने का समय मिलता है और शूटिंग से पहले अच्छी तैयारी की जाती है। इससे कलाकार अपने रोल को बेहतर तरीके से निभा पाते हैं। उन्होंने कहा, पहले शूटिंग के दौरान कलाकारों की सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। इसके मुकाबले आज फिल्म सेट पर हर सुविधा उपलब्ध होती है। माधुरी ने कहा, आज फिल्मों में किरदारों पर बहुत ज्यादा मेहनत की जाती है। अब यह पहले से तय होता है कि कलाकार क्या पहनेंगे, उनका लुक कैसा होगा, और वे किस तरह से स्क्रीन पर नजर आएंगे। शूटिंग से पहले रीडिंग सेशन और रिहर्सल भी होती है, जो पहले के समय में नहीं हुआ करती थी। इन सब बदलावों से फिल्ममेकिंग का स्तर काफी ऊपर चला गया है।



# सख्त पुलिसवाले से लेकर खूंखार गैंगस्टर तक पर्दे पर इन किरदारों से जॉन अब्राहम ने मचाई 'धूम'

**मॉडलिंग से अपना करियर शुरू करने वाले जॉन अब्राहम की गिनती इंडस्ट्री के प्रमुख अभिनेताओं में होती है। दो दशक से भी लंबे अपने एक्टिंग करियर में जॉन कई सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। एक्टिंग के अलावा जॉन अब्राहम अपने लुक और बॉडी को लेकर भी अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। अपनी फिल्मों के अलावा उन्होंने कई अन्य सफल फिल्मों का भी निर्माण किया है।**

## कबीर (धूम)

साल 2004 में आई फिल्म 'धूम' में जॉन अब्राहम ने कबीर नाम के एक चोर की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम का लुक और बाइक चलाने का उनका स्वैग लोगों को काफी पसंद आया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। इस फिल्म को एक ट्रेंड सेटर फिल्म माना जाता है, जिसने बड़े वालों वाले लुक और बाइक के प्रति लोगों की दीवानगी में इजाफा किया था।

## श्याम या सैम (गरम मसाला)

चोर बनकर लोगों का दिल चुराने के बाद जॉन अब्राहम साल 2005 में आई कॉमेडी फिल्म 'गरम मसाला' में श्याम उर्फ सैम के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में जॉन अब्राहम अक्षय कुमार के साथ प्रमुख भूमिका में थे। फिल्म में दोनों दोस्त बने हैं। फिल्म में जॉन की कॉमिक टाइमिंग ने सभी को हैरान किया था।

## के (नो स्मोकिंग)

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'नो स्मोकिंग' भले ही बॉक्स ऑफिस पर सफल न रही हो, लेकिन फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिली थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने के नाम के एक चेन स्मोकर की भूमिका निभाई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में जॉन अब्राहम के अभिनय की काफी तारीफ हुई थी।

## सनी भसीन (गोल)

2007 में आई फिल्म 'गोल' एक स्पोर्ट ड्रामा है, जो फुटबॉल पर आधारित है। फिल्म में क्लब फुटबॉल से लेकर नेशनल लेवल तक के फुटबॉल खेल को दिखाया गया है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने सनी भसीन नाम का किरदार निभाया है, जो एक अच्छा फुटबॉल प्लेयर होता है। जॉन अब्राहम असल जिंदगी में भी काफी अच्छी फुटबॉल खेल लेते हैं।

## कुणाल चौहान (दोस्ताना)

फिल्म 'दोस्ताना' दो दोस्तों की कहानी है। फिल्म में जॉन अब्राहम के साथ अभिषेक बच्चन और प्रियंका चोपड़ा प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में सैम (अभिषेक बच्चन) और कुणाल (जॉन अब्राहम) रेंट पर घर लेने के लिए समलैंगिक कपल होने का नाटक करते हैं। इसके बाद लोग उन्हें असल में भी समलैंगिक समझने लगते हैं। फिल्म में जॉन अब्राहम की बॉडी और लुक्स की काफी चर्चा हुई थी। यह फिल्म उनके करियर की अहम फिल्मों में शामिल है।

## मान्या सुर्वे (शूटआउट एट वडाला)

संजय गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'शूटआउट एट वडाला' में जॉन अब्राहम ने मान्या सुर्वे का किरदार निभाया है। मान्या 1970-80 के दशक में मुंबई का एक शिक्षित और खूखांर गैंगस्टर रहा है। इस गैंगस्टर के किरदार में जॉन अब्राहम काफी जंचे थे और उनकी एक्टिंग की जमकर तारीफ भी हुई थी।

## समीर शेख (न्यूयॉर्क)

कबीर खान की फिल्म 'न्यूयॉर्क' जो 9/11 हमलों के बाद न्यूयॉर्क में रहने वाले तीन दोस्तों (जॉन अब्राहम, कटरीना कैफ और नील नितिन मुकेश) की कहानी है। फिल्म में जॉन ने समीर शेख उर्फ सैम की भूमिका निभाई है, जो आतंकवाद का गलत आरोप लगने के बाद आतंकी गतिविधियों में शामिल हो जाता है।

## विक्रम सिंह (मद्रास कैफे)

साल 2013 में आई फिल्म 'मद्रास कैफे' सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म है। शूजित सरकार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने भारतीय खुफिया जासूस विक्रम सिंह की भूमिका निभाई है। 1980 और 1990 के दशक की शुरुआत में श्रीलंका के गृहयुद्ध और भारतीय हस्तक्षेप से प्रेरित इस फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या और उसकी जांच को दिखाया गया है।

## एसीपी संजय कुमार (बाटला हाउस)

2018 में दिल्ली के बाटला हाउस में हुए एनकाउंटर पर आधारित फिल्म 'बाटला हाउस' में जॉन अब्राहम ने एसीपी संजय कुमार की भूमिका निभाई है। असल पुलिस वाले के किरदार में जॉन अब्राहम काफी जंचे हैं।

## जिम (पठान)

यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'पठान' में जॉन अब्राहम ने विलेन की भूमिका निभाई है। फिल्म में जॉन ने जिम नाम के पूर्व रॉ एजेंट और आउटफिट एक्स नाम के आतंकी संगठन के सरगना का किरदार निभाया है। शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म में जॉन एक खूंखार, शक्तिशाली और दहशत फैलाने वाले विलेन के किरदार में नजर आए हैं।




# स्वस्थ रहने के लिए फल-सब्जियां खाएं छिलके समेत

अगली बार जब भी आप सेब खाने से पहले उसका छिलका उतारना शुरू करें तो दो बार सोचें। यदि विशेषज्ञों की राय मानें तो कई फलों तथा सब्जियों को छिलके समेत खाना अत्यधिक स्वास्थ्यवर्धक होता है।

क्लीनिकल न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं, ''लोग जो भोजन तैयार करते हैं उसके बारे में बुनियादी पोषक तथ्यों को नजरअंदाज कर जाते हैं। विभिन्न खाद्यों को छिलके के बगैर खाने से उसके जरूरी पोषक तत्वों के लाभ से हम वंचित रह जाते हैं। उदाहरण के लिए बादाम का छिलका एंटी ऑक्सीडैंट्स का बढिय़ा स्रोत है। बादाम के छिलके में मौजूद फ्लेवनॉएड्स इसमें मौजूद विटामिन ई के साथ मिलकर एंटी ऑक्सीडैंट गुणों को दोगुना कर देते हैं। बादाम के छिलके में पॉलीफिनोल्स भी होते हैं जो हृदय रोगों के खतरे को कम करते हैं और बुरे कोलेस्ट्रॉल की ऑक्सीडेशन को रोकते हैं जो धमनियों को नुक्सान पहुंचाता है। बादामों में फाइबर, प्रोटीन, फैटी एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स तथा फाइटोन्यूट्रीएंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं।''

एक अन्य डाइटीशियन कहते हैं, ''कुछ फलों तथा सब्जियों के छिलकों का सेवन करने से विटामिन की हमारी खपत बढ़ती है, हमारी ऊर्जा का स्तर ऊंचा होता है और यहां तक कि कैंसर से लडऩे में भी सहायता मिलती है। फलों के छिलके में पोटाशियम तथा स्वास्थ्यवर्द्धक सोडियम भरपूर मात्रा में होता है। ये आंतडिय़ों की सफाई करने में सहायक होते हैं।''

संतरे तथा नींबू के छिलकों को केक्स तथा पेस्ट्रीज में शामिल किया जा सकता है। संतरे का छिलका न सिर्फ स्वाद बढ़ाता है बल्कि फल से चार गुना अधिक फाइबर उपलब्ध करवाता है। छिलके समेत खीरे में भी कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। यह विटामिन के (ब्लड क्लॉटिंग के लिए जरूरी), विटामिन सी तथा मैग्नीशियम का प्रमुख स्रोत है।''

## कुछ फलों के छिलके

**केला** – केले का छिलका सेरोटोनिन से भरपूर होता है जो एक एंटी डिप्रैसैंट है।

**सिट्रस फल** – नींबू तथा नारंगी में लीमोनीन तथा रयूटिन नामक शक्तिशाली फ्लेवनॉएड्स होते हैं। ये बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक होते हैं।

**सेब** – सेब फ्लेवनॉएड्स जैसे एंटी ऑक्सीडैंट्स, पोटाशियम तथा फाइबर के भरपूर स्रोत होते हैं। सेब के छिलके में इस फल के मुकाबले दोगुना अधिक एंटी ऑक्सीडैंट्स होते हैं।

**कीवी** – इसके फर वाले छिलके में एंटीऑक्सीडैंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसमें कैंसर विरोधी और सूजन विरोधी गुण होते हैं।

**अनानास** – इसके छिलके में ब्रोमीलेन मौजूद होता है, जो मृत मानवीय कोशिकाओं को तोड़ता है। इस प्रकार पेट तथा आंतडिय़ों की परतों की रक्षा होती है।

## सब्जियों के छिलके

**हरी पत्ता गोभी** – इसका छिलका कैल्शियम, विटामिन सी, घुलनशील फाइबर, प्रोटीन्स तथा एंटीऑक्सीडैंट्स से भरपूर होता है।

**आलू** – इसका छिलका घुलनशील फाइबर, पोटाशियम, आयरन, फासफोरस तथा विटामिन सी से भरपूर होता है।

**टमाटर** – इसका छिलका लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडैंट से भरपूर होता है जिसमें कैंसर तथा सूजन विरोधी गुण पाए जाते हैं। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

**लहसुन** – इसके छिलके में मौजूद एंटीऑक्सीडैंट्स एजिंग को रोकने के साथ ही हृदय की रक्षा भी करते हैं।

अगली बार जब भी आप सेब खाने से पहले उसका छिलका उतारना शुरू करें तो दो बार सोचें। यदि विशेषज्ञों की राय मानें तो कई फलों तथा सब्जियों को छिलके समेत खाना अत्यधिक स्वास्थ्यवर्धक होता है।





# अच्छा कोलेस्ट्रॉल भी हो सकता है दिल का दुश्मन

बुरा कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए खतरनाक है। आप इस बात से तो हम सभी वाकिफ थे, लेकिन अब अच्छे कोलेस्ट्रॉल को भी इसी श्रेणी में शामिल किया जा सकता है। अमेरिका में ओहिया राज्य के क्लीवलैंड क्लीनिक के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए एक शोध में यह खुलासा हुआ है। इस शोध में पता चला है कि अभी तक दिल का सच्चा साथी माने जाने वाला अच्छा कोलेस्ट्रॉल अर्थात हाई डेंसिटी लाइपोप्रोटीन (एचडीएल) दिल के लिए घातक भी साबित हो सकता है। यह असामान्य रूप से धमनियों में जमकर खून के बहाव को भी बाधित कर सकता है और इस तरह यह भी दिल के दौरे और दिल से जुड़ी दूसरी बीमारियों का कारण बन सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि शोध में द्वारा नए सिरे से किए गए खुलासे के बावजूद लोगों को स्वास्थ्यवर्धक भोजन का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन दिल के संबंध में एचडीएल की कहानी कुछ ज्यादा ही पेचीदा है।



# उच्च कार्बोहाइड्रेट आहार भी बीमारियों का कारण

नवीनतम शोधों से पता चला है कि मैदे से बनी ब्रैड, आलू, परिष्कृत चावल और पास्ता जो कार्बोहाइड्रेट के उत्तम स्रोत हैं, का सेवन स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक है। हाल ही में एक शोध में कुछ महिलाओं को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन ब्रैड, आलू, पास्ता, परिष्कृत चावल आदि का सेवन करवाया गया और कुछ महिलाओं को रेशेयुक्त आहार जैसे अनाज की ब्रैड और गेहूं का दलिया आदि का सेवन करवाया गया।

जिसमें शोधकर्ताओं ने कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार का सेवन करने वाली महिलाओं को रेशेयुक्त आहार का सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में अढ़ाई गुणा अधिक 'टाइप टू डायबिटीज' होने की संभावना पाई। इस शोध से शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि उच्च कार्बोहाइड्रेट आहार जिसमें रेशे की मात्रा कम हो, गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इससे पूर्व हुए अन्य शोधों से यह भी पता चला है कि रेशेयुक्त आहार का सेवन न करने से हृदय रोगों, कैंसर (पेट, आंत) होने की संभावना भी अधिक होती है।

# नींद न आए तो इन्हें आजमाएं



- सोने से पहले एक गिलास हल्का गर्म दूध पिएं। यह बिना किसी रुकावट के नींद लाने में मदद करता है। इसमें एमिनो एसिड होता है जो शरीर की तंत्रिकाओं को शांत करता है, जिससे नींद अच्छी आती है।
- दिन भर में अच्छी मात्रा में दही खाएं।
- सोने से पहले चुटकी भर जायफल का पाऊडर दूध या पानी में मिला कर पिएं।
- आधे-आधे चम्मच खसखस, चीनी और शहद का पेस्ट बनाएं और सोने से पहले इसे खाएं।
- दूध में 2 बड़े चम्मच शहद मिलाकर पिएं।
- रात को खाने में सलाद की जगह कच्चा प्याज खाएं। इसको खाने से मुंह से दुर्गंध आती है, तो ब्रश करके सोएं। इसमें मौजूद खास तरह के रसायन नींद लाने में मदद करते हैं।
- अपने सोने और उठने का खास समय निर्धारित कर लें और कोशिश करें कि उसी वक्त पर सोएं और उसी वक्त पर उठें। इस कोशिश में अलार्म घड़ी की सहायता लें।
- सोने से पहले पानी में तुलसी या पोदीना पत्तियां डालकर गुनगुने पानी से स्नान करें। यह शरीर का तापमान पहले तो बढ़ाएगा, फिर धीरे-धीरे ठंडक प्रदान करेगा।
- हल्के व ढीले कपड़े पहन कर कुछ पढ़ते-पढ़ते सोएं। नींद में जल्दी ध्यान केंद्रित होगा और कुछ ही समय में आप नींद के आगोश में होंगी।
- किसी तरह के मद्य-व्यसन के प्रयोग से बचें।
- फल या फलों का रस, सब्जियां और साग अपनी रूटीन डाइट में शामिल करें।
- सोने से पहले ढेर सारा पानी न पिएं। बार-बार यूरिन आने के कारण नींद में व्यवधान पड़ेगा।
- चीनी की बजाय शहद मिला कर पिएं क्योंकि चीनी तुरंत ऊर्जा देती है। भले ही यह ऊर्जा कम समय के लिए ही बनी रहे, पर इससे शूगर लैवल बढ़ और गिर सकता है और नींद में खलल पैदा हो सकता है।
- सोने से पहले 3-4 बार गहरी व लम्बी सांसें लें।
- नियमित रूप से दिन में कम से कम 20 मिनट के लिए व्यायाम करें। यह नींद का स्तर और समय दोनों को प्रभावित करेगा।

# गर्भवती मां के खान-पान से पड़ सकता है बच्चे के दिमाग पर असर

गर्भवती महिला के खानपान में वसायुक्त पदार्थों की अधिकता बच्चे के दिमाग को प्रभावित कर सकती है, जिससे आगे चलकर जीवन में बच्चे के मोटे होने की आशंका बढ़ जाती है। हाल ही में अमेरीका के येल स्कूल ऑफ मैडिसिन में जानवरों पर किए गए एक अध्ययन में यह पता चला कि वसायुक्त भोजन से चूहों के बच्चों के दिमाग में बदलाव आ गया। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि उनके इस अध्ययन से मोटे लोगों के बच्चों के भी आगे मोटे होने की व्याखया की जा सकती है। अध्ययन के दौरान कुछ चुहियों को वसायुक्त भोजन दिया गया और कुछ को सामान्य, जिन चुहियों को वसायुक्त भोजन दिया गया, उनके बच्चों के दिमाग में हाईपोथेलेमस वाले भाग में बदलाव देखा गया। दिमाग का यह भाग शरीर में उपापचय (मैटाबोलिज्म) की दर को नियंत्रित करता है।

